स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

लखनऊ, बृहस्पतिवार
3 जुलाई, 2025
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष 8
सं. 2082 वि.
वर्ष 78, अंक - 311 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर * *

मूल्य : 3 रुपये
epaper : epaper.swatantrabharat.net

भारत बनाम इंग्लैंड

भारत पहली पारी 183/3 ओवर 55

सोनिया-राहुल गांधी की बढ़ीं मुश्किलें

## नेशनल हेराल्ड अधिग्रहण में हुआ फर्जी लेन-देन

**नई दिल्ली।** नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं। ईडी ने अदालत में दावा किया है कि एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) के अधिग्रहण में फर्जी लेन-देन

### ईडी ने अदालत में किया दावा

किया गया। असिस्टेंट सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ईडी की तरफ से अदालत में पेश हुए। उन्होंने बताया कि यंग इंडियन नामक कंपनी ने एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड का अधिग्रहण किया। एजेएल की संपत्ति 2000 करोड़ रुपये है। एजेएल के अधिग्रहण के लिए ही यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड को बनाया गया था। राजू ने बताया कि एजेएल के निदेशक ने ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी को पत्र लिखा था, जिसमें कहा गया कि वे कर्ज चुकाने में सक्षम नहीं हैं क्योंकि अखबार का प्रकाशन बंद हो चुका है और उनके पास आय का कोई नियमित साधन नहीं है। एसवी राजू ने कहा कि यंग इंडियन में सोनिया गांधी, राहुल गांधी, सुमन दुबे और सैम पित्रोदा प्रबंधकीय पदों पर थे। राजू ने कहा कि कंपनी एजेएल के पास करीब 2000 करोड़ रुपये की संपत्ति है, जिसका 90 करोड़ रुपये के कर्ज के बदले अधिग्रहण कर लिया गया। यह एक धांधली है, जिसमें कोई असल लेन-देन नहीं हुआ। एजेएल का अधिग्रहण कांग्रेस ने नहीं किया बल्कि यंग इंडियन ने किया। यह एक साजिश के तहत किया गया।ईडी ने कहा कि कांग्रेस ने न ही ब्याज दिया और न ही जमानत और 90 करोड़ रुपये के कर्ज को सिर्फ 50 लाख रुपये में बेचा गया। सोनिया गांधी और राहुल गांधी के इशारे पर यह साजिश रची गई। एसवी राजू ने कहा कि यंग इंडियन में राहुल गांधी और सोनिया गांधी के 76 प्रतिशत शेयर हैं।



### क्या हैं आरोप

नेशनल हेराल्ड की स्थापना पूर्व पीएम पंडित जवाहर लाल नेहरू ने 1938 में की थी। इसे कांग्रेस का अखबार माना जाता था। साल 2008 में इसने कर्ज में फंसने के चलते काम बंद कर दिया। साल 2012 में सुब्रमण्यन स्वामी ने शिकायत दर्ज कराई, जिसमें आरोप लगाया कि कांग्रेस नेतृत्व ने यंग इंडियन लिमिटेड कंपनी के जरिए धोखाधड़ी से एजेएल की संपत्ति का अधिग्रहण किया है। इसके बाद ईडी ने इसकी जांच शुरू की।

## एअर इंडिया प्लेन के दोनों इंजन हो गए थे फेल!

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद से लंदन जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट एआई-171 के भीषण हादसे की शुरुआती जांच में इस दुर्घटना के कारणों को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। शुरुआती जांच में इस बात की

### शुरुआती जांच में मिल रहे संकेत

संभावना जताई जा रही है कि दोनों इंजनों के फेल हो जाने के कारण यह दुर्घटना हुई थी। एअरक्राफ्ट एक्सिडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) के सूत्रों ने इसकी जानकारी दी है। इस विमान हादसे में 241 यात्री और मेडिकल कॉलेज के छात्रों समेत कुल 270 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। जांच में सामने आया है कि रैम एअर टर्बाइन (आरएटी) केवल तब सक्रिय होती है जब दोनों इंजन बंद हो जाते हैं। हादसे से ठीक पहले यह सक्रिय हो गई थी।प्रारंभिक जांच के मुताबिक, विमान में दो जनरल इलेक्ट्रिक (जीई) इंजन लगे थे। एएआईबी इस बात की जांच कर रहा है कि क्या बिजली की खराबी, ईंधन में मिलावट या इंजन नियंत्रण प्रणाली की विफलता के कारण एक साथ बिजली चली गई। जीई ने फिलहाल इस रिपोर्ट पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है। एअर इंडिया ने भी कुछ बयान नहीं दिया है। एअर इंडिया द्वारा किए गए उड़ान सिमुलेशन में टेकऑफ के दौरान बोइंग 787 के लैंडिंग गियर और विंग फ्लैप वापस खींचे गए थे। वीडियो फुटेज से पुष्टि होती है विमान उड़ान भरने के बाद ऊंचाई पर नहीं जा सका और सीधा नीचे गिरा। वहीं, आरएटी की तैनाती दर्शाती है कि दोनों इंजन फेल हो चुके थे जो एक बेहद दुर्लभ स्थिति है। फिलहाल दो स्तर पर जांच जारी है। एएआईबी की तकनीकी टीम जांच कर रही है, जिसमें विमान के इंजन की विफलता और सिस्टम की पड़ताल की जांच की जा रही है। वहीं गृह सचिव के नेतृत्व में अलग जांच हो रही है जो मानवीय भूल या सुरक्षा में चूक की जांच पर केंद्रित है।



## संसद की सुरक्षा में सेंध के दो आरोपियों को जमानत

**नई दिल्ली।** संसद की सुरक्षा में चूक के मामले में दिल्ली हाई कोर्ट ने दो आरोपियों नीलम आजाद और महेश कुमावत को जमानत दे दी है। हाईकोर्ट ने आरोपियों को 50-50 हजार रुपये के निजी मुचलके और इतनी ही राशि की दो जमानतों पर राहत प्रदान की। बता दें कि 13 दिसंबर 2023 को संसद की सुरक्षा में सेंध लगाने के मामले में अन्य आरोपियों के साथ गिरफ्तार किया गया था। इससे पहले निचली अदालत ने आरोपियों की जमानत याचिका को खारिज कर दिया था। जिसके बाद आरोपियों ने निचली अदालत के आदेश को चुनौती दी थी। जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद और हरीश वैद्यनाथन शंकर की बेंच ने नीलम आजाद और महेश कुमावत को जमानत दी है। कोर्ट ने जमानत देने से पहले कुछ शर्तें भी रखी हैं। न्यायाधीश ने उन्हें मीडिया को साक्षात्कार न देने और घटना से संबंधित सोशल मीडिया पोस्ट न करने का भी निर्देश दिया।

## भाजपा की प्रेरणा सिर्फ राष्ट्र निर्माण : राजनाथ

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कांग्रेस और राजद पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और राजद जैसी पार्टियों का सिर्फ एक ही मकसद है, किसी भी तरह सत्ता में बने रहना। इसके विपरीत भारतीय जनता पार्टी का उद्देश्य हर भारतीय नागरिक को सम्मानजनक जीवन देना और ऐसी नीतियां बनाना है जिससे समाज के हर वर्ग का विकास हो सके।

रक्षा मंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि हर किसी को स्वाभिमान के साथ जीने का अधिकार मिले। उन्होंने कहा कि हम सभी मिलकर भारत की अर्थव्यवस्था को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई ऐसे प्रभावी कदम उठाए हैं, जिनकी पहले कभी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। उन्होंने कहा कि लोग यह सोच भी नहीं सकते थे कि कोई केंद्र सरकार इतना बड़ा आर्थिक बोझ उठा सकती है। उन्होंने कहा कि अगर वह सारी योजनाओं की विस्तार से चर्चा करने लगेंगे तो बहुत लंबा समय लग जाएगा, लेकिन सच्चाई यह है कि प्रधानमंत्री मोदी ने ऐसी नीतियां बनाई हैं जिनसे समाज के हर वर्ग को फायदा मिला है। ऐसा कोई वर्ग नहीं बचा जिसके लिए सरकार ने काम न किया हो।

राजनाथ सिंह ने दोहराया कि हर वर्ग को आत्म-सम्मान के साथ जीवन जीने का अधिकार सुनिश्चित करना भाजपा सरकार की प्राथमिकता रही है। उन्होंने कहा कि आज भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुकी है और जल्द ही तीसरे स्थान पर होगी। उन्होंने कहा कि लोगों को भरोसा रखना चाहिए कि बिहार भी तेजी से आगे बढ़ेगा और विकास की इस यात्रा में पीछे नहीं रहेगा।





## अमरनाथ यात्रा का पहला जत्था रवाना

**जम्मू।** अमरनाथ यात्रा के लिए बुधवार को पहला जत्था जम्मू से रवाना हो गया। उपराज्यपाल (एलजी) मनोज सिन्हा ने भगवती नगर बेस कैंप से जत्थे को झंडी दिखाई। इस दौरान श्रद्धालु हर हर महादेव और बम बम भोले के जयकारे लगाते रहे। आधिकारिक तौर पर यात्रा की शुरुआत 3 जुलाई से होगी।

38 दिन तक चलने वाली यात्रा पहलगाम और बालटाल दोनों रूटों से होगी। यात्रा का समापन 9 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन होगा। पिछले साल यात्रा 52 दिन चली थी और 5 लाख श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा के दर्शन किए थे। इस साल अब तक 3.5 लाख से ज्यादा तीर्थयात्री रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। तुरंत रजिस्ट्रेशन के लिए जम्मू में सरस्वती धाम, वैष्णवी धाम, पंचायत भवन और महाजन सभा में सेंटर खोले गए हैं। ये सेंटर रोज दो हजार श्रद्धालुओं का रजिस्ट्रेशन कर रहे हैं।

## भारत के साथ बहुत कम टैरिफ पर समझौता करेंगे : ट्रंप



**वॉशिंगटन।** डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के साथ व्यापार समझौते पर कहा है कि अमेरिका बहुत कम टैरिफ पर समझौता कर लेगा। उन्होंने कहा कि यह अलग तरह की डील होगी। रॉयटर्स के हवाले से जारी एक वीडियो में ट्रंप को व्यापार समझौते पर टिप्पणी करते देखा गया। ट्रंप ने कहा, मुझे लगता है कि हम भारत के साथ एक समझौता करने जा रहे हैं और यह एक अलग तरह का समझौता होगा। यह एक ऐसा समझौता होगा जिसमें हम आगे बढ़कर प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम होंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, अभी भारत किसी को भी स्वीकार नहीं करता है, लेकिन मुझे लगता है कि भारत ऐसा करने जा रहा है, और अगर वे ऐसा करते हैं, तो हम बहुत कम टैरिफ पर समझौता कर लेंगे। बता दें कि बीते दिनों ट्रंप ने कहा था कि अमेरिका समय सीमा समाप्त होने से पहले देशों को पत्र भेजेगा, जिसमें लिखा होगा कि हम आपको अमेरिका में खरीदारी करने की अनुमति दे रहे हैं, आपको 25, 35, 50 या 10 फीसदी टैरिफ देना होगा। उन्होंने कहा, हम देखेंगे कौन-सा देश हमें अच्छा या बुरा ट्रीट करता है। कुछ देशों से हमें फर्क नहीं पड़ता, उन्हें बस ज्यादा टैक्स देना होगा।

भारत चाहता है कि प्रस्तावित 26 फीसदी शुल्क वापस लिया जाए और स्टील व ऑटो पार्ट्स पर पहले से लगे अमेरिकी शुल्कों में छूट मिले। मगर अमेरिका पहले भारत से सोयाबीन, मक्का, कार और शराब पर आयात शुल्क घटाने और गैर-शुल्क बाधाओं को आसान करने की प्रतिबद्धता चाहता है।

## हिमाचल में बारिश से तबाही, दस लोगों की मौत

**शिमला।** पिछले 24 घंटों में बारिश और भूस्खलन से संबंधित घटनाओं में मरने वाले लोगों की संख्या 10 हो गई है, जब अधिकारियों ने कई लोगों के बह जाने के बाद दो और शव बरामद किए।

मंडी राज्य का सबसे ज़्यादा प्रभावित ज़िला रहा है, जहाँ अचानक बाढ़, भूस्खलन और बादल फटने की कई घटनाओं ने व्यापक तबाही मचाई है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने राज्य के लिए रेड अलर्ट जारी किया है, जिसमें अगले कुछ दिनों में अत्यधिक भारी बारिश, भूस्खलन और अचानक बाढ़ की चेतावनी दी गई है।

अधिकारियों ने निवासियों को सतर्क रहने और संवेदनशील क्षेत्रों में यात्रा करने से बचने की सलाह दी है।

बुधवार सुबह 10 बजे तक 282 सड़कें यातायात के लिए बंद रहीं। इसके अलावा 1,361 बिजली ट्रांसफार्मर और 639 जलापूर्ति योजनाएं प्रभावित हुई हैं।

## 'नए आपराधिक कानूनों से केवल भ्रम पैदा हुआ'

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने नए आपराधिक कानूनों को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने इन कानूनों को लागू करने को 'कट एंड पेस्ट'

### चिदंबरम बोले यह केवल 'कट एंड पेस्ट' एक्सरसाइज

एक्सरसाइज बताया। चिदंबरम ने कहा कि तीन नये आपराधिक कानूनों को लागू करना व्यर्थ का काम है। इनसे न्यायाधीशों, वकीलों और पुलिस के बीच न्याय प्रशासन में केवल भ्रम की स्थिति पैदा हुई है। चिदंबरम ने यह बयान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा नए आपराधिक कानूनों के एक साल पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम में इन्हें स्वतंत्र भारत में सबसे बड़ा सुधार करार दिए जाने पर दिया है। बीते दिन, राजधानी दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा था कि नए आपराधिक कानूनों से न्यायिक प्रक्रिया न केवल सस्ती और सुलभ होगी, बल्कि सरल, समयबद्ध और पारदर्शी भी होगी।

सरकार पर निशाना साधते हुए चिदंबरम ने कहा कि सरकार ने बार-बार दावा किया है कि तीन आपराधिक कानून विधेयक, जो अब अधिनियम बन चुके हैं, आजादी के बाद के सबसे बड़े सुधार हैं, लेकिन यह सच से बहुत दूर है। उन्होंने कहा कि मैंने तीनों विधेयकों की जांच करने वाली संसदीय स्थायी समिति को अपना असहमति नोट भेजा था। इतना ही नहीं यह संसद में पेश की गई रिपोर्ट में भी शामिल है। अपने असहमति नोट में आईपीसी, सीआरपीसी और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धाराओं की तुलना संबंधित नए विधेयक से करने के बाद, मैंने कहा था कि यह केवल कट-पेस्ट एक्सरसाइज है। नए विधेयक में आईपीसी का 90-95 प्रतिशत, सीआरपीसी का 95 प्रतिशत और साक्ष्य अधिनियम का 99 प्रतिशत हिस्सा काट-छांट कर शामिल किया गया है।



## दोगुना किराया वसूल सकेंगे एप बेस्ड कैब एग्रीगेटर

**नई दिल्ली।** सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने 2025 के लिए मोटर व्हीकल एग्रीगेटर गाइडलाइंस जारी की हैं। इन गाइडलाइंस के तहत कैब एग्रीगेटर्स (जैसे ओला, उबर वगैरह)

### सरकार ने जारी किए दिशा-निर्देश

को अब पीक आवर्स यानी सबसे ज्यादा मांग वाले समय में बेस किराए का दोगुना चार्ज करने की अनुमति मिल गई है। पहले ये सीमा 1.5 गुना थी। वहीं, नॉन-पीक ऑवर्स में न्यूनतम किराया बेस फेयर का 50 प्रतिशत रखना अनिवार्य होगा। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने अपने मोटर वाहन एग्रीगेटर दिशानिर्देश 2025% में कहा है कि एग्रीगेटर को आधार किराये से न्यूनतम 50 प्रतिशत कम किराया लेने तथा उप-खण्ड (17.1) के तहत निर्दिष्ट आधार किराये से अधिकतम दो गुना डायनैमिक प्राइसिंग की अनुमति होगी। नई गाइडलाइंस के अनुसार, बेस फेयर कम से कम 3 किलोमीटर के लिए तय किया जाएगा। इसका मकसद डेड माइलेज को कवर करना है। यानी वह दूरी जो ड्राइवर बिना सवारी के तय करता है या किसी सवारी को लेने के लिए यात्रा करता है। इससे ड्राइवर को बेहतर मुआवजा मिलेगा। गाइडलाइंस में यह भी साफ किया गया है कि अलग-अलग कैटेगरी या क्लास की गाड़ियों के लिए राज्य सरकार जो किराया तय करेगी, वही एग्रीगेटर का बेस फेयर माना जाएगा।

## सीएम तो पूरे पांच साल रहूंगा : सिद्धारमैया

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया का कहना है कि वह पूरे 5 साल मुख्यमंत्री बने रहेंगे। उनका यह बयान डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार और उनके समर्थकों के लिए झटका है, जो मंगलवार तक

### बेकार हो गई डिप्टी सीएम शिवकुमार जोर आजमाइश

दावा कर रहे थे कि 100 विधायक उनके साथ हैं। शिवकुमार समर्थकों का कहना था कि यह सबसे सही समय है, जब मुख्यमंत्री बदल दिया जाए। ऐसा नहीं हुआ तो फिर अगले चुनाव में कांग्रेस के लिए जीतना मुश्किल होगा। बुधवार को सिद्धारमैया ने कहा, हां मैं मुख्यमंत्री हूं। आखिर आपको कोई संदेह क्यों है? उनसे पूछा गया कि भाजपा और जेडीएस की ओर से दावा किया जा रहा है कि जल्दी ही बदलाव होना है। इस पर सिद्धारमैया ने कहा कि क्या हमारे हाईकमान ये लोग हैं।

एक तरफ सिद्धारमैया ने सीएम पद पर बने रहने की बात कही है तो डीके शिवकुमार का खेमा अब नरम पड़ता दिख रहा है। यहां तक कि शिवकुमार ने अब अपने ही समर्थकों के बयान पर ऐतराज जता दिया है। उन्होंने कहा है कि वह विधायक इकबाल हुसैन को कारण बताओ नोटिस जारी करेंगे। इकबाल हुसैन ने ही दावा किया था कि हमारे पास 100 विधायकों का समर्थन है, जो चाहते हैं कि डीके शिवकुमार को ही सीएम बना दिया जाए। हुसैन का कहना था कि हमारी यह मांग है और हम इस मसले को हाईकमान के सामने भी रखेंगे।

दरअसल डीके शिवकुमार गुट की जोर-आजमाइश सोनिया गांधी और राहुल गांधी के दरबार तक पहुंची थी। राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे ने तो साफ कहा था कि इस पर फैसला हाईकमान लेगा। फिर मंगलवार को रणदीप सुरजेवाला पहुंचे तो उन्होंने डीके शिवकुमार को साथ बिठाकर मीडिया से बात की और अंत में सब कुछ शांत जैसा करा दिया है।



## ओबीसी युवाओं को अब मुफ्त तकनीकी प्रशिक्षण

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** प्रदेश सरकार द्वारा संचालित कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना 2025-26 के तहत अन्य पिछड़े वर्ग (ओबीसी) के युवाओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। योजना के अंतर्गत 14 जुलाई 2025 तक आवेदन स्वीकार

### ओ लेवल व सीसीसी कंप्यूटर प्रशिक्षण का मिलेगा लाभ

किए जा रहे हैं। इस योजना के लिए वर्ष 2025-26 में 35.00 करोड़ की राशि प्राविधानित की गई है। आवेदन https:// obccomputertraining.upsdc.gov.in/ पोर्टल के माध्यम से किए जा सकते हैं। योजना के अंतर्गत इस बार कुल 435 संस्थाओं ने आवेदन किया था, जिनमें से नियमों के अनुरूप पात्र 299 संस्थाओं का चयन किया गया। इनमें 52 संस्थाएं ओ लेवल, 43 संस्थाएं सीसीसी और 204 संस्थाएं दोनों प्रकार के प्रशिक्षण प्रदान करेंगी। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार योजना के तहत इंटरमीडिएट पास बेरोजगार युवक-युवतियां, जिनके अभिभावकों की वार्षिक आय 1 लाख या उससे कम है, वे लाभार्थी बन सकते हैं। ओ लेवल कोर्स की 1 वर्ष की अवधि होती है, जिसमें 15,000 तक की सहायता मिलती है। वहीं, सीसीसी कोर्स की 3 माह की अवधि है, जिसमें 3,500 तक की सहायता दी जाती है। यह सहायता प्रत्यक्ष रूप से चयनित संस्थाओं को दी जाएगी। यदि किसी लाभार्थी ने खुद शुल्क अदा किया है तो प्रमाण-पत्र सत्यापन के बाद उसे भुगतान किया जाएगा। संस्थाओं का चयन निदेशक स्तर पर गठित समिति द्वारा किया जाता है, जबकि लाभार्थियों का चयन जनपद स्तर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा किया जाएगा। योजना की नियमावली में संशोधन कर 9 अप्रैल 2025 को निदेशालय द्वारा संशोधित प्रस्ताव जारी किया गया था।

## हाईकोर्ट पहुंचा सरकारी स्कूलों के विलय का मामला

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों के मर्जर (विलय) आदेश को हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ में चुनौती दी गई है। याचिकाओं पर 3 जुलाई को सुनवाई की जाएगी। पहली याचिका, सीतापुर के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्कूलों में पढ़ने वाले 51 बच्चों ने दाखिल की है। जबकि, इसी मामले में एक अन्य याचिका भी दाखिल हुई है। इनमें बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा बीती 16 जून को जारी उस आदेश को चुनौती देकर रद्द करने का आग्रह किया गया है जिसके तहत प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों की संख्या के आधार पर उच्च प्राथमिक या कंपोजिट स्कूलों में विलय करने का प्रावधान किया गया है।

## कोरोना वैक्सीन और अचानक होने वाली मौतों के बीच कोई संबंध नहीं

**नई दिल्ली।** इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) और एम्स ने मिलकर एक अध्ययन किया है, जिसके आधार पर दावा किया गया है कि देश में हो रहीं अचानक मौतों की वजह कोरोना वैक्सीन नहीं है। देश में 40 साल से कम उम्र के लोगों में हार्ट अटैक के मामले बढ़े हैं और खासकर कोरोना महामारी

### आईसीएमआर-एम्स के शोध में दावा

के बाद इनमें खासी बढ़ोतरी हुई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने भी इस बात की पुष्टि की है कि कोरोना वैक्सीन और युवाओं में दिल का दौरा पड़ने में कोई संबंध नहीं है। दरअसल कर्नाटक के हासन जिले में दिल का दौरा पड़ने से कई युवाओं की मौत हुई है, जिसके बाद कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने अपने एक बयान में दिल का दौरा पड़ने के लिए कोरोना वैक्सीन को जिम्मेदार बताया था, लेकिन केंद्र सरकार ने उनके दावे को खारिज कर दिया है। सिद्धारमैया ने मंगलवार को कहा कि जल्दबाजी में कोरोना वैक्सीन को मंजूरी दी गई और फिर तेजी से वैक्सीन का वितरण किया गया, ऐसे में हो सकता है कि अचानक हो रही मौतों की वजह कोरोना वैक्सीन भी हो सकती है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अगर किसी को भी सीने में दर्द, या सांस लेने में तकलीफ की समस्या हो तो तुरंत नजदीकी अस्पताल में अपना चेकअप कराएं और लक्षणों को बिल्कुल भी नजरअंदाज न करें।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि अचानक हो रहीं मौतों की देश की विभिन्न एजेंसियों ने जांच की है और जांच में पाया गया है कि इनका कोरोना वैक्सीन से कोई सीधा संबंध नहीं हैं। आईसीएमआर और नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल ने भी अपने अध्ययन में इसकी पुष्टि की है। सरकार ने कहा कि कोरोना वैक्सीन सुरक्षित और प्रभावकारी है और इसके दुर्लभ ही किसी पर गंभीर परिणाम दिखे हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि अचानक हो रही मौतों के कई कारण हो सकते हैं, जिनमें जेनेटिक्स, हमारा रहन-सहन और दिनचर्या, पहले से कोई बीमारी और कोरोना संक्रमित होने के बाद की दिक्कतें शामिल हैं।

आईसीएमआर और एनसीडीसी ने 18 से 45 साल के लोगों के बीच अध्ययन किया। यह अध्ययन मई 2023 से लेकर अगस्त 2023 तक 47 क्षेत्रीय अस्पतालों और 19 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में किया गया। इस अध्ययन में उन लोगों की जांच की गई जो अक्तूबर 2021 से लेकर मार्च 2023 के बीच अचानक मौत का शिकार हुए। अध्ययन में पता चला कि इन अचानक मौतों का कोरोना वैक्सीन से संबंध नहीं है। अब एम्स द्वारा भी ऐसा ही एक अध्ययन किया जा रहा है, जिसकी फंडिंग आईसीएमआर द्वारा की गई है। अध्ययन में पाया गया है कि जेनेटिक म्यूटेशन के चलते दिल का दौरा पड़ने जैसी घटनाएं बढ़ी हैं। अभी अध्ययन चल रहा है और इसके पूरा होने के बाद ही रिपोर्ट सार्वजनिक की जाएगी। सरकार ने चेताया कि जो दावे किए जा रहे हैं, वे आधारहीन हैं और इनसे आम जनता का कोरोना वैक्सीन में विश्वास कमजोर होगा, जबकि कोरोना वैक्सीन की वजह से ही कोरोना महामारी के दौरान लाखों लोगों की जान बची थी।



# बगीचे में मिला प्रेमी जोड़े का शव, हत्या की आशंका

## मौके पर पहुंची फोरेंसिक टीम के हाथ लगे कई सुराग

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**कुशीनगर।** जनपद के तमकुहीराज थाना क्षेत्र के परसौनी गांव में बुधवार को आम के बागीचे में युगल प्रेमी जोडे की शव पेड़ से लटकी हुई मिलीं। मौके की स्थिति व पुलिस की प्रारम्भिक जांच में यह स्पष्ट हो गया कि हत्या के बाद युवक-युवती के शव पेड से लटकाया गया है। इस घटना को लेकर क्षेत्र में हड़कंप मच गया। युवक के सिर पर चोट के निशान व पैंट पर खून के धब्बे थे जबकि किशोरी का चेहरा बुरी तरह से कुचल दिया गया था। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पुलिस ने दोनो शव को कब्जे में लेकर पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की कार्रवाई में जुट गयी।



तमकुहीराज थाना क्षेत्र के परसौनी गांव मे स्थित आम के बागीचे में एक युवक व किशोरी के शव संदिग्ध परिस्थिति में पेड़ से लटका हुआ मिला। मृतकों की पहचान गांव के ही बीस वर्षीय राहुल निषाद पुत्र अशर्फी निषाद व पडोसी पन्द्रह वर्षीय आशु कुशवाहा पुत्री रामदेव कुशवाहा के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि इन दिनों के बीच प्रेम-प्रसंग चल रहा था। राहुल तीन बहनों में इकलौता भाई था जो इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण कर लिया था वहीं आशु आठवीं की छात्रा थी और अपने घर की सबसे छोटी थी, गांव वालों की मानें तो दोनों के बीच पिछले कुछ समय से नजदीकियां थीं, लेकिन लड़की के परिवार को यह रिश्ता मंजूर नहीं था। किशोरी के पिता का कहना है कि उसकी की मंगलवार की सुबह से गायब थी इसकी तहरीर भी पुलिस को दी गयी थी।

**युवक की बहन बोली:** राहुल की बहन सिंधु ने बताया कि दोनों की बातचीत को लेकर आशु के घर में आए दिन विवाद होता था। कई बार झगड़ा और मारपीट तक हुई थी, जिसके बाद पंचायत के माध्यम से मामला सुलझा था, आशु की भाभी अपने मोबाइल से दोनों की बात कराती थी। गांव के लोग अभी भी इस भयावह घटना को समझ नहीं पा रहे। जिस बाग में बच्चे खेला करते थे, वहां दो मासूमों का शव झूलती मिलीं है चर्चा का विषय बना हुआ है। मां-बाप की चीखें और बहनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## पुलिस कर रही है जांच-पड़ताल



थानाध्यक्ष सुशील कुमार शुक्ल का कहना है कि मामला बेहद संदिग्ध है। हर पहलू की गहराई से जांच की जा रही है। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से अहम सुराग जुटाए हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट कहा जा सकेगा कि यह आत्महत्या है या हत्या। फिलहाल मामले में कार्रवाई की जा रही है।

### पुलिस के हाथ लगे सुराग

घटनास्थल से पुलिस के हाथ लगे तमाम सुराग राहुल-आशु की मौत को हत्या की ओर इशारा कर रहा है। राहुल के सिर पर चोट व पैंट पर खून का धब्बा और आशु का कुचला हुआ चेहरा आत्महत्या से इतर की कहानी बयां कर रही है। युवक के परिजनों ने इसे हत्या करार देते हुए आरोप लगाय है कि आशु के दो चचेरे भाई और उनका एक साथी पहले से साजिश रच रहे थे। परिजन इस बात को भी संदिग्ध मान रहे हैं कि फांसी में इस्तेमाल की गई रस्सी विदेशी थी, जबकि उनका एक रिश्तेदार विदेश में रहता है।

# शिकायतकर्ता के बेटे की गोली मार कर हत्या

## संतोष यादव ने पेठिया लश्करी ग्राम पंचायत में हुए विकास कार्यों की लोकायुक्त से की थी शिकायत

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**दुबौलिया, बस्ती।** ग्राम पंचायत में हुए विकास योजनाओं में भ्रष्टाचार की शिकायत करना एक बाप को भारी पड़ गया उसके इकलौते नाबालिग बेटे की गोली मार कर हत्या कर दी गई।

दुबौलिया ब्लाक क्षेत्र के पेठिया लश्करी ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधान एवं सचिव की मिली भगत से लाखों रुपये गबन की शिकायत लोकायुक्त एवं डीएम से होने पर दुबौलिया थाना क्षेत्र के नियामतपुर गांव निवासी संतोष यादव पुत्र हृदय राम यादव को जान से मारने के लिए प्रधान के परिजन घेराबंदी में लगे थे। पिछले जून माह में हर्रैया तहसील परिसर में शिकायत कर्ता संतोष यादव उर्फजमालू को प्रधान पक्ष के कुछ लोगों ने मारने का प्रयास किया था जिसकी तहरीर हर्रैया थाने पर दिया गया, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसके पहले शिकायतकर्ता के फूस की झोपड़ी, जिसमें पैंसठ बोरा गेहूं भूसे में रखा था जलाकर राख कर दिया गया, जिसकी तहरीर दुबौलिया थाने पर दी गई थी। ग्राम प्रधान के विरुद्ध जांच चल रही है जिस पर जिलाधिकारी ने प्रधान और पंचायत सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी किया है पिछ्ले सप्ताह शिकायत कर्ता संतोष यादव ने मंडलायुक्त को भी शिकायत पत्र दिया था। शिकायत कर्ता संतोष यादव उर्फ जमालू ने सोलह जून को पुलिस अधीक्षक सहित डीजीपी को भेजे पत्र में पंचायत सचिव विनय कुमार शुक्ल, संतोष यादव उर्फबब्बन, अशोक यादव, राहुल यादव एवं अमर प्रताप यादव से अपने तथा परिवार के सदस्यों की आशंका से अवगत कराते हुए कार्यवाही की मांग की थी। शिकायत कर्ता संतोष यादव लगातार यह शिकायत कर रहे थे कि पंचायत सचिव के उकसावे में आकर प्रधान पक्ष मेरी हत्या की फिराक में लगे हैं। लेकिन पुलिस की तरफ से कोई ठोस कार्रवाई न होने से प्रधान पक्ष का मनोबल बढ़ता गया, जिसका नतीजा है कि एक जुलाई को रात 11 बजे दरवाजे पर सो रहे, नाबालिग बेटे अशोक यादव 16 वर्ष को गोली मार दी गई। आनन फानन में परिजन मेडिकल कॉलेज अयोध्या ले गये, लेकिन हालत गंभीर देख डा मेडिकल कॉलेज लखनऊ रेफर कर दिए, जहां इलाज के दौरान किशोर की मौत हो गई। नियामतपुर में गोली चलने की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी प्रदीप सिंह भारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और उच्चाधिकारियों को सूचित किया। रात में ही पुलिस अधीक्षक अभिनंदन सीओ सदर सत्येन्द्र भूषण तिवारी के साथ मौके पर पहुंच कर पूरी जानकारी हासिल किए पुलिस ने जल्दबाजी में मृतक के बाबा हृदय राम यादव की तहरीर पर चार नामजद आरोपियों पर केस दर्ज कर जांच कर रही है।



# फांसी लगाकर युवक ने दी जान

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**आनन्दनगर।** फरेंदा सर्किल के पुरन्दरपुर थाना क्षेत्र के बढ़या गांव में एक युवक ने फांसी लगाकर अपने जीवन लीला को समाप्त कर लिया।इस घटना से गांव समेत क्षेत्र की गलियों में शोक की लहर दौड़ पड़ी। बरहाल मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।इस मामले में पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई हैं।मृतक की पहचान सर्वेश कुमार (30) के रूप में हुई है। वह पूर्व ग्राम प्रधान रामकुमार कन्नौजिया के पुत्र थे। ग्रामीणों के मुताबिक सर्वेश ने पत्नी के दुपट्टे का उपयोग कर पंखे से लटककर फांसी पर लटक कर मौत को गले लगा लिया हैं और इस दुनिया को अलविदा कह दिया।लोगों ने बताया कि पत्नी कुछ दिनों से मायके में रह रही थी। घटना की जानकारी होने पर वह रोते बिलखते ससुराल उसी रात पहुंची।घटना की सूचना मिलते ही पुरन्दरपुर थाना प्रभारी मनोज कुमार राय मौके पर पहुंचे।फरेंदा सीओ दीपशिखा वर्मा और महराजगंज की फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया।सर्वेश की शादी 10 मार्च 2018 को हुई थी और उनके दो बच्चे हैं। वह बीते पंचायती चुनाव में क्षेत्र पंचायत सदस्य का चुनाव लड़े थे, लेकिन कुछ वोटों से हार गए थे। वह पिता के बाद अपने परिवार में पहली बार राजनीति में कदम रखें थे।घटना उनके जन्मदिन से एक दिन पहले की है। वह बहुत ही मिलनसार और सरल स्वभाव के युवक थें।थाना प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।मौत का सटीक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

# युवक पर चोरी का आरोप, दी तहरीर

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** ढेबरुआ थाना चौकी क्षेत्र के अंतर्गत अंतर्गत स्थित ग्राम मधवानगर मे बीती रात को चोरी की एक घटना को लेकर गाँव के निवासी गौतम द्विवेदी ने गाँव के ही एक व्यक्ति पर चोरी का गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस चौकी बढ़नी में लिखित तहरीर दी है।

पीड़ित का आरोप है कि मंगलवार रात 12 बजे गांव का निवासी एक व्यक्ति रामू यादव उर्फ दरोगा यादव पुत्र चिन्के यादव ने हमारे चाचा जयशंकर पुत्र स्व वंशीधर के घर मे घुस कर सोने का एक मंगलसूत्र, अंगूठी, बिछिया, और घर रखा पाँच हजार नगद लेकर भाग रहा था की उसका चप्पल छुट गया। चौकी प्रभारी बढ़नी अनिरुद्ध सिंह ने बताया की तहरीर मिली है मामले की जांच की जा रही है।

# फूड पॉइजनिंग से आठ बच्चों समेत 10 लोग बीमार

## एक ही परिवार के चार मासूम बच्चे भी हैं शामिल, कप्तानगंज सीएचसी में भर्ती

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**कुशीनगर।** जनपद के कप्तानगंज तहसील अंतर्गत खोटही गांव के टोला सितापट्टी में फूड पॉइजनिंग की गंभीर घटना सामने आई है।

रविवार की रात भोज के बचे हुए भोजन को खाने के बाद 8 मासूम बच्चों सहित कुल 10 लोग बीमार पड़ गए, जिन्हें गंभीर हालत में कप्तानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराया गया। सभी की स्थिति अब स्थिर बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव निवासी दिलीप गुप्ता के घर लिंटर डालने के अवसर पर मंगलवार की रात भोज का आयोजन किया गया था। भोज में ताजे भोजन से किसी को कोई दिक्कत नहीं हुई, लेकिन रात को बचा खाना सुबह दिलीप की पत्नी द्वारा पटीदारों में बांटा गया। इसी बचे हुए भोजन के सेवन के बाद उल्टी-दस्त और बुखार की शिकायत शुरू हुई, जिससे गांव में हड़कंप मच गया। बीमार बच्चों में रूचि (11 वर्ष) पुत्री उमापति गुप्ता,राज (4 वर्ष) पुत्र उमापति गुप्ता,परिधि (6 वर्ष) पुत्री उमापति गुप्ता, अनमोल (5 वर्ष) पुत्र उमापति गुप्ता, प्रतिमा (4 वर्ष) पुत्री विजयलाल गुप्ता, अभिनव (9 वर्ष) पुत्र विजयलाल गुप्ता,अंशिका (11 वर्ष) पुत्री विजयलाल गुप्ता,लाडली (5 वर्ष) पुत्री सुदर्शन,अमरचंद गुप्ता (30 वर्ष) पुत्र मोती गुप्ता,कमली देवी (50 वर्ष) पत्नी मोती गुप्ता शामिल हैं। बीमारी के लक्षण दिखते ही सभी को एम्बुलेंस के माध्यम से सीएचसी कप्तानगंज लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें भर्ती कर लिया गया। उक्त सम्बन्ध में सीएचसी प्रभारी डॉ. सूर्यभान कुशवाहा ने बताया कि सभी मरीजों को उचित चिकित्सा सुविधा दी जा रही है। प्राथमिक जांच में मामला मछली युक्त भोजन के विषाक्त होने से उत्पन्न फूड पॉइजनिंग का प्रतीत होता है। स्थिति अब नियंत्रण में है और सभी मरीज खतरे से बाहर हैं।





# सरयू में कूदी महिला का नहीं मिला सुराग

**दुबौलिया, बस्ती।** क्षेत्र के पेठिया लश्करी गांव के सामने बुधवार की दोपहर एक महिला बंधे के नीचे आई और सरयू मे छलांग लगा दी वहां मौजूद कुछ लोग देखते रह गए उसको बचाने के लिए एक अधेड ने अपनी लाठी पकड़ाई लेकिन उसने लाठी नही पकड़ी और धारा में बह गई मौके पर मौजूद नाविकों ने भी प्रयास किया लेकिन असफल रहे। आखिर महिला कौन थी नदी मे क्यों कूदी इसका कुछ पता समाचार लिखने तक नही चल सका है। नदी में कूदने की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दिया। थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि दोपहर पेठिया लश्करी गांव के सामने एक महिला साड़ी पहने हुई थी और अचानक सरयू में कूद गई थी।

# अनियंत्रित वाहन की टक्कर से एक की मौत, दो घायल

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**आनन्दनगर।** फरेंदा तहसील के क्षेत्र पुरन्दरपुर अंतर्गत सुधारपुर चौराहे पर बुधवार को दिन में लगभग 11 बजे अनियंत्रित ट्रेल के चपेट में आ जाने से एक की दर्दनाक मौत हो गई जबकि दों लोग बुरी तरह से घायल हो गए घायलों में पति -पत्नी थें जिन्हें गंभीर अवस्था में अस्पताल भेजा गया। घटना की जानकारी होने पर घटना स्थल पर पहुंची पुरन्दरपुर पुलिस शव कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया।



बताया जाता है कि रानीपुर समरधीरा मार्ग के सुधारपुर चौराहे पर स्थित व्यक्ति जयकुमार पुत्र चिन्नू 58 वर्षीय अपने आवास पर बाइक और साइकिल पंचर की दुकान चलाते थें ।बुधवार को दिन में लगभग 11 बजे ग्राम पंचायत मनिक तालाब निवासी सनोज उम्र 42,पत्नी पुष्पा उम्र 49 के साथ खड़े होकर बाइक की पंचर बनवा रहे थे तभी समरधीरा के तरफ से तेज रफ्तार में जा रहीं ट्रेलर अनियंत्रित होकर उक्त दुकान में जा घुसा जिससे पंचर बना रहे व्यक्ति की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। जबकि पंचर बनवा रहें पति -पत्नी बुरी तरह से घायल हो गए घटना की जानकारी होते ही मौके पर स्थानीय पुलिस पहुंच कर घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी बनकटी भेजवाया , जबकि मृतक व्यक्ति के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा तैयार पीएम के लिए भेज दिया है।घटना की जानकारी होने पर सीओ फरेंदा दीपशिखा वर्मा भी मौके पर पहुंची और घटना का जायजा लीं और कार्रवाई का करने का निर्देश दीं। घटना स्थल पर पूर्व विधायक मुन्ना सिंह और पूर्व विधायक अमन मणि त्रिपाठी द्वारा पहुंच कर पीड़ित परिवारों को हर संभव मदद के लिए आश्वासन दिया।

# डिप्टी सीएमओ ने की जांच



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**तमकुहीराज, कुशीनगर।** डिप्टी सीएमओ और जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ने तमकुहीराज सामुदायिक केन्द्र का निरीक्षण कर जेई वार्ड भर्ती वार्ड ओपीडी पैथोलॉजी सहित सरकार दौरा संचालित हो रही विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी लिया।

डिप्टी सीएमओ राकेश गुप्ता और जिला प्रतिरक्षण अधिकारी मुकेश यादव के साथ पहुंच कर सीएचसी तमकुहीराज का जांच किया डिप्टी सीएमओ ने उपस्थित पंजिका जनरल वार्ड दवा की उपलब्धता पैथोलॉजी जच्चा बच्चा केंद्र की जांच किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उनके द्वारा सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं आयुष्मान कार्ड योजना टीकारण योजनाओं का जाच किया उनके द्वारा भर्ती मरीजों से मिल उनका हाल जाना और पूछा की गर्भवती मरीजो को समय से खाना मिल रहा की नही इसमे किसी प्रकार की लापरवाही न हो। इस दौरान डॉ. विकास यादव डॉ. दिग्विजय राय डॉ. मजहर आलम डॉ. राजीव कुमार राय उपस्थित थे।

# सुरक्षा को लेकर बेफिक्र रहें चिकित्सक : डॉ. अनिल

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**बस्ती।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की ओर से मालवीय रोड स्थित एक होटल के सभागार में डाक्टर्स डे का आयोजन किया गया। इसमे शहर के कई नामचीन चिकित्सक सम्मानित हुए साथ ही पेशे से जुड़ी समस्याओं और गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा हुई। आईएमए अध्यक्ष डा अनिल कुमार श्रीवास्तव, पूर्व अध्यक्ष डा नवीन कुमार व अन्य पदाधिकारियों ने कार्यक्रम की मुख्य अतिथि, आईएमए की प्रदेश उपाध्यक्ष डा वीना टंडन को पुष्प गुच्छ, अंगवस्त्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन में डाक्टर्स डे की बधाइयां व शुभकामनायें देते हुए कहा सेवा संकल्पों पर चिकित्सा पेशे की नींव रखी गई है। चिकित्सा की कोई विधा हो सेवा भावना नही है तो कोई लम्बी अवधि तक इस क्षेत्र में सक्रिय नही रह सकता। हालांकि चुनौतियां भी कम नही हैं।



आईएमए अध्यक्ष डा अनिल कुमार श्रीवास्तव ने कहा डाक्टर अपनी और अपने चिकित्सा संस्थानों की सुरक्षा को लेकर बेफिक्र हो जाएं तो परिणाम गुणात्मक रूप में बेहतर होंगे। वक्ताओं ने डा विधान चन्द्र राय के योगदान और उनके जीवन वृत्त को याद किया। कार्यक्रम में डा कैप्टन एससी मिश्र, डा कैप्टन श्रीमती पीएल मिश्रा, डा आरएन चौधरी, डा एसी श्रीवास्तव, डा जीपी शर्मा, डा एएस खान, डा अश्वनी सिंह, डा श्रीमती प्रमिला सिंह, डा एमएम सिंह, डा केके तिवारी, डा अनिल कुमार श्रीवास्तव, डा जेबी सिंह, डा पीएन सिंह, डा सलीम अहमद आदि सम्मानित किए गये। इस दौरान डा नवीन कुमार, डा अभिजात कुमार, डा दिव्यजात कुमार, डा राजेंद्र सिंह, डा एपीडी द्विवेदी, डा रंगजी द्विवेदी, डॉ नवीन कुमार चौधरी, डा पीके श्रीवास्तव, डॉ प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, डा प्रमोद कुमार चौधरी, डा सत्येंद्र राय, डा एसएम ओझा, डा अनिल कुमार चौधरी, डा एनके श्रीवास्तव, डा अनिल श्रीवास्तव, डा शशि श्रीवास्तव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# निरीक्षण में तीन आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मिलीं गैरहाजिर

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**महराजगंज।** जिले में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और सक्रियता बढ़ाने को लेकर बुधवार को पांच आयुष्मान आरोग्य मंदिरों सहित छह स्वास्थ्य केंद्रों का संयुक्त निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दल में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. राकेश कुमार, डिप्टी सीएमओ डॉ. वीर विक्रम सिंह और जिला कार्यक्रम प्रबंधक नीरज सिंह शामिल रहे। अधिकारियों ने सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएचओ) को निर्देशित किया कि वे प्रत्येक दिन कम से कम 20 ओपीडी और 5 ई-संजीवनी परामर्श अनिवार्य रूप से करें।



निरीक्षण के दौरान बड़हरारानी केंद्र पर सीएचओ वसीमाबानों, एएनएम उर्मिला पटेल, आशा शकुन्तला और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गीता मौर्य उपस्थित रहीं। यहां जून माह में 425 ओपीडी, 145 ई-संजीवनी और 170 एनसीडी स्क्रीनिंग की गई, लेकिन किसी भी लाभार्थी का आभा आईडी नहीं बनाया गया था। साथ ही नियमित टीकाकरण के लिए ड्यूलिस्ट अपडेट नहीं मिली, जिस पर एसीएमओ ने एएनएम और आशा को फटकार लगाई। जंगल फरजंदअली केंद्र पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुशीला गैरहाजिर पाई गईं, जबकि अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित मिले। पकड़ी नौनिया केंद्र में सभी संबंधित कर्मचारी उपस्थित मिले और कार्य संतोषजनक पाया गया। दुबौली केंद्र पर भी कार्य प्रगति पर मिला लेकिन रम्हौली वीएचएसएनडी सत्र में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता किरन और संजु की अनुपस्थिति पाई गई। अधिकारियों ने सभी सीएचओ से ई-संजीवनी सेवाओं को सुदृढ़ करने, एनसीडी स्क्रीनिंग को प्राथमिकता देने तथा टीकाकरण के ड्यूलिस्ट अपडेट रखने के निर्देश दिए।

# सपा नेताओं ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**तमकुही कुशीनगर।** क्षेत्र से जुड़े तेरह सूत्रीय मांगों को लेकर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सपा नेता मधुरश्याम राय की अगुवाई में दो दिवसीय पद यात्रा निकालने के बाद तमकुहीराज तहसील मुख्यालय पहुंच कर विरोध प्रदर्शन किया। लगभग एक घंटे तक चले प्रदर्शन के बाद उन्होंने राज्यपाल को संबोधित पत्रक नायब तहसीलदार को देकर कारवाई की मांग की।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत तमकुहीराज के सपा कार्यकर्ताओं ने वरिष्ठ नेता मधुर श्याम राय की अगुवाई में सपा सुप्रीमो एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन तहसील क्षेत्र के सिसवा नाहर में बीते मंगलवार को मनाया। पहले दिन मंगलवार को सपा कार्यकर्ताओं ने सिसवा नाहर से पद यात्रा की शुरुआत करके बेदूपार, दनियाडी, गड़हिया पाठक, तरया सुजान आदि गांव से गुजरते हुए भूलिया बाजार में रात्रि विश्राम किया। दूसरे दिन बुधवार को भूलिया बाजार से पद यात्रा की शुरुआत करके पिपरा अगरवा, चखनी, कोइनंदी बाजार होते हुए 24 किमी की पद यात्रा तमकुहीराज तहसील मुख्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने एसडीएम कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन के बाद कार्यकर्ताओं ने तमकुहीराज में ट्रामा सेंटर का निर्माण करने, शुगर फैक्ट्री का निर्माण करने, सलेमगढ़ से अहिरौलीदान तथा अहिरौली दान से अमवा खास तक स्टेट हाइवे का निर्माण कर जिला मुख्यालय से जोड़ने, अहिरौली दान, अमवा दीगर मे पीले के पुल का निर्माण करने सहित तेरह सूत्रीय मांग पत्र को दिया। इस दौरान जाकिर हुसैन, शिबू यादव, शक्तिधर उपाध्याय, विकास यादव, बबलू अली गाजी, सुधीर, बुनेला प्रसाद, संतोष चौहान आदि मौजूद रहे।



# बूढ़ी राप्ती नदी को संरक्षित कर बनाएं जनोपयोगी : डीएम



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**संतकबीरनगर।** डीएम आलोक कुमार द्वारा मेहदावल अवस्थित नदी बूढ़ी राप्ती का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी जयप्रकाश व सीडीओ जयकेश त्रिपाठी उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि शासन की मंशा के अनुसार एक महत्वपूर्ण परियोजना के क्रम में प्रत्येक जिले में लुप्तप्राय नदियों को पुनर्जीवित किया जाने का कार्य किया जाना है, इसी के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा बूढ़ी राप्ती नदी का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा निरीक्षण के समय उपस्थित अधिकारीगण को इस आशय से निर्देशित किया गया कि विभिन्न तकनीकी बिंदुओं के आलोक में भी सर्वे करते हुए यह परीक्षण कर लें कि किस प्रकार इस प्राचीन नदी को अधिक सुरक्षित रखते हुए जनोपयोगी बनाया जा सकता है। नदी मेहदावल तहसील क्षेत्र में प्रवाहित होती है व 18 राजस्व ग्रामों से होते हुए लगभग 35 किमी दूर बखिरा झील में मिल जाती है। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी संजीव राय, तहसीलदार अल्पिका वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# मानवता के लिए वरदान होम्योपैथी : डॉ. वीके वर्मा

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**बस्ती।** होम्योपैथी के जन्मदाता सैमुएल हैनिमैन को उनकी पुण्यतिथि पर याद किया गया। बुधवार को रिसर्च सोसायटी ऑफ होम्योपैथी इण्डिया के मंडल अध्यक्ष डा वीके वर्मा, जिलाध्यक्ष डा शैलेन्द्र कुमार तिवारी आदि ने जिला चिकित्सालय स्थित डा हैनिमैन की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद उनके योगदान पर प्रकाश डाला। वरिष्ठ होम्योपैथ चिकित्सक डा वीके वर्मा ने कहा कि डा हैनिमैन ने नई दवाओं की खोज और इस पद्धति का उपयोग करके इलाज करने के तरीके की व्यवस्थित जांच में बिताया। उन्होंने 1796 में होम्योपैथी नामक पद्धति पर अपना पहला शोध पत्र प्रकाशित किया।




रिसर्च सोसायटी ऑफहोम्योपैथी इंडिया के जिलाध्यक्ष डा शैलेन्द्र कुमार तिवारी ने कहा कि प्रैक्टिस करने के दौरान सैमुएल हैनिमैन को उस समय की चिकित्सा प्रणाली ठीक नहीं लगी क्योंकि उस समय आधुनिक तरह तरह से चिकित्सा करने की प्रणालियों की कमी थी जिस वजह से उन्होंने अपनी प्रैक्टिस को बीच में ही छोड़ दिया और होम्योपैथी चिकित्सा का वरदान समूचे विश्व को दिया। समूची मानवता इस योगदान के लिए उनका ऋणी है।

पुण्य तिथि पर सैमुएल हैनिमैन को नमन करने वालों में मुख्य रूप से डा एनके सिंह गौतम, डा वीरेन्द्र तिवारी, टाइगर शक्ति सिंह, डा डीके गुप्ता, डा हनुमान शुक्ला, डा एचएन चौधरी, डा सन्तोष दूबे, डा अनिल मिश्र, डा कमलेश, डा राजेश चौधरी, डा संजय कुमार, डा मुनिदेव आदि शामिल रहे।

# विद्यालयों की मान्यता जांच के लिए टीम गठित

**कुशीनगर।** डीएम महेंद्र सिंह तंवर ने कहा कि मान्यता प्रमाण-पत्र अभिप्राप्त किए बिना कोई विद्यालय स्थापित करता है या चलाता है या मान्यता वापस लेने के पश्चात विद्यालय चलाना जारी रखता है, जुर्माने से, जो एक लाख रूपये तक का हो सकेगा।

डीएम ने बताया कि उक्त अधिनियम के प्राविधानों का राज्य सरकार द्वारा उप्र निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार नियमावली प्रख्यापित करते हुए लागू किया जा चुका है। उक्त से स्पष्ट है कि बिना मान्यता प्राप्त किये कोई स्कूल न तो स्थापित किया जा सकता है और न ही संचालित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि तहसील के एसडीएम के अध्यक्षता में जांच समिति का गठन किया है। एसडीएम (सम्बन्धित तहसील), सीओ (पुलिस) बीईओ (सम्बन्धित विकास खड) को रखा गया है।

# छह डॉक्टरों को मिला महराजगंज चिकित्सा गौरव सम्मान

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**महराजगंज।** राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर मंगलवार को सृजन आई हॉस्पिटल चौपरिया की ओर से नगर के एक होटल में भव्य चिकित्सक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिले के करीब 150 चिकित्सकों को सम्मानित किया गया, जिनमें छह चिकित्सकों को महराजगंज चिकित्सा गौरव सम्मान से नवाज़ा गया।

मुख्य अतिथि सीएमओ डॉ श्रीकांत शुक्ला ने चिकित्सकों को मानवता का सच्चा प्रहरी बताते हुए कहा कि यह दिन सेवा, समर्पण और चिकित्सा विज्ञान की शक्ति को नमन करने का दिन है। विशिष्ट अतिथि डॉ बलराम भट्ट, प्रबंधक पीजी कॉलेज, ने कहा कि चिकित्सकों की निःस्वार्थ सेवा ही समाज की सबसे बड़ी ताकत है। इस अवसर पर डॉ बीएन वर्मा, डॉ एसके रफीक, डॉ हेमंत श्रीवास्तव, डॉ कृष्णा साहनी, डॉ विकास कुमार और डॉ देवेश कुमार पांडेय को महराजगंज चिकित्सा गौरव सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में डिप्टी सीएमओ, एसीएमओ, आईएमए पदाधिकारी, सृजन आई हॉस्पिटल की चेयरमैन डॉ अंजू वर्मा समेत बड़ी संख्या में चिकित्सक और गणमान्यजन उपस्थित रहे। डॉ वर्मा ने बताया कि यह दिवस भारत रत्न डॉ बिधान चंद्र राय की स्मृति में मनाया जाता है। संचालन अरविंद जायसवाल ने किया और आभार डॉ अंजू वर्मा ने व्यक्त किया। सभी ने इस कार्यक्रम की तारीफ की और कहा कि ऐसे कार्यक्रम से उत्साह बढ़ता है।

# स्कूल की अलमारी तोड़कर पचीस हजार नगदी की हुई चोरी

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**बढ़नी, सिद्धार्थनगर।** बढ़नी कस्बे में पुलिस चौकी वार्ड में स्थित सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में मंगलवार की रात्रि को अलमारी का लॉक तोड़कर 25 हजार चोरी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य हरिकेश पाठक ने थानाध्यक्ष ढेबरूआ को दिए तहरीर में बताया कि 1 जुलाई को रात्रि में किसी अज्ञात व्यक्ति ने विद्यालय में घुसकर सबसे पहले कैमरे का तार तोड़कर प्रधानाचार्य के ऑफिस के सभी अलमारियों का लॉक तोड़कर एक अलमारी में से 25000 हजार रुपए जो कि फीस से आए थे,चोरी कर लिया हैं। प्रधानाचार्य हरिकेश पाठक ने तहरीर देते हुए अज्ञात व्यक्ति पर चोरी का आरोप लगाते हुए चोरी किए गए रुपए को वापस दिलाने एवं मामले के दोषी पर कार्यवाही करने के मांग की है। कस्बे के बीचोबीच स्थित विधालय में हुई चोरी से कस्बे के लोग पुलिसिया गश्त पर सवालिया निशान उठा रहे हैं। थानाध्यक्ष गौरव सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है मामले की जांच की जा रही है।

# समय से अपलोड करें आंतरिक मूल्यांकन का नंबर : कुलपति

### कुलपति ने प्राचार्य और प्रबंधकों के साथ हुई बैठक में दिए निर्देश

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर पूनम टंडन की अध्यक्षता में आज विश्वविद्यालय परिसर में संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों एवं प्रबंधकों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में उन महाविद्यालयों पर विशेष चर्चा हुई जिन्होंने निर्धारित समय-सीमा के भीतर आंतरिक मूल्यांकन के अंक विश्वविद्यालय पोर्टल पर अपलोड नहीं किए। उल्लेखनीय है कि इन महाविद्यालयों को मार्च 2025 में मूल्यांकन कार्य पूर्ण कर अंक अपलोड करने थे। तिथियां कई बार विस्तारित करने के बावजूद संबंधित महाविद्यालयों द्वारा लापरवाही बरती गई, जिसके चलते विश्वविद्यालय को बिना इन अंकों के अंतिम परीक्षा परिणाम घोषित करने पड़े। बैठक में परीक्षा प्रक्रिया से संबंधित महाविद्यालयों की विभिन्न समस्याओं पर भी विचार-विमर्श किया गया तथा कुलपति प्रो. टंडन ने आश्वस्त किया कि विश्वविद्यालय स्तर पर आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाएगा। कुलपति ने सभी महाविद्यालयों एवं विभागों को निर्देशित किया कि वे इंटर्नशिप तथा प्रोजेक्ट वर्क का मूल्यांकन कार्य नियत समय में अनिवार्य रूप से पूर्ण करें, ताकि परीक्षा परिणामों की समयबद्ध घोषणा सुनिश्चित की जा सके। इसके अतिरिक्त बैठक में यह भी पाया गया कि कुछ महाविद्यालयों द्वारा विद्यार्थियों के परीक्षा फॉर्म भरते समय विषय चयन में गंभीर त्रुटियां की गईं। विश्वविद्यालय द्वारा सुधार के लिए कई अवसर प्रदान किए जाने के बावजूद न तो विषयों में सुधार किया गया और न ही विद्यार्थियों को सही विषयों की परीक्षा दिलाई गई। विश्वविद्यालय ने इस लापरवाही को अत्यंत गंभीरता से लिया है तथा संबंधित महाविद्यालयों को भविष्य में इस प्रकार की त्रुटियों से बचने की सख्त चेतावनी दी है। बैठक में यह भी स्पष्ट हुआ कि बार-बार सूचना देने के बावजूद दो महाविद्यालयों ने बैठक में भाग नहीं लिया। कुलपति ने गंभीर नाराज़गी व्यक्त करते हुए निर्देश दिया कि इन महाविद्यालयों के परीक्षा परिणामों की घोषणा तत्काल प्रभाव से रोक दी जाए। वर्तमान में भी 17 महाविद्यालय ऐसे हैं जिन्होंने मूल्यांकन के अंक नहीं अपलोड किए हैं।



### कुलपति ने की प्रवेश परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा

**गोरखपुर।** दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में आज कुलपति प्रोफेसर पूनम टंडन की अध्यक्षता में आगामी प्रवेश परीक्षा 2025 की तैयारियों को लेकर एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रवेश परीक्षा के सफल, निष्पक्ष एवं व्यवस्थित संचालन हेतु विभिन्न विभागों को सौंपे गए उत्तरदायित्वों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। प्रवेश प्रकोष्ठ द्वारा परीक्षा की तैयारी, प्रवेश पत्र जारी करने की स्थिति और प्रश्नपत्रों की गोपनीयता सुनिश्चित करने पर चर्चा हुई। बैठक में यह भी अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय में वर्तमान सत्र की प्रवेश परीक्षाएं 4 जुलाई से आरंभ हो रही हैं। इन परीक्षाओं के प्रवेश पत्र 1 जुलाई की शाम 6 बजे विश्वविद्यालय के प्रवेश पोर्टल पर उपलब्ध करा दिए गए हैं। डीन स्टूडेंट वेलफेयर को जिम्मेदारी दी गई है कि पूर्व वर्षों की भांति इस बार भी एनएसएस की सहायता डेस्क स्थापित की जाएगी। परीक्षार्थियों की सुविधा हेतु रूट्स एवं बिल्डिंग्स का नक्शा तैयार किया जा रहा है। प्रॉक्टर कार्यालय की ओर से बताया गया कि पूरे परीक्षा कालखंड में परिसर में अनुशासन एवं नियंत्रण बनाए रखने हेतु व्यापक निगरानी की व्यवस्था होगी। वाहन स्टैंड की व्यवस्था की जाएगी। एसओइव्यू/इंजीनियरिंग प्रकोष्ठ द्वारा विद्युत, जल आपूर्ति, जनरेटर तथा भवनों एवं सड़कों की स्थिति की निगरानी की जा रही है ताकि परीक्षा के दौरान कोई व्यवधान न उत्पन्न हो।

## सड़क हादसे में मां-बेटे घायल

**गोरखपुर।** महुंअवा खुर्द चौराहे के पास पर बुधवार को पिपराइच सोनबरसा मार्ग से पिपराइच के ओर आ रही ट्रैक्टर ट्राली के चपेट में आने से बाइक सवार मां बेटे बुरी तरह से घायल हो गए। और बाइक भी छतिग्रस्त हो गई।

घायल पिपराइच थाना क्षेत्र के रावतपार निवासी अर्जुन का पुत्र विजय कुमार अपनी मां आशा के साथ बाइक से पिपराइच के ओर जा रहे थे। महुंअवा खुर्द चौराहे पर ट्रैक्टर ट्राली से बाइक को पीछे से धक्का लग गया जिससे बाइक सवार मां बेटे गिर गये। इस दौरान सड़क पर गिरी आशा देवी को सिर और हाथ में गंभीर चोट से वे अचेत हो गई।चौराहे के लोगों ने एम्बुलेंस को बुलाकर घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा जंहा से डाक्टरों ने उक्त दोनों घायलों को मेडिकल कालेज रेफर कर दिया।

# शीघ्र और पारदर्शी हो जन समस्याओं का समाधान : सीएम

### जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने सुनीं 200 लोगों की समस्याएं, निस्तारण के लिए अफसरों को दिए निर्देश

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लगातार दूसरे दिन गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात की। ध्यान से सबकी समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन समस्याओं का निराकरण शीघ्रता और पारदर्शिता शीघ्रता से किया जाए। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि हर समस्या का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जनता की हर समस्या का समाधान सरकार की प्राथमिकता है।

बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सभागार में आयोजित जनता दर्शन में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने करीब 200 लोगों से मुलाकात की। उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि हर व्यक्ति को न्याय दिलाया जाएगा। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित निस्तारण का निर्देश देने के साथ मुख्यमंत्री ने लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। सीएम ने अफसरों से कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी सहायता की जानी चाहिए।



### सीएम ने कहा, जनता की हर समस्या का समाधान सरकार की प्राथमिकता

उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए।

# जानलेवा हमला करने के आरोप में दो गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** गीडा थाना क्षेत्र में बाइक मैकेनिक को गोली मारने के दो आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों की पहचान हरदिया गांव के मोसिम खान और रईस के रूप में हुई। दोनों आरोपियों ने 29 जून की रात मैकेनिक को जान मारने की नियत से गोली मारी थी। जो उसके कंधे में लगी थी।

इसके बाद सिर में मारते-मारते तमंचा धंसा दिया था। गीडा थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह ने बताया- दोनों आरोपियों को पुलिस ने बुधवार सुबह एकला बंधे के पास से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ करके कोर्ट में पेश कर जेल भेजवा दिया। घायल मैकेनिक का इलाज लखनऊ हायर सेंटर में चल रहा है। गीडा के नौसड़ पुलिस चौकी के गांव हरदिया निवासी

### 29 जून की रात को दिया था घटना को अंजाम पुलिस ने भेजा जेल

रहमतुल्लाह खान (35) बाघागाड़ा के पास एक गैराज में काम करता है। 29 जून को वह रात करीब 10.30 बजे स्कूटी से घर वापस लौट रहा था। अभी वह तालनवर और हरदिया के बीच पहुंचा था। तभी एक काले रंग की कार ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे स्कूटी लेकर रहमतुल्लाह नीचे गिर गया। कार सवार गाड़ी रोक नीचे उतरे और खेत में घसीटकर ले गए।

वहां उसके सीने में गोली मार दी। इसके बाद बदमाशों ने असलहे के बट से पीड़ित के सिर में कई बार वार किया। जिससे काफी गहरा घाव बन गया। पीड़ित बेहोश हो गया। असलहा भी युवक के सिर में फंस गया। लोग वहां पहुंचे तो मरा समझ कर आरोपी मौके से भाग गए। रास्ते से गुजर रहे राहगीरों ने युवक को तड़पता देख नजदीक गए। उसकी पहचान कर परिजनों और पुलिस को सूचना दी। पीड़ित के भाई असमत खान की तहरीर पर पुलिस ने हरदिया निवासी मोमिन और अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। साथ ही एक महिला और दो अन्य लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। घटना के पीछे पुरानी रंजिश को कारण बताया जा रहा है। दोनों के बीच पुरानी रंजिश चल रही है। एक साल पहले भी दोनों पक्षों में मारपीट हुई थी। इसमें गीडा थाने में केस दर्ज हुआ था। इसके बाद से ही दोनों पक्ष एक-दूसरे पर कमेंट करते रहते थे। कई बार कहासुनी भी हो चुकी है।



**दो दिवसीय गोरखपुर दौरे पर आई राष्ट्रपति द्रोपदी मूर्मू से गोरखनाथ मंदिर में पूर्व महापौर सीताराम जायसवाल ने मुलाकात की। इस दौरान राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित शहर के कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।**

# बदलने जाने लगे नगर के जर्जर पोल और तार

### पिपराइच नगर पंचायत में अब जुलूस में नहीं कटेगी बिजली, बार-बार फाल्ट से मिलेगा छुटकारा : चेयरमैन

**खबर का असर**

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**पिपराइच।** भव्य उद्घाटन के दो साल बाद आरडीएसएस योजना के तहत नगर पंचायत पिपराइच सहित क्षेत्र में बिजली के जर्जर पोल व नंगा तार बदलने का काम तेजी से शुरू कर दिया गया है। दो साल बाद भी काम शुरू न होने की खबर स्वतंत्र भारत ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था । जिसका असर दिखाई दे रहा है। बुधवार को थाना रोड तथा मोटेश्वर नाथ मंदिर रोड पर काम तेजी से शुरू कर दिया गया है। जिसमें नगर पंचायत पिपराइच अपने संसाधनों के साथ भरपूर सहयोग कर रहा है। नंगा तार बदलने का काम पूरा होने के बाद कांवड़ियों, ताजिया आदि जुलूसों में अब पूरी रात बिजली काटने तथा रोज कई बार फाल्ट होने से बिजली कटौती पर भी अंकुश लगेगा।




नगर पंचायत पिपराइच में करीब पांच दशक पहले बिजली की आपूर्ति शुरू हुई। लकड़ी के पोल के जगह लोहे व सीमेंटेड पोल लगे । लेकिन तार वहीं बाबा आदम के जमाने का है । आज लोहे तक के पोल जर्जर हो चुके हैं। मेन लाइन सहित एल टी से बिजली आपूर्ति एक लाईलाज बीमारी बन गई है। गृह जनपद होने के कारण मुख्यमंत्री जी इस समस्या से पूरी तरह वाकिफ थे।तभी तो पूरे जिले से इस समस्या को उखाड़ फेंकने के लिए करीब दो सौ करोड़ रुपए जर्जर पोल व तार की जगह केबल लगाने के लिए आरडीएसएस योजना का टेंडर कराया। इस काम के लिए कलकत्ता की लेजर पावर कंपनी 2023 में टेंडर लिया। पिपराइच रामलीला मैदान में धमाकेदार उद्घाटन समारोह हुआ। लेकिन मेन रोड पर नगर वासियों के विरोध का हवाला देकर दो साल तक काम बंद कर दिया। जिसमें कार्यदाई संस्था लेजर पावर कंपनी के सहायक प्रबंधक नीतीश कुमार एक सप्ताह बाद काम शुरू करने का आश्वासन दिया था। इसी कड़ी में पिपराइच नगर में काम तेजी से शुरू कर



दिया गया है। इस बारे में चेयरमैन संजय मद्धेशिया ने बताया कि हमने भी विभाग से कई बार शिकायत की थी। अवर अभियंता अरूण कुमार सिंह ने बताया कि बुधवार को थाना मेन बाजार रोड तथा मोटे शिव मंदिर क्षेत्र में काम शुरू किया गया है । दोनों क्षेत्रों के ट्रांसफार्मर की आपूर्ति ठप कर दी गई है।

## स्कूलों को मर्जर नहीं होने देंगे : संतोष गिरी

**चौरीचौरा।** विकास खंड सरदारनगर के ग्राम मुहम्मदपुर में स्थित प्राथमिक विद्यायल पर विद्यालय के मर्जर का विरोध किया गया। बुधवार को विद्यालय पर अभिभावक, ग्राम प्रधान, प्रबंध समिति, शिक्षकों की बैठक की गई। शिक्षक नेता संतोष गिरी ने बताया कि सरदारनगर के दो स्कूल में छात्र की संख्या 50 से कम होने के कारण मर्जर किया जा रहा है। जिसमें ग्रामवासी और अभिभावक स्कूल मर्जर होने से काफी आक्रोशित है। अभिभावकों का कहना है की जो बच्चे यहां पढ़ रहे है वह डेढ़ किलोमीटर कैसे दूसरे जगह कैसे जाएंगे। जब कि एक किलोमीटर के अंतर्गत एक प्राइमरी स्कूल होना चाहिए और इसी आधार पर स्कूल खोला गया तो फिर बंद क्यों किया जा रहा है।अभिभावक मर्जर के विरोध में जिलाधिकारी कार्यालय पर जल्द जाकर विरोध करेंगे।

# पौधरोपण कार्यक्रम के तहत लोगों को बांटे गए पौधे



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोला।** एक से सात जुलाई तक चल रहे वन महोत्सव कार्यक्रम के तहत गोला ब्लाक सभागार में पौधरोपण कार्यक्रम के तहत पौधों का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में फलदार, छायादार और औषधीय पौधे वितरित किए गए, ताकि पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दिया जा सके।

बुद्धवार को वन महोत्सव के दूसरे दिन आयोजित पौध भंडारा व पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम के तहत बिडिओ दिवाकर सिंह ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण को स्वच्छ और हरा-भरा बनाना है, साथ ही लोगों को पेड़ों के महत्व और पर्यावरण संरक्षण में उनकी भूमिका के बारे में जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि पौधों को रोपने की जगह सबसे अधिक जरूरी उन्हे संरक्षित करना है। वहीं क्षेत्राधिकार वन विभाग शिवजीत सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत ग्राम प्रधान व आम लोगों के साथ विशेष कर महिलाओं को बुलाकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया है। भंडारा के तहत सभी उपस्थित लोगों को प्रतिकात्मक रूप से एक एक पौधा दिया गया है। वन विभाग के द्वारा पौधों को संरक्षित करने के लिए ट्री गार्ड भी दिया जाएगा जिससे पौधे संरक्षित हो सके। इस दौरान एडीओ पंचायत संजय कुमार, ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष सम्पूर्णानंद

# पिपराइच सब स्टेशन पर पक्की सड़क बनाने की मांग

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**पिपराइच।** नगर पंचायत पिपराइच क्षेत्र के वार्ड नं 14 पिपरा मोगलान के सिवान में विद्युत उप केन्द्र पिपराइच जर्जर हालत में अपने भाग्य पर आंसू बहा रहा है। आवागमन के लिए पक्की सड़क तक नहीं है । बुधवार को सड़क पर जल भराव के बीच कीचड़ फंसा बाईक सवार चुटहिल हो गया। जिससे केन्द्र आए बिजली उपभोक्ताओं ने जेई से अपना विरोध दर्ज कराया।तथा तत्काल कीचड़ रहित सड़क मरम्मत कराने की मांग की। जेई द्वारा वास्तविक हालात बताने तथा समझाने पर उपभोक्ता शांत हुए। आक्रोशित उपभोक्ता ग्राम उसका निवासी विजय कुमार,सरंडा निवासी दिनेश व रामाज्ञा, रमवापुर निवासी असलम आदि ने कहा कि एक तो खेतो के बीच उपकेंद्र बना है । जो स्वयं जर्जर हालत में है। केन्द्र पर आवागमन के लिए पक्की सड़क तक नहीं है। जल भराव व कीचड़ के रास्ते आवागमन करने पर आए दिन कोई न कोई घायल हो रहा है। इस बारे में बिजली उपकेंद्र के अवर अभियंता अरूण प्रताप सिंह ने बताया कि हमारे क्षेत्र में कुल 52 गांव सहित नगर पंचायत पिपराइच के करीब 17 हजार उपभोक्ता हैं । को अपने काम हेतु बिजली उपकेंद्र रोज आवागमन रहता है। बहुत पहले खड़ंजा का निर्माण कराया गया था। लेकिन एक साल पहले नगर पंचायत के जल कल के लिए खड़ंजा उखाड़ कर पानी आपूर्ति हेतु पाईप डाला गया। जिससे उपभोक्ताओं तथा केन्द्र के कर्मचारियों के घायल होने पर हमें आक्रोश तथा रात में फाल्ट सही करने में कठिनाइयो का सामना करना पड़ रहा है। इस बारे में वार्ड नंबर 14 के सभासद प्रतिनिधि अजय उर्फ मोलइ ने बताया कि बोर्ड की बैठक में पक्की सड़क का प्रस्ताव पास है । लेकिन चेयरमैन पक्षपात कर जरूरी काम नहीं करा रहे हैं। इस बारे में चेयरमैन संजय मद्धेशिया ने कहा कि इसकी जानकारी नहीं है। अभी मैं किसी को भेज कर समस्या समाधान कराने का प्रयास करूंगा।

# मोहर्रम पर्व पर न स्थापित हो कोई नई परंपरा : एसएसपी

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर ने कहा कि मोहर्रम पर्व में किसी भी प्रकार की नई परम्परा प्रारंभ न की जाये जो भी जुलूस निकाले जाये वे अपने परम्परागत रूटों पर ही निकाले जाएं। जुलूसों में किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक सामग्री का प्रयोग न करें, शान्ति पूर्ण ढंग से प्रशासन का सहयोग करते हुए जुलूस निकाले जायें उस पर किसी भी प्रकार की बाधा न उत्पन्न की जाये। असामाजिक तत्व किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न करें तो जिम्मेदार व्यक्ति पुलिस को तत्काल सूचना दे ताकि त्वरित कार्यवाही करके किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को तत्काल रोका जा सके।

उक्त निर्देश वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने एनेक्सी भवन सभागार में आयोजित मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण वातावरण में सकुशल ढंग से सम्पन्न



कराने हेतु शांति एवं सद्भावना समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिये। बैठक में उपस्थित शान्ति एवं सद्भावना समिति के सदस्यों द्वारा अपनी अपनी बाते रखी गई जिस पर एसएसपी ने सदस्यों को आश्वस्त करते हुए कहा कि आसामाजिक तत्वों एवं सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वालों से सख्ती से निपटा जायेगा। उन्होंने जनपद वासियों से अपील किया कि अफवाहों पर ध्यान न दें, साथ ही शांति समिति के सदस्य को भी तत्काल प्रभाव से अफवाहों का खण्डन करनें को कहा। बैठक में अपर जिलाधिकारी (नगर) अंजनी कुमार सिंह ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि रूटो पर चूना छिड़काव, नालों की साफ-सफाई, अपशिष्ट निस्तारण तथा छुट्टा पशु सड़को पर इधर उधर न घुमे और लाइट आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन रूटो पर जुलूस निकलता है वहा पर स्वयं स्थलीय निरीक्षण करके लटके हुए जर्जर तारों को ससमय ठीक कर लिया जाये ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके।

बैठक में पुलिस अधीक्षक नगर अभिनव त्यागी ने सभी मुतवल्लियों से अपील करते हुए कहा कि जुलूसों में ताजिया की ऊंचाई मानक के अनुसार, डीजे में दो साउंड सिस्टम से अधिक प्रयोग न करें और उसकी आवाज मानक के नियमानुसार ही रखे। उन्होंने सभी थानाध्यक्षों को निर्देशित करते हुए कहा कि असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कठोरतम कार्यवाही की जाये। इस पर किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। बैठक में विभिन्न विभागों के संबंधित अधिकारीगण के साथ शांति एवं सद्भावना समिति के सदस्य डा सुधाकर पाण्डेय, आदिल अमीन,प्रिया कुमारी, तथा विभिन्न इमाम चौक के मुतवल्लियों के अध्यक्ष अब्दुल्लाह व अन्य सदस्य इत्यादि उपस्थित रहे।

# सड़क निर्माण का कार्य अधूरा हरिद्वारपुरम के निवासी परेशान

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** जंगल हरिद्वार पुरम फेज-1 में सड़क निर्माण कार्य को अधूरा छोड़कर ठेकेदार फरार हो गया है। जिससे स्थानीय निवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगर निगम द्वारा कराये जा रहे सड़?क निमार्ण अप्रैत माह शुरु हुआ था।ठेकेदार द्वारा सड़क पर निटरी छोड अधुरा नाली निमार्ण छोड़ दो माह से ठेकेदार नदारद हो गया जेई से बात करने पर सड़क का काम जल्द शुरु करने का आश्वासन मिलता है।

जंगल हरिद्वार पुरम फेज-1 में सड़क निर्माण का काम पिछले कई महीनों से चल रहा था। लेकिन अचानक ठेकेदार काम छोड़कर गायब हो गया। सड़क को बीच में ही अधूरा छोड़ देने से अब यह स्थानीय लोगों के लिए सुविधा की बजाय मुसीबत बन गई है। धूल-मिट्टी की समस्या उड़ाना आवागमन में लोगों को काफी परेशानी हो रही है। बच्चों और बुजुर्गों के लिए रात के समय काफी दिक्कत हो रही है। इस अधूरे काम के कारण न केवल दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। बल्कि क्षेत्र में जल निकासी और स्वच्छता की समस्या भी विकराल रूप लेती जा रही है। निवासियों का कहना है कि उन्होंने कई बार स्थानीय



पार्षद और संबंधित अधिकारियों से शिकायत की है। लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। ऐसे में प्रशासन इस समस्या पर ध्यान देगा और ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई कर अधूरे काम को पूरा कराएगा, या फिर तारीख तारीख मिलेगी ये आने समय में पता चलेगा। जेई अतुल कुमार ने बताया कि कुछ तकनीकी समस्या आई थी, जिसे दूर कर लिया गया है, जल्द ही सड़क निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा। इस दौरान करन राव, विक्रम सिंह. वी. के शुकला, जे.पी. शुक्ला, राजकिशोर सिंह आदि लोग

# रोजगार देने में पूरी तरह विफल है सरकार : डिंपल यादव

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** समाजवादी पार्टी की सांसद डिंपल यादव ने आज गोरखपुर पहुंची और हाल ही में अपने प्रियजनों को खोने वाले दो प्रमुख सपा परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। डिंपल यादव सबसे पहले समाजवादी महिला सभा की पूर्व जिलाध्यक्ष मीना यादव के निधन पर शोक व्यक्त करने उनके बेटे गौरव प्रकाश के आवास पहुंचीं। मीना यादव का हाल ही में निधन हो गया था। इसके बाद, सांसद डिंपल यादव ने सपा नेता आशुतोष गुप्ता और उनके परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। इन मुलाकातों के दौरान, डिंपल यादव ने शोकाकुल परिवारों को ढाढस बंधाया और दुख की इस घड़ी में उनके प्रति अपनी एकजुटता प्रकट की। डिंपल यादव बुधवार को गोरखपुर में एक निजी कार्यक्रम में शिरकत करने गोरखपुर आई थी। मीडिया से मुखातिब होते हुए,



सपा सांसद डिंपल यादव ने भाजपा पर घोर वादाखिलाफी का आरोप लगाया। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं को रोज़गार उपलब्ध कराने में विफलता और चुनावी घोषणापत्र में किए गए वादों को पूरा न करने के लिए भाजपा सरकार की कड़ी आलोचना की। भाजपा ने सत्ता में आने से पहले युवाओं को हर साल करोड़ों रोज़गार देने का वादा किया था। लेकिन आज ज़मीनी हकीकत यह है कि युवा दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं। रोज़गार के अवसर पैदा करने के बजाय मौजूदा रोज़गार भी छिनते जा रहे हैं। जब समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल विरासत गलियारे का मुद्दा लेकर विरोध प्रदर्शन के संबंध में गोरखपुर पहुंचा था। प्रतिनिधिमंडल प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा निर्धारित स्थल पर जाने से रोका गया और भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनसे बदसलूकी की गई।

## नेपाल के पानी से राप्ती और सरयू नदी में ऊफान

**गोरखपुर।** नेपाल से छोड़े गए पानी और बारीश की वजह से गोरखपुर में बहने वाली राप्ती और सरयू नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा हैं। जिस कारण से शहर के निचले इलाके में जल्द पानी भर सकता हैं। वही सरयू नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण कछार क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक गांवो पर बाढ़ का मंडरा रहा हैं।

बुधवार सुबह राप्ती नदी का जलस्तर 70.530 मीटर दर्ज किया गया। जो खतरे के निशान से कुछ ही कम है। लेकिन अगर नेपाल में इसी तरह बारिश होती रही, तो शहर के निचले इलाके में जल्द पानी भर सकता हैं। हालांकि प्रशासन नदी के लगातार बढ़ते जल स्तर पर नजर बनाऐ हुई है वही नगर निगम और सिंचाई विभाग की टीमें बाढ़ संभावित क्षेत्रों की निगरनी में जुट गई हैं।

## नए शैक्षणिक सत्र का हुआ शुभारंभ



**बस्ती।** राजन इंटरनेशनल एकेडमी में नए शैक्षणिक सत्र का आरम्भ मां सरस्वती की पूजा, छात्रों का तिलक लगाकर अभिनन्दन से हुआ। प्रबन्ध निदेशिका शिखा चतुर्वेदी ने बताया कि ग्रीष्म कालीन अवकाश के बाद नए सत्र में शिक्षण पद्धति को अत्याधुनिक और व्यवहारिक बनाने के लिए प्रभावी कदम उठाये गये हैं जिससे यहां से निकलने वाले छात्र देश के सुयोग्य नागरिक बनकर अभिभावकों के सपनों को साकार करें। बताया कि पूरा प्रयास है कि शिक्षक छात्रों को सर्वेष्ट ज्ञान दें। कार्यकारी निदेशक संजीव पांडेय ने कहा कि एकेडमी का उद्देश्य छात्रों को श्रेष्ठतम शिक्षा देने का है।

## हिंदू समाज से माफी मांगें अखिलेश : करुणेश



**चौरीचौरा।** अखिल भारतीय ब्राह्मण जनकल्याण समिति के राष्ट्रीय महामंत्री करुणेश पांडेय ने पूर्व मुख्यमंत्री व सपा प्रमुख अखिलेश यादव द्वारा हिन्दू धर्म गुरु व कथावाचक धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री पर अंदर टेबल लाखों रुपए लेने वाले बयान की आलोचना की है। श्री पांडेय ने कहा कि बुंदेलखंड जैसे पिछड़े क्षेत्र में प्रतिवर्ष सैकड़ों गरीब बहनों का सामुहिक विवाह के साथ ही हजार बेड का अस्पताल बनवा रहे धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री न केवल हिंदू समाज के लिए कार्य कर रहे हैं अपितु सर्वे भवन्तु सुखीन को चरितार्थ करते हुए सभी को सेवा के माध्यम से धर्म से जोड़ रहे हैं। श्री पांडेय ने कहा कि अखिलेश यादव का परिवार सदैव ही सनातन विरोधी रहा है, यदि अखिलेश यादव अतिशीघ्र अपने बयान पर माफी नहीं मांगते हैं तो अखिल भारतीय ब्राह्मण जनकल्याण समिति समूचे प्रदेश में सपा कार्यालयों पर प्रदेशव्यापी पुतला दहन करेगी ।

# आम आदमी पार्टी ने राज्यपाल को संबोधित सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन



**स्वतंत्र भारत बहराइच।** सरकारी स्कूल बंद करने योगी सरकार के फैसले पर आम आदमी पार्टी ने जताई कड़ी आपत्ति,राज्यपाल को भेजा ज्ञापन आम आदमी पार्टी, उत्तर प्रदेश इकाई द्वारा महामहिम राज्यपाल महोदय को एक ज्ञापन सौंपा गया है। जिसमें दिनांक 16 जून 2025 को जारी उत्तर प्रदेश सरकार उस शासनादेश पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गई है। जिसके तहत कम संख्या वाले परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों को बंद कर उन्हें पास के अन्य स्कूलों में मर्ज करने का निर्णय लिया गया है। जिला अध्यक्ष आम आदमी पार्टी फिरोज हैदर ने कहा कि यह फैसला शिक्षा विरोधी है। और इसमें लाखों गरीब, ग्रामीण, दलित व पिछड़े तबके के बच्चों के भविष्य पर सीधा खतरा उत्पन्न होगा। उन्होंने सरकार की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि एक तरफ प्रदेश में रिकॉर्ड संख्या में शराब की दुकानों का उद्घाटन हो रहा है। 2024 में 27308 नई दुकानें खोली गई वहीं दूसरी तरफ अब तक 26000 से अधिक सरकारी विधालय बंद किये जा चुके हैं, और अब लगभग 27000 और विद्यालय बंद करने की तैयारी की जा रही है।

# भूमिगत तैंतीस केवी लाइन में फाल्ट सुबह रात से आपूर्ति बाधित

**स्वतंत्र भारत संवाददाता नानपारा बहराइच।** बुधवार सुबह से भूमिगत केबल में फाल्ट होने से नवाबगंज विद्युत केन्द्र के उपभोक्ता बिजली के लिये तरस रहे हैं। बुधवार को सारा दिन विद्युत आपूर्ति बहाल होने की कोई संभावना नही दिखी। बुधवार रात से नवाबगंज नानपारा मार्ग पर स्थित रेलवे क्रॉसिंग के पास भूमिगत केबल में फाल्ट आ जाने के कारण बुधवार से नानपारा से नवाबगंज विधुत उप केन्द्र के लिए तैंतीस केवी विद्युत लाइन पावरहाउस नंदा गांव से सप्लाई फाल्ट होने के कारण नवाबगंज, नंदा गांव विद्युत उपकेन्द्र से जुड़े सौ से ज्यादा गांव की विद्युत आपूर्ति बाधित है। वहीं विद्युत कर्मियों का कहना है कि बुधवार दोपहर तक फाल्ट को खोजने के लिये मशीन नहीं आई थी जिससे प्रतीत होता है कि बुधवार को सारा दिन नवाबगंज क्षेत्र के लोगों को विद्युत आपूर्ति नहीं मिल पायेगी।वहीं विधुत उपभोक्ता सौरभ, श्याम लाल गुप्ता, संजय सिंह, विजय कुमार, जुनैद, जमील, अनिता, आदि का कहना है कि बिजली न होने के कारण पानी, मोबाइल चार्ज, के लिये लोग परेशान रहें। और बरसात में उमस के कारण काफी परेशानी हो रही है। वहींबैकों ,जन सेवा केन्द्र ,सरकारी कार्यालयों में कार्य प्रभावित हो रहे।इस सम्बन्ध में विधुत उप विभागीय अधिकारी मटेरा रमेश कुमार मौर्या से बात करने पर बताया कि फाल्ट मिल चुका है। और सही किया जा रहा है बहुत जल्द ही बिजली सप्लाई मिल जायेगी इस क्रम में अधिषाश अभियन्ता रंजीत कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि भूमिगत केवल के ऊपर रेलवे विभाग का कक्ष बना हुआ है इस लिएं फाल्ट खोजने में परेशानी आ रही है। आपूर्ति बहाल करने की कोशिश की जा रही है।

# डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बहुउद्देशीय हब निर्माण सम्बंधी बैठक

**स्वतंत्र भारत बहराइच ।** कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार की देर शाम बहुउद्देशीय हब के निर्माण सम्बंधी बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने सम्बन्धित विभाग के अधिकारी को निर्देश दिया कि प्रस्तावित परियोजना के अनुसार भूमि का प्रस्ताव अधि.अभि. लोक निर्माण विभाग को लिखित रूप में उपलब्ध करा दें। उन्होनें सम्बंधित विभागों को मूलभूत सुविधाओं हेतु वांछित क्षेत्रफल का विवरण भी उपलब्ध कराएं। डीएम ने कहा कि प्रत्येक विभाग की अवस्थापना के साथ पार्किंग की व्यवस्था भी करायी जाय। डीएम ने निर्देश दिया कि कमर्शियल प्लाट/प्राइवेट प्लाट को ले-आउट प्लान से हटाया जाय तथा उसकी जगह पर अन्य अवस्थापनाओं का विकास किया जाये।डीएम ने बहुद्देशीय हब के अग्रिम भाग में ग्रीन एरिया विकसित करने का निर्देश देते हुए कहा कि अन्य कोई भी अवस्थापना फ्रन्ट में नहीं रहेगी। हाईटेंशन लाइन को विस्थापित किये जाने हेतु डीएम अधि.अभि. विद्युत वितरण खण्ड नानपारा से प्रस्ताव प्राप्त करने का निर्देश दिया। क्रीडा अधिकारी को निर्देश दिया गया कि खेल मैदान को विकसित किये जाने हेतु जिला युवा कल्याण अधिकारी से प्रस्ताव प्राप्त कर लें। डीएम ने निर्देश दिया कि खेल मैदान में बैण्डमिंटन कोर्ट, क्रिकेट स्टेडियम, फुटबाल कोर्ट, रनिंग ट्रैक इत्यादि के विकास हेतु कार्ययोजना तैयार करें।अधि.अभि. लो.नि.वि. प्रान्तीय खण्ड को निर्देश दिया गया कि अन्य विभागों से भी भूमि का प्रस्ताव प्राप्त करते हुए ले-आउट को अन्तिम स्वरूप् प्रदान करें। डीएम ने कहा कि फूड कोर्ट, बैंकिंग सुविधा, स्किल सेंटर, फल एवं जनरल मर्चेंट स्टोर, सभागार (500 क्षमता) कम्यूनिटी सेन्टर, स्किल डेबलामेण्ट सेन्टर इत्यादि को बहुउद्देशीय हब के अन्दर समावेषित किया जाय। डीएम ने कहा कि प्रस्तावित हब के भवन का भव्य मुख्य द्वार निर्मित किया जायेगा साथ ही माडल कम्पोजिट स्कूल एवं उसके साथ हास्टल निर्माण का कार्य भी कराया जाना है। डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जल्द से जल्द अपने प्रस्ताव लोक निर्माण विभाग को उपलब्ध करा दें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक रामानन्द कुशवाहा, सिटी मजिस्ट्रेट राजेश प्रसाद, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ संजय कुमार, अधि.अभि. लो.नि.वि. प्रा.ख. प्रदीप कुमार, बीएसए आशीष कुमार, जिला क्रीडा अधिकारी आनन्द श्रीवास्तव, एआटीओ ओ.पी. सिंह सहित व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## खबर एक नजर

### अधिवक्ता ने लेखपाल पर रिश्वत मांगने का लगाया आरोप

**स्वतंत्र भारत नानपारा बहराइच।** नानपारा के पैनल अधिवक्ता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ध्यान प्रकाश श्रीवास्तव ने लेखपाल नानपारा देहाती मनीष कुमार पर गंभीर आरोप लगाते हुए तहसीलदार को शिकायती पत्र दिया है और कार्यवाही की मांग की है। अधिवक्ता ने शिकायती पत्र में कहा है की लेखपाल द्वारा रखे गए 3 मुंशीयों द्वारा वसूली की शिकायत आए दिन मिलती है। इसी क्रम में महरुनीसा पत्नी अफजाल अहमद निवासी नील कोठी ने लेखपाल के मुंशी ङ्क अनाधिकृत व्यक्ति अनवर पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रमाण पत्र में रिपोर्ट लगाने के नाम पर मुंशी अनवर ने ?10 हजार की मांग की और इसके साथ ही न जाने क्या-क्या कहा। इस संबंध में राजस्व निरीक्षक नानपारा विश्वनाथ मौर्य ने बताया कि अगर ऐसा मामला है तो कार्रवाई की जाएगी।

### मूर्ति तोड़ने के आरोप में युवक गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत संवाद बाबागंज प्रतापगढ़।**महेशगंज थाना क्षेत्र के खुशली का पुरवा मजरे बदगवां निवासी राजाराम यादव पुत्र बद्री प्रसाद ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि टिकैतिनपुर मजरे पूरे झाऊ निवासी धीरेंद्र कुमार यादव पुत्र राजाराम एक जुलाई की शाम पांच बजे करीब पीड़ति मंदिर से पूजा करके मंदिर से निकल रहा था तभी वह अपनी गाड़ी से आया और पूजा पाठ करने से मना करने लगा।विरोध करने पर गाली गलौज करने लगा तथा गाड़ी से रॉड निकालकर गणेश जी की प्रतिमा को आंशिक रूप से खंडित कर दिया।तहरीर मिलते ही हरकत में आई पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।थानाध्यक्ष मुकेश सिंह का कहना है कि आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है,अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

### सांड़ के हमले में युवक की मौत

**स्वतंत्र भारत संवाद बाबागंज प्रतापगढ़।**ब्लॉक बाबागंज के गैर जिम्मेदारों की बदौलत आज एक और व्यक्ति छुट्टा सांड़ के हत्थे चढ़ गया। सरकार ने निराश्रित गौवंशों को संरक्षित करने का आदेश दिया है लेकिन यह लोग गैर जिम्मेदाराना बर्ताव कर रहे है।संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के कोटा भवानीगंज निवासी लालमन चौरसिया 30 पुत्र स्व जवाहरलाल बुधवार को किसी आवश्यक कार्य हेतु खेत की ओर गया,जहां एक आवारा घुमंतू सांड के हमले में वह घायल हो गया।घायल अवस्था में ग्रामीणों द्वारा युवक को नजदीकी चिकित्सालय ले जाया गया,जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।मौत की सूचना पर मृतक के घर पहुंचे।ग्राम प्रधान ओमानंद द्विवेदी तथा अन्य ग्रामीणों ने शोकाकुल परिजनो को ढांढस बंधाया।घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

### गौ तस्कर 25 हजार ईनाम घोषित गैंगस्टर गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत संवाद बिहार प्रतापगढ़।**बाघराय थाना क्षेत्र में गौ तस्करी करने वाले दर्ज मुकदमा के अनुसार गैंगस्टर एक्ट मे हुई कार्यवाही और गिरफ्तारी हेतु 25 हजार ईनाम घोषित किया गया।उसी क्रम मे प्रभारी निरीक्षक श्रवण कुमार के नेतृत्व मे एसआई देवेन्द्र पाठक आरक्षी अंकित कुमार ने गैंगस्टर बरकत अली पुत्र स्व मुनव्वर अली निवासी ग्राम त्रिलोचन महादेव थाना जलालपुर जौनपुर, कैमूर राज्य बिहार को थाना क्षेत्र हरबसपुर शारदा सहायक नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।एसआई और आरक्षी को एसपी द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

### ग्राम प्रधान से परेशान युवक ने डीजीपी से लगाई गुहार

**स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ़।**कुंडा कोतवाली क्षेत्र चौकी मनगढ़ अंतर्गत इटौरा गांव निवासी रवि कुमार पांडेय पुत्र राकेश पांडेय ने डीजीपी को लिखे पत्र में आरोपित किया है कि ग्रामसभा के प्रधान और पूर्व प्रधान ने साजिशन फर्जी मुकदमे में फंसाने के लिए आए दिन प्रयास किया जा रहा है।इनके प्रभाव में पुलिस उत्पीड़न करती है।पीड़ति एक छोटा लाइट हाउस का दुकान किया जिससे शादी समारोह में आर्डर आदि का कार्य करता है। आरोप है कि उसका जनरेटर ग्राम प्रधान आदि ले गए लेकिन उसका किराया नहीं दिया,पीड़ति ने कई बार मांगा लेकिन किराया नहीं दिया गया। प्रधान आदि ने साजिशन उसके खाते मे मनरेगा मजदूरी भेजवा दिया,जिसे उनके द्वारा मांगे जाने पर पीड़ति ने जनरेटर किराए मे समायोजित करने की बात कही जिस पर प्रधान आदि इनकार करते हुए धमकी देने लगे और फर्जी मुकदमा मे फंसा दिया,पीड़ति घटना दिनांक समय पर अन्यत्र होने का वीडियो फुटेज पुलिस को दिखाया तब पुलिस ने पीड़ति का नाम निकाल दिया।पीड़ति ने स्वयं का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल कर न्याय की गुहार लगाई है।

### सीडीओ की वन ट्रिलियन डॉलर सेल की बैठक सम्पन्न

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।**राज्य की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के स्तर तक लाये जाने हेतु जनपदीय इकाईयों के योगदान में अनुकूल रणनीतिक प्रयासों के माध्यम से जनपद के जिला घरेलू उत्पाद,डीडीपी में अपेक्षित वृद्धि लाये जाने के उद्देश्य से जनपद में गठित वन ट्रिलियन डॉलर ओटीपी सेल के कार्यकारिणी की प्रथम समीक्षा बैठक मुख्य विकास अधिकारी डॉ दिव्या मिश्रा की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय सभागार में आयोजित की गयी।इस बैठक में ओटीडी सेल की संयोजक अर्थ एवं संख्याधिकारी प्रियंका सोनी द्वारा जनपद की प्राथमिक, द्वितीयक एवं तृतीयक आर्थिक क्रियाकलापों से सम्बन्धित विभागों के कार्यालयाध्यक्षों को उनके वर्तमान स्थिति एवं जनपद के जिला घरेलू उत्पाद में उनके योगदान को रेखांकित किया गया।सीडीओ द्वारा समीक्षा के सभी रणनीतिक बिन्दुओं पर प्रकाश डालते हुए सम्बन्धित कार्यालयाध्यक्षों को निर्देशित किया कि प्रतापग? की डीडीपी ब?ाने हेतु सभी विभाग प्लान बनाये।उन्होने कहा कि प्रत्येक कार्यालयाध्यक्ष ओटीडी सेल की संयोजक प्रियंका सोनी एवं सहसंयोजक शक्ति पाल सिंह से समन्वय स्थापित करते हुए ओटीडी सेल की प्रस्तावित आगमी बैठक 15 जुलाई से पूर्व अपने अपने विभागों के प्रदर्शन में अपेक्षित सुधार लाने हेतु अपनी-अपनी कार्ययोजना का प्रस्तुतीकरण स्वयं करेंगे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 सितंबर को

**स्वतंत्र भारत बहराइच ।** उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच के अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश के निर्देशानुसार 13 सितम्बर 2025 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बहराइच के सचिव/अपर जिला जज विराट शिरोमणि ने आमजन से अपील की है कि लोक अदालत का अधिकाधिक लाभ उठायें।श्री शिरोमणि ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन हेतु धारा 138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम (एनआईएक्ट), बैंक वसूली एवं टेलीफोन बिल्स से सम्बन्धित प्रकरण, श्रम विवाद, विद्युत एवं जल बिल विवाद (अशमनीय वादों को छो?कर), अन्य आपराधिक शमनीय वाद, वैवाहिक व अन्य सिविल वादों का अधिकाधिक संख्या में निस्तारण किया जायेगा तथा सुलह-समझौते के आधार पर जनपद न्यायालय में लम्बित वाद में आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम, बैंक वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, वैवाहिक एवं पारिवारिक विवाद, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण वाद, विद्युत एवं जल बिल विवाद (चोरी से सम्बन्धित विवाद सहित किन्तु अशमनीय विवादों को छो?कर), सर्विस विवाद से सम्बन्धित वेतन, भत्ता और सेवानिवृत्ति लाभ के मामले, राजस्व वाद एवं अन्य सिविल वादों (किरायेदारी, सुखाधिकार, निषेधाज्ञा वाद, विशिष्ट अनुतोष वाद) आदि का निस्तारण किया जायेगा। सचिव ने बताया कि 10 मई 2025 को राष्ट्रीय लोक अदालत के साथ मध्यस्थता मामलों (आरबीट्रेशन मैटर) पर विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया है।

# अखिलेश यादव के जन्मदिन पर अल्पसंख्यक सभा ने पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**स्वतंत्र भारत बहराइच।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिन को समाजवादी अल्पसंख्यक सभा द्वारा पूरे प्रदेश में ÷पर्यावरण दिवस÷ के रूप में मनाया गया। अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश अध्यक्ष शकील नदवी के निर्देश पर यह आयोजन किया गया, जिसमें पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष डॉ अनवारुल रहमान ख़ान के नेतृत्व में जनपद बहराइच के कई स्थानों पर पौधारोपण किया गया।जिले के पूर्व कैवेनेट मंत्री एवम् मटेरा विधायक मारिया शाह के पति यासर शाह जी ने अखिलेश यादव जी को समर्पित किया इस अवसर पर प्रदेश कमेटी के सदस्य मौलाना शमी ख़ान कादरी ,रियासत अली, अच्छु भाई,इसरार अहमद, अब्दुल कलाम शाह उपस्थित रहे।1-शासनादेश में स्पष्ट मापदंडों की कमी-मर्जर के लिए न्यूनतम या अधिकतम छात्र संख्या का उल्लेख नहीं किया गया जिससे शासन मनमानी कर रहा है।2कानूनो का उल्लंघन-शिक्षा का अधिकार अधिनियम आरटीई और बाल अधिकार अधिनियम का यह स्पष्ट उल्लंघन3-भविष्य में रोजगार पर प्रभाव, इस निर्देश लगभग 1.35 लाख सहायक अध्यापक 27000 प्रधान अध्यापक और हजारों शिक्षामित्र रसोईया की सेवाएं खतरे में आ जाएंगी।

# वन दरोगा कटवा रहा मोटा हरा पेड़

**स्वतंत्र भारत संवाद संग्रामगढ़ प्रतापगढ़।**वन रेंज कालाकांकर अन्तर्गत ब्लॉक रामपुर संग्रामगढ़ क्षेत्र लालगंज कोतवाली के सराय संग्राम सिंह सौना सरैया लालगंज कालाकांकर राज्य मार्ग से लगे बाग मे लगभग तीस साल पुराना प्रतिबंधित मोटा हरा गूलर का पेड़ वन माफिया ने धराशाई कर दिया, ब्लॉक परिसर मे बने वन विभाग कार्यालय से महज दो किलो मीटर पर पेड़ काटा जा रहा था और कार्यालय में ताला लटका हुआ था।इन दिनों एक तरफ वन विभाग वृक्षारोपण कर रहा है तो दूसरी तरफ बेगुनाह प्रतिबंधित हरे पेड़ों को वन दरोगा द्वारा वन माफिया से मिलीभगत करके कटवाया जा रहा है।वन रक्षक ही भक्षक बन गए है,जिससे पर्यावरण संरक्षण की बात इनके मुंह से शोभा नही देती है वहीं दूसरी तरफ बीट आरक्षी की मिलीभगत भी प्रकाश में आई है।

# डीएम व एसपी ने शेखपुर आशिक का किया निरीक्षण



**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।** कई सालों से शेखपुर आशिक मे मोहर्रम त्योहार पर होने विवाद को लेकर जिला प्रशासन मुस्तैद हो जाता है। शांतिपूर्ण तरीके से मोहर्रम त्योहार सम्पन्न करवाने के लिए स्थानीय पुलिस समेत समस्त विभाग सक्रिय हो जाता है।जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी एवं पुलिस अधीक्षक डॉ अनिल कुमार ने थाना कुण्डा क्षेत्रांतर्गत ग्राम शेखपुर आशिक का मोहर्रम को लेकर भ्रमण एवं निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान डीएम एवं एसपी द्वारा क्षेत्र की सामाजिक-सांपदायिक स्थिति,संवेदनशील स्थलों एवं सार्वजनिक स्थलों का अवलोकन करते हुए कानून-व्यवस्था की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया गया एवं मौके पर तैनात पुलिस बल एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों,कर्मचारियों की उपस्थिति,सतर्कता एवं ड्यूटी अनुशासन की जांच की गई तथा उन्हें पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराए जाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।उसके उपरान्त डीएम एवं एसपी ने थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के अन्तर्गत मोहनगंज चौराहा पर महाराणा प्रताप की प्रस्तावित मूर्ति स्थापना स्थल का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

# जिला कृषि अधिकारी ने चार बीज भंडार का लाइसेंस किया निलम्बित

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापग?।**जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार द्वारा किसानों को उनकी भूमि के आधार पर उर्वरक उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु 12 उर्वरक विक्रय प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया।निरीक्षण दौरान मोनू खाद भण्डार खेमी कुंडा,अंजीत कुमार जयसवाल कुंडा,ओझा बी? भण्डार खेमीपुर कुंडा और अजय बी? भण्डार कुंडा पर गंभीर अनियमितताएँ पाई गईं, इनके द्वारा न ही स्टॉक रजिस्टर और न ही स्टॉक वितरण रजिस्टर और न ही कृषकों को कैश मेमों दिया जा रहा है,ये उल्लंघन उर्वरक नियंत्रण आदेश एफसीओ 1985 के निर्देशों का सीधा उल्लंघन है।उपरोक्त गंभीर अनियमितताओं के आधार पर तत्काल प्रभाव से चारो लोगों का लाइसेंस निलंबित कर दिया है।लाइसेंस धारक को 15 दिनों के भीतर कार्यालय में जवाब देना होगा,अन्यथा लाइसेंस स्थायी रूप से रद्द किया जाएगा।

### एपीओ की छुट्टी बाद सजती ब्लॉक में सभा

**स्वतंत्र भारत संवाद बिहार प्रतापगढ़।**विकास खण्ड बिहार के अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मिश्रा का अजीबो गरीब कारनामा प्रकाश में आया है।जानकारी के मुताबिक एपीओ मिश्रा छुट्टी समय पर ग्राम प्रधानों को ब्लॉक मे बुलाते है।एपीओ द्वारा पत्रवाहक को परेशान किया जाता है।कार्यालय बंद होने के समय एपीओ द्वारा पत्रवाहक को कार्यालय खुला रखने को कहा जाता है,जब पत्र वाहक ने कहा साहब कार्यालय बंद करने का समय हो रहा है,आरोप है कि एपीओ द्वारा गाली गलौज किया गया। कार्यालय त्रिनेत्र के साए में है।बाकी विकास विभाग है।

### आपसी विवाद में महिला को पीटा

**स्वतंत्र भारत संवाद पट्टी प्रतापगढ़।**पट्टी कोतवाली के ठनेपुर गोपापुर निवासिनी एक महिला ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में दर्शाया है कि मंगलवार दोपहर लगभग 11 बजे वह दीवाल के सहारे घर के ऊपर चढ़कर घास को हटा रही थी कि पड़ोस के रहने वाला एक एक युवक अपने परिजनों के साथ मारने लगे।इस दौरान महिला का लज्जा भंग किया।जिससे वह अर्धनग्न हो गई।उक्त घटना से भयभीत महिला को उक्त युवक व उसके परिजनों से जान मॉल का खतरा बना हुआ है।पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है।

### दुष्कर्म आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**स्वतंत्र भारत संवाद संग्रामगढ़ प्रतापगढ़।** संग्रामगढ़ थाना के उपनिरीक्षक सूबेदार राय ने थाना हाजा पर दुष्कर्म मारपीट धमकी मामले मे दर्ज मुकदमा से सम्बन्धित फरार आरोपी मंजीत गौतम पुत्र कल्लू निवासी शुक्लन का पुरवा मजरे नौढिवा को नरई चौराहा के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# जबरन धर्म परिवर्तन के सात आरोपी गिरफ्तार



**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।**केरल राज्य के बाद जनपद मे लव जिहाद के मामले बढ़ते जा रहे है। कोतवाली कुंडा,जेठवारा कंधई आदि थाना क्षेत्र से लव जिहाद के मामले प्रकाश में आए है। कंधई थाना के हरदत्तपुर फतेहपुर गांव निवासिनी वादिनी को गांव के ही मिराज अली पुत्र मकसूद अली द्वारा बहला फुसलाकर साथ ले जाकर धर्म परिवर्तन कराते हुए कोर्ट मैरिज करवा लिया उसके बाद निकाह कराया। विवाह के कुछ समय बाद से पति ननद बहनोई जेठ द्वारा गाली गलौज अश्लील हरकतें व जान से मारने की धमकी दी जाने लगी।पुलिस ने वादिनी की तहरीर पर थाना हाजा पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया।प्रभारी निरीक्षक गुलाब चन्द्र सोनकर मय हमराह महिला एसआई शालिनी देवी आदि ने थाना हाजा पर दर्ज मुकदमा से सम्बन्धित आरोपी मिराज पुत्र मकसूद,फिरोज पुत्र मकसूद अली,मकसूद अली पुत्र हनीफ मिया निवासीगण हरदत्तपुर,शमीम पुत्र स्व अतहर अली निवासी दोहरी तकिया थाना कंधई,इसराइल पुत्र अब्दुल रशीद निवासी भाई थाना धम्मौर सुल्तानपुर,अकरम पुत्र मंसूर अली निवासी सेतापुर थाना अंतू व एक अभियुक्ता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# नगर के सरकारी तालाब पर भूमाफियाओं का कब्जा



**स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ़।**सरकार जहां एक ओर सरकारी तालाब पोखर के जीर्णोद्धार सौंदर्यीकरण कार्य करवा रही कि जल संचयन हो जिससे भूगर्भ जल स्तर समेत जीव जंतुओं को पानी नसीब हो सके। लेकिन दूसरी तरफ दबंग किस्म के भूमाफियाओं के द्वारा सरकारी तालाब पर कब्जा कर प्लाटिंग करके बेचने कार्य राजस्व विभाग के नाक के नीचे चल रहा है।नगर पंचायत कुंडा के कबरियागंज वार्ड मे स्थित गाटा संख्या-795 तालाब में दर्ज है जहां पर सूचना बोर्ड लगा हुआ है जोकि काफी पुराना हो चुका है,उसके बावजूद उक्त गाटा संख्या तालाब की अधिकतम जमीन पर प्लाटिंग करके भूमाफियाओं ने मोटी रकम वसूल कर लिया है।उक्त गाटा संख्या तालाब की जमीन से सीसी रोड का निर्माण किया जा रहा है,जिस पर डीएम से शिकायत उपरान्त डीएम के फटकार के बाद राजस्व विभाग कुंडा ने रोक लगा दिया है।उक्त तालाब का मामला उच्च न्यायालय मे विचाराधीन होना बताया जा रहा है।सूत्रों कि माने तो भूमाफिया द्वारा सीसी रोड का निर्माण करवाया जाना बताया जा रहा है।सवाल यह है कि उपजिलाधिकारी कुंडा वाचस्पति सिंह सरकारी तालाब पर किए गए अवैध कब्जा अतिक्रमण को क्यों नहीं हटवाया जा रहा है।इस तरह तो जमीन लोभी सरकारी तालाब चारागाह ऊसर बंजर भूमि निगल जाएंगे।

## रेलवे सुरक्षा बल कानपुर ने 2 मोबाइल चोरों को किया गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।** रेलवे सुरक्षा बल यात्रियों और उनके समान की सुरक्षा के लिए स्टेशन परिसर एवं गाड़ियों में निरंतर अभियान चलती रहती है । यात्रियों के समान की समान की सुरक्षा के लिए रेलवे सुरक्षा बल एवं राजकीय रेलवे पुलिस मिलकर अपराधियों के विरुद्ध संयुक्त अभियान भी चलाते हैं । दिनांक 01.07.2025 को कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर यात्री समान की चोरी पर रोकथाम के लिए रेलवे सुरक्षा बल की विशेष टीम ने राजकीय रेलवे पुलिस के सहयोग से निगरानी के लिए चलाये गए अभियान में कानपुर सेंट्रल स्टेशन के दिल्ली छोर पर साइड हैरिसगंज पुल के पास 2 शातिर चोर संदीप सिंह उर्फ डीजे, कुंदन नगर, नौरंगाबाद अलीगढ एवं अमित निषाद उर्फ खूबसूरत, दादानगर, जिला कानपुर नगर को गिरफ्तार किया गया । आरोपियों के पास से 03 मोबाइल ( 01 रियलमी, 01 सैमसंग व 01 वीवो) के साथ गिरफ्तार किया गया । सुरक्षा बालों द्वारा पूछताछ करने पर आरोपियों ने बताया कि वे अपने नशे की पूर्ति एवं शौक के लिए ट्रेनों से मौका पाकर यात्रियों का सामान व मोबाइल चोरी करते हैं । आरोपियों ने बताया उक्त 3 मोबाइल में से 01 मोबाइल करीबन 01 वर्ष पूर्व व 02 मोबाइल करीबन 07-08 महीने पहले कानपुर सेंट्रल से गुजरने वाली ट्रेनों से चोरी किए गए हैं ।

# प्रयागराज मण्डल में सघन चेकिंग अभियान, जून माह में 9.57 करोड़ का जुर्माना वसूला

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।** रेल यात्रियों को सुरक्षित, सुविधाजनक एवं नियमबद्ध यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए प्रयागराज मण्डल द्वारा जून माह में ट्रेनों एवं स्टेशनों पर विशेष सघन टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया।

यह अभियान वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक हिमांशु शुक्ला के निर्देशानुसार संचालित किया गया। इसका उद्देश्य बिना टिकट एवं अनियमित टिकट यात्रा पर प्रभावी नियंत्रण रखते हुए यात्रियों को नियमबद्ध और वैध टिकट के साथ यात्रा के प्रति जागरूक करना था। अभियान के दौरान कुल 1,33,663 यात्रियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए ?9,57,06,665/-ङ रुपये का जुर्माना वसूला गया।

इसमें 61,064 यात्री बिना टिकट यात्रा करते हुए पकड़े गए, जिनसे ?5,56,86,989/- जुर्माने के रूप में वसूले गए। वहीं, 66,207 यात्रियों ने अनियमित टिकट पर यात्रा की, जिनसे ?3,74,65,227/- की वसूली की गई। इसके अतिरिक्त, 2,331 यात्रियों को बिना बुक किए गए लगेज के साथ पकड़ा गया और उनसे ?3,39,312/- का जुर्माना वसूला गया।

इस दौरान, रेलवे की टीम ने यात्रियों की सुविधा का ध्यान रखते हुए 4,061 यात्रियों को ट्रेन में खाली सीटें उपलब्ध कराकर ?22,15,137/- का राजस्व भी अर्जित किया, जिसमें कोई अतिरिक्त जुर्माना नहीं लिया गया। यह प्रयागराज मण्डल द्वारा वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक चलाया गया सबसे बड़ा और प्रभावी चेकिंग अभियान रहा, जिसमें नियम पालन के साथ-साथ यात्री सेवा पर भी जोर दिया गया।

भारतीय रेल अधिनियम 1989 के अंतर्गत बिना टिकट या अनियमित टिकट पर यात्रा करना दंडनीय अपराध है, जिसमें जुर्माना, कारावास या दोनों का प्रावधान है। प्रयागराज मण्डल, उत्तर मध्य रेलवे अपने सभी सम्मानित यात्रियों से अपील करता है कि वे उचित और वैध टिकट लेकर ही यात्रा करें और रेलवे को सुरक्षित एवं अनुशासित बनाए रखने में अपना सहयोग प्रदान करें।

## पर्यावरण को लेकर सदा सचेत रहे अखिलेश यादव-नितेश तिवारी

### पर्यावरण व जल संरक्षण के लिए उन्हें अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर किया गया था सम्मानित

**स्वतंत्र भारत संवाददाता मेजा प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिवस पर समाजवादी युवजन सभा यमुनापार प्रयागराज के पदाधिकारियों ने पौधरोपण कर उनके स्वस्थ जीवन की कामना की।

जिलाध्यक्ष नितेश तिवारी ने कहा हम सब ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के पर्यावरण संरक्षण की सोच को आगे ले जाने के लिए पौधरोपण किया है।

सपा मुखिया अखिलेश यादव ने बतौर मुख्यमंत्री पर्यावरण संरक्षण को लेकर बेहद गम्भीर रहे और कई महत्वपूर्ण कार्य किए थे। श्री यादव ने अपने मुख्यमंत्रित्व काल में नदियों के पुनर्जीवन और उनकी निर्मलता को बनाए रखने के लिए



कई नीतिगत निणन्य लिए, जिससे पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिला। उन्होंने वृक्षारोपण के माध्यम से आक्सीजन की आपूर्ति बढ़ाने के लिए काम किया, जिससे पर्यावरण में सुधार हो सके।

उनके पर्यावरण और जल संरक्षण प्रयासों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है।

तिवारी जी ने कहा कि पेड़-पौधे हमारे जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष के जन्मदिन के अवसर पर समाजवादी युवजन सभा यमुनापार के पदाधिकारियों ने बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण कर अखिलेश यादव के दीर्घायु होने की प्रार्थना की है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से मैनुद्दीन अंसारी, पप्पू पासी, रतन्श यादव बंटी, अनुज पांडेय, अमन कुमार, ज्वाला यादव , लव सोनकर, लाल साहब यादव, मुकेश कुशवाहा, शिवमंगल सिंह, अरुण यादव, राकेश सोनकर सहित कई लोग मौजूद रहे।

## ईश्वर भक्ति से असंभव भी संभव हो जाता है - पं. राजेंद्र प्रसाद शुक्ल

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।** अवंतिका कॉलोनी के गेस्ट हाउस में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन भागवताचार्य पं. राजेंद्र प्रसाद शुक्ल ने ध्रुव और प्रहलाद चरित्र का प्रेरणादायक वर्णन किया। उन्होंने कहा कि ईश्वर की आराधना से व्यक्ति वह सब कुछ पा सकता है जो असंभव माना जाता है।बालक ध्रुव ने भगवान श्री हरि की भक्ति से अमरत्व पाया, वहीं प्रहलाद ने राक्षस कुल में जन्म लेकर भी भगवान की भक्ति कर अपने कुल और भविष्य को धन्य किया। कथा में यजमान पुष्पराज सिंह सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। यह जानकारी आर.के. शुक्ला, मीडिया प्रभारी ने दी।



## सपा के जिला उपाध्यक्ष बने डॉ अरविन्द वर्मा, जिला कार्यालय में हुआ स्वागत

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की अनुमति से प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने अल्लापुर निवासी डॉ अरविन्द वर्मा को जिला इकाई गंगापार का उपाध्यक्ष मनोनीत किया है।डॉ अरविन्द वर्मा पेशे से शिक्षक हैं और लम्बे अरसे से समाजवादी पार्टी से जुड़े हैं।

जिला कार्यालय में आज डॉ वर्मा के पहली बार आगमन पर पार्टी के नेताओं, कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से स्वागत करते हुए बधाई दी है। स्वागत करने वालों में जिलाध्यक्ष गंगापार अनिल यादव, महानगर अध्यक्ष सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन, डॉ निभन्य पटेल, दान बहादुर मधुर, संतलाल वर्मा, इंजी. विक्रम सिंह यादव,हरिश्चन्द्र यादव, राज कुमार पटेल, सुरेश कुमार दिलशाद,राकेश पाल,जय सिंह सिंह,नरेन्द्र सिंह, आशीष पाल, दिनेश यादव,अर्जुन यादव, अनिल कुमार, विश्व नाथ पाल, इंद्र सेन,



यादव, आर. एन. यादव, अनिरुद्ध पाल,कुशल पटेल, संजू यादव, मो सऊद, भोला यादव, धर्मेन्द्र यादव, उपेंद्र वर्मा, अमित यादव, जे पी राजेश पाल, महेंद्र पटेल, जवाहर मौर्य, रविन्द्र सिंह, राम अवध पाल, जगदीश यादव, राम दत्त विश्वकर्मी, डॉ आर एस कटारिया आदि रहे।

## उच्च शिक्षा में अध्ययनरत दिव्यांग संस्थागत छात्र आवासीय सुविधा हेतु 30 सितम्बर तक करें आवेदन

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।** उ0प्र0 शासन के दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित उच्च शिक्षा में अध्ययनरत दृष्टिबाधित, श्रवणबाधित एवं अस्थिबाधित दिव्यांगजनों को आवासीय सुविधा हेतु राजकीय दृष्टिबाधित छात्रावास, सी.पी.आई. कैम्पस, स्वरूपरानी चिकित्सालय के पास, प्रयागराज (उ0 प्र0) में प्रवेश हेतु 30 सितम्बर तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। प्रवेश आवेदन पत्र निःशुल्क किसी भी कार्यालय कार्य दिवस में उपरोक्त विधा के दिव्यांगजनों द्वारा दिव्यांग प्रमाण पत्र, शैक्षिक संस्थान की प्रवेश शुल्क रसीद की छायाप्रति उपलब्ध करानें पर निःशुल्क आवेदन पत्र प्राप्त किया जा सकता है। प्रवेश छात्रों को मेरिट एवं उनकी दिव्यांगता की प्रतिशत के आधार पर दिया जायेगा। यह प्रवेश एक शैक्षिक सत्र अथवा आगामी 30 जून 2026 तक के लिये किया जायेगा। प्रवेश के समय दिव्यांग प्रमाणपत्र, आय प्रमाणपत्र, जिस संस्था में अध्ययनरत है वहां की फीस रसीद की छायाप्रति तथा तीन फोटो, राजकीय चिकित्सालय का स्वस्थता प्रमाण पत्र एवं जिस संस्था में छात्र संस्थागत रूप से अध्ययनरत हैं वहां के संस्थाध्यक्ष अथवा सक्षम प्राधिकारी की संस्तुति आवश्यक है। छात्रों को प्रत्येक माह निर्धारित शुल्क एवं छात्रावास के मेस का शुल्क माह की प्रथम तिथि को जमा करना अनिवार्य होगा। छात्रावास के शुल्क आदि का विवरण निम्न है, जिसमें अनु0जाति/जनजाति के लिए प्रवेश शुल्क (एक बार) 200 रू0 तथा अन्य वर्ग/श्रेणी के लिए रू0 300.00 है।

## बाइक ने महिला को कुचला, मौत

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।** सराय ममरेज थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक सड़क दुर्घटना में वृद्ध महिला की मौत हो गई। घटना फूलपुर वारी मार्ग पर हुई। मृतका की पहचान परमा देवी के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार परमा देवी वारी नई बस्ती में रहती थीं। वह भेड़-बकरी पालन कर परिवार का भरण-पोषण करती थीं। मंगलवार शाम को वह अपनी बेटी सुमन पाल के साथ फूलपुर वारी कटहरा मार्ग के पास भेड़-बकरी चरा रही थीं। सड़क पार करते समय फूलपुर की तरफ से आ रही तेज रफ्तार अज्ञात मोटरसाइकिल ने उन्हें टक्कर मार दी। सर में गंभीर चोट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। बाइक सवार घटना के बाद फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## नैनी में गरीबों के मसीहा के रूप में श्रद्धा और सेवा भाव से मनाया गया पूर्व मुख्यमंत्री का जन्मदिन : धीरू यादव

### संगम तट पर मां गंगा की पूजा, सैकड़ों महिलाओं को वस्त्र वितरण, केक काटकर दी दीर्घायु की शुभकामनाएं

**स्वतंत्र भारत नैनी ।** नैनी में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का 52 वां जन्मदिन शहर दक्षिणी क्षेत्र में सादगी, सेवा और श्रद्धा के साथ भव्य रूप में मनाया गया।

यह आयोजन केवल एक राजनीतिक व्यक्ति के जन्मदिवस का नहीं, बल्कि एक विचारधारा, एक संकल्प और समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के लिए प्रतिबद्धता का उत्सव था। शहर दक्षिणी उपाध्यक्ष धीरेंद्र यादव 'धीरू' के नेतृत्व में कार्यक्रम की शुरुआत पवित्र अरैल तट नैनी में मां गंगा के चरणों में विधिवत पूजा-अर्चना से हुई। इस आध्यात्मिक आराधना के माध्यम से अखिलेश यादव की दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य और पुनः उत्तर प्रदेश की सत्ता में उनके आगमन की कामना की गई। गंगा तट की इस शांत और भावुक सुबह ने इस आयोजन को विशेष आध्यात्मिक ऊंचाई प्रदान की। धीरेंद्र यादव ने इस अवसर पर कहा कि अखिलेश यादव सिर्फ एक राजनेता नहीं, बल्कि गरीबों, मजदूरों, किसानों और युवाओं के हक की आवाज हैं। उनका जीवन समाज के कमजोर तबकों के उत्थान और समानता की लड़ाई के लिए समर्पित है।गंगा पूजन के उपरांत लक्ष्मी गार्डन, नैनी में एक भव्य सामाजिक सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया।

यहां लगभग 200 जरूरतमंद महिलाओं को साडि़यां और 50 महिलाओं को सलवार सूट वितरित किए गए। कार्यक्रम में विशेष रूप से ध्यान रखा गया कि सहायता उन महिलाओं तक पहुंचे जो वाकई जरूरतमंद हैं। यह वितरण कार्य न केवल वस्त्र देने का कार्य था, बल्कि सम्मान, सहयोग और मानवीय करुणा की भावना को जीवंत करने वाला था।इसके बाद कार्यक्रम स्थल पर 52 पाउंड का केक काटकर श्री अखिलेश यादव का जन्मदिन हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने ढोल-नगाड़ों और नारों के साथ अपने नेता के प्रति प्रेम और आस्था प्रकट की। सभी ने एकजुट होकर 2027 में अखिलेश यादव को पुनः उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाए जाने का संकल्प भी लिया।

इस आयोजन में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता सुभाष चंद्र केसरवानी, बब्बन दुबे, राजेश गुप्ता, मोहम्मद गौस, पप्पू लाल निषाद, देवी लाल यादव, मंजू यादव, संतोष यादव, रवि गुप्ता, अंकित यादव उर्फ चंचल, मुकेश यादव, सौरभ दीपक केसरवानी, सतीश श्रीवास्तव (बाबूजी), जगदीश यादव, मोहम्मद शहजाद, मोहम्मद इश्तियाक, राजू भट्ठाही, रिंकू यादव समेत दर्जनों कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान सामाजिक दूरी, साफ-सफाई और व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा गया।कार्यक्रम का समापन सभी कार्यकर्ताओं द्वारा सेवा ही समाजवाद है के मूलमंत्र को दोहराते हुए किया गया। यह आयोजन एक बार फिर साबित करता है कि समाजवादी विचारधारा केवल नारों तक सीमित नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर लोगों की मदद और सामाजिक न्याय की भावना से गहराई से जुड़ी हुई है।

## यथांस केसरवानी के नेतृत्व में मना सपा अध्यक्ष का जन्मदिन

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के 52वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में आज 261-शहर पश्चिमी विधानसभा क्षेत्र के प्रीतम नगर स्थित महारानी चौराहा पर एक भव्य भंडारे का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कौशांबी से लोकसभा सांसद मा. पुष्पेंद्र सरोज रहे। आयोजन में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, स्थानीय नागरिकों और समाज के विभिनन वर्गों से लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। केक काटकर माननीय अखिलेश यादव जी के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की गई। इस आयोजन का उद्देश्य समाजवादी विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाना, सामाजिक सौहार्द को प्रोत्साहित करना तथा जनसेवा की भावना को और अधिक सशक्त बनाना रहा। भंडारे के माध्यम से सैकड़ों लोगों को निःशुल्क भोजन वितरित कर मानव सेवा का संदेश दिया गया।इस कार्यक्रम का नेतृत्व मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड, उत्तर प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष यथांश केसरवानी जी द्वारा किया गया। वक्ताओं ने अखिलेश यादव के नेतृत्व, विकासोन्मुख दृष्टिकोण और जनकल्याण हेतु उनकी प्रतिबद्धता की सराहना की।कार्यक्रम ने आपसी भाईचारे, एकता और सेवा की भावना को सशक्त करते हुए समाजवादी मूल्यों को और मजबूत करने का कार्य किया।मुख्य रूप से एमएलसी मान सिंह यादव,पूर्व विधायक सत्यवीर मुनन,पूर्व जि़लाध्यक्ष योगेश यादव,अमरनाथ मौर्य,महानगर महासचिव रवींद्र यादव,रमाकांत पटेल,तारिक़ सईद अज्जू,शकील अहमद,हरिहर यादव,शिवम् गुप्ता,सत्यम पाल,इंद्रजीत पाल,मो? ताज,सत्यम केसरवानी,निखिल केसरवानी



## गरीब बच्चों को शिक्षा से वंचित करना बंद करो

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अजय राय के आह्वाहन पर महानगर प्रयागराज कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप मिश्र अंशुमन के नेतृत्व में आज प्राथमिक एवं जूनियर स्कूलों के मर्ज करने संबंधी कार्य के विरोध में राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी प्रयागराज को दिया गया। ज्ञापन देने के बाद महानगर प्रयागराज के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप मिश्र अंशुमन ने कहा कि उत्तर प्रदेश की बीजेपी सरकार ने छोटे छोटे बच्चों, युवाओं, छात्रों और बेरोजगारों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। शिक्षा ही किसी भी देश की मजबूती का आधार होती है और योगी जी उसी को समाप्त करने पर आमादा हैं। भारत के संविधान में प्राविधानित है कि 6 वर्ष से 14 वर्ष तक के बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा प्राप्त करने का मौलिक अधिकार है सरकार उनके मौलिक अधिकार को छीनने का कार्य कर रही है। स्कूलों के मर्ज करने से ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को 3 किमी से 5 किमी तक दूरी तय करनी पड़ेगी जिसके कारण उन गरीब अभिभावकों को अपने बच्चों को पढ़ाना संभव नहीं होगा। निजी स्कूलों में तो पैसे वाले लोग अपने बच्चों को पढ़ा लेंगे लेकिन उन गरीब अभिभावकों के बच्चों का क्या होगा जो नरेगा में मजदूरी करके अपने बच्चों का पेट पाल रहे हैं। 81 करोड़ लोगों की मुप्त अनाज देकर सरकार स्वयं सिद्ध कर रही है कि हमारे देश में इतने 81 करोड़ लोग गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे हैं। सरकार समस्या की जड़ में न जाकर शिक्षा को नष्ट कर रही है, यदि स्कूलों में छात्र संख्या कम है और पढ़ाई नहीं हो रही है तो इसके लिए पूरा सिस्टम जिम्मेदार है। सरकार के मुख्यमंत्री, शिक्षामंत्री, शिक्षा निदेशक बेसिक, एडी, जेडी, बीएसए, एबीएसए, संकुल प्रभारी हेड मास्टर क्या कर रहे थे जब छात्र संख्या स्कूलों में कम हो रही थी।



## आकाशिय बिजली की चपेट में आने से महिला की मौत, मचा कोहराम

**स्वतंत्र भारत संवाददाता मेजा,प्रयागराज।** मांडा थाना अंतर्गत कोसड़ा कला इलाके मे बुधवा दोपहर बारिश के दौरान तेज गडगड़ाहट के साथ गिरी आकाशिय बिजली की चपेट में आने से एक महिला बुरी तरह झूलस गई।परिजन तत्काल अस्पताल ले गए,लेकिन डाक्टरो ने महिला को मृत घोषित कर दिया। इससे परिजनों में कोहराम मच गया है। जानकारी अनुसार कोसड़ा कला गाव निवासी विनोद कुमार यादव की पत्नी निशा यादव (32) बुधवार दोपहर जानवरो को चारा डालने गई थी।इस दौरान अचानक बारिश होने से वह पेड़ के नीचे रुक गई।तभी तेज गडगड़ाहट के साथ आकाशिय बिजली गिर गई। इसकी चपेट में आने से महिला बुरी तरह झूलस गई। परिजन उसे उपचार के लिए मांडा सीएचसी ले गए,जहाँ डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इससे परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कों कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए शहर भेज दिया है। पुलिस मामले की जाँच मे जुटी। घर में परिजनों का रो रो कर बुरा हाल।



## अज्ञात युवक की शव मिलने से मचा हड़कंप

**स्वतंत्र भारत संवाददाता मेजा प्रयागराज।** मेजा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत कोना के मौजा सिंहपुर इलाके में 40 वर्षीय अज्ञात युवक का शव मिलने से लोगो मे हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंचे मेजारोड पुलिस चौकी प्रभारी रमेश सिंह ने शव कों नाले से बाहर निकाल शिनाख्त के लिए घंटो प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। पुलिस ने शव कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए शहर भेज दिया। पुलिस मामले की जाँच पड़ताल में जुटी हुई है।

## पेट्रोल टैंकर पलटा, कोई हताहत नहीं

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।** बमरौली क्षेत्र के बेगमबाजार में आज सुबह एक बड़ा हादसा टल गया, जब एक पेट्रोल से लबालब भरा टैंकर अचानक तेज रफ्तार में अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। गनीमत रही कि जिस वक्त हादसा हुआ, सड़क पर ट्रैफिक बहुत कम था, जिससे किसी जानमाल की क्षति की खबर नहीं है।

प्रत्यक्षदशिर्यों के अनुसार टैंकर के पलटते ही एक जोरदार आवाज हुई और सड़क पर पेट्रोल फैलने लगा। टैंकर से पेट्रोल लीक होता देख स्थानीय लोग तुरंत सतर्क हो गए और घटनास्थल की ओर दौड़े। लोगों ने आग लगने की आशंका के चलते तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही बेगम बाजार पुलिस चौकी से पुलिस मौके पर पहुंची और आस-पास की पूरी जगह को घेराबंदी कर खाली कराया। इसके बाद दमकल विभाग को भी सूचित किया गया। कुछ ही देर में दमकल की गाडि़यां भी घटनास्थल पर पहुंच गईं और सुरक्षा के सभी इंतजाम करते हुए टैंकर से पेट्रोल को ट्रांसफर करने की प्रक्रिया शुरू की गई।

दमकल और पेट्रोलियम विभाग की टीम मिलकर पेट्रोल को सुरक्षित तरीके से निकाल रही है, ताकि आग लगने या विस्फोट जैसी कोई दुर्घटना न हो। इसके बाद क्रेन की मदद से टैंकर को सीधा किया जाएगा और सड़क को पूरी तरह से यातायात के लिए खोल दिया जाएगा। इस हादसे के चलते बेगमबाजार से सटे कुछ इलाकों में ट्रैफिक को डायवर्ट किया गया है। पुलिस और प्रशासन की मुस्तैदी से एक बड़ी अनहोनी टल गई। फिलहाल घटनास्थल पर स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है।

## पुरुष आयोग की मांग को लेकर दिल्ली में होगा प्रदर्शन

### जन कल्याण समिति 170 संस्थाओं के साथ जंतर-मंतर पर करेगी विरोध

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।** देश में पुरुषों के अधिकारों और सुरक्षा की मांग को लेकर एक नई मुहिम शुरू हो गई है। इलाहाबाद जन कल्याण समिति के बैनर तले देशभर की 170 सामाजिक संस्थाएं एकजुट होकर दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना-प्रदर्शन करने जा रही हैं। इस आंदोलन की अगुवाई समिति के अध्यक्ष मोहम्मद हन्जला उर्फ सद्दाम हुसैन कर रहे हैं। हन्जला ने कहा कि देश में पशुओं, महिलाओं, बच्चों और कई वर्गों के हित में आयोग और मंत्रालय बने हुए हैं, लेकिन आज तक पुरुषों के लिए न कोई आयोग है और न ही कोई मंत्रालय। यह एक गंभीर सामाजिक असंतुलन है। उन्होंने कहा कि देश में पुरुषों की आबादी अधिक होने के बावजूद उनकी समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि महिला कानूनों का दुरुपयोग बढ़ता जा रहा है। अक्सर प्रभावशाली और संपनन पुरुषों पर झूठे आरोप, खासकर नाबालिग लड़कियों के साथ दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत लगवाए जाते हैं। फिर पीडि़त को ब्लैकमेल कर समझौते के नाम पर मोटी रकम वसूली जाती है। हन्जला का कहना है कि झूठे आरोप लगाना कानूनन अपराध है, लेकिन इस पर कड़ी कार्रवाई नहीं होती, जिससे इस प्रवृत्ति को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जब तक झूठी शिकायतों और मुकदमों पर सख्त कानून नहीं बनते, तब तक कई निर्दोष पुरुषों की जिंदगी बर्बाद होती रहेगी। समिति ने देश के सभी पुरुषों और समानता में विश्वास रखने वाले नागरिकों से अपील की है कि वे इस मुहिम में कंधे से कंधा मिलाकर साथ दें। हन्जला ने कहा कि न जाने कब किसी निर्दोष पर झूठा आरोप लग जाए और उसकी पूरी जिंदगी तबाह हो जाए। इससे पहले हमें आवाज़ उठानी होगी। समिति का यह आंदोलन पुरुषों को समान अधिकार और न्याय दिलाने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। उन्होंने कहा कि धरने की तारीख और अधिक जानकारी जल्द जारी की जाएगी।

## राजस्व टीम को घंटों तक बंधक बनाया

### नायब तहसीलदार समेत टीम पर हमला, दस्तावेज फाड़े, 31 लोगों पर एफआईआर दर्ज

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।** मेजा क्षेत्र में सीमांकन के दौरान राजस्व टीम पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। नायब तहसीलदार नंद लाल की अगुवाई में गई टीम को ग्रामीणों ने बंधक बना लिया।

घटना चोरबना गांव की है। यहां नाली काटकर खेत में मिलाने की शिकायत पर सीमांकन के लिए राजस्व टीम पहुंची थी। टीम में नायब तहसीलदार के अलावा राजस्व निरीक्षक, लेखपाल और 6 पुलिसकर्मी शामिल थे।

आरोप है कि जमुना प्रसाद प्रजापति, इंद्रेश कुमार समेत करीब 31 लोगों ने टीम पर हमला कर दिया। आरोपियों ने खसरा, खतौनी और नक्शे के दस्तावेज फाड़ दिए। लेखपाल का मोबाइल छीन लिया। टीम के साथ गालीगलौज और मारपीट की गई। आरोपियों ने दोबारा पैमाइश करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने पहले आरोपियों को हिरासत में लिया, लेकिन बाद में छोड़ दिया।

नायब तहसीलदार ने बुधवार सुबह डीएम से शिकायत की। डीएम ने थानेदार को फटकार लगाई और सीआरओ व डीसीपी यमुनापार की जांच टीम गठित की। आज् दोपहर मे पुलिस ने 8 नामजद समेत 31 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। इनमें 15 अज्ञात पुरुष और 8 महिला आरोपी शामिल हैं। मेजा थानेदार ने इस मामले पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## सराहनीय सुधार

भारत जैसे विशाल देश में रेल संचालन बहुत दुष्कर कार्य है। यह तथ्य विगत कई वर्षों से सामने आता रहा है। यात्रियों के लिए कई सुविधाएं दी जाती रही हैं जिनकी वे सराहना भी करते रहे हैं और यात्रा भी सुगम हुई है। इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए रेल मंत्रालय ने अपनी सेवाओं को अधिक सुविधाजनक और पारदर्शी बनाने के लिए कई सुधारों की घोषणा की है, जिनमें से कुछ इसी महीने से लागू हुए हैं, जबकि कुछ बड़े सुधार आगामी दिसंबर में लागू होने हैं। अब रेल मंत्री ने सुपरएप 'रेलवन' लॉन्च किया है। इस एक एप पर ही टिकट बुकिंग, ट्रेन ट्रैकिंग और कोच पोजीशन से लेकर ट्रेन में खाने की बुकिंग और शिकायत दर्ज करने जैसी तमाम सुविधाएं होंगी। इससे जनरल टिकट और प्लेटफॉर्म टिकट की बुकिंग तथा सीजन या मंथली पास भी बनवाये जा सकेंगे। दलालों पर अंकुश लगाने के लिए तत्काल टिकट बुकिंग में भी इस महीने से बदलाव किये गये हैं। नयी व्यवस्था में तत्काल टिकट सिर्फ प्रमाणित यात्री ही बुक कर सकेंगे। इसके लिए आइआरसीटीसी की वेबसाइट या एप पर रजिस्ट्रेशन कराना होगा और जुलाई के अंत से ओटीपी आधारित प्रमाणीकरण अनिवार्य होगा। यात्रियों की असुविधा को देखते हुए वेटिंग लिस्ट की सीमा तय करने के पुराने फैसले को भी बदल दिया गया है। कुछ समय पहले रेलवे बोर्ड ने ट्रेन में वेटिंग लिस्ट की सीमा घटाकर कुल क्षमता के 25 प्रतिशत तक कर दी थी। रेलवे का कहना था कि इससे आरक्षण वाले यात्रियों को बेहतर सुविधा मिलेगी। पर नये नियम से वेटिंग टिकट मिलना बहुत मुश्किल हो गया था। रेलवे में आरक्षण से संबंधित कुछ बड़े सुधार आगामी दिसंबर में लागू होंगे। इसके तहत ट्रेन चलने के आठ घंटे पहले आरक्षण चार्ट तैयार होगा जबकि अभी यह चार्ट चार घंटे पहले तैयार होता है, जिससे दूरदराज के प्रतीक्षा सूची वाले यात्रियों को असुविधा होती है। आठ घंटे पहले आरक्षण चार्ट जारी होने से प्रतीक्षा सूची वाले यात्री जरूरत पड़ने पर वैकल्पिक यात्रा की व्यवस्था कर सकेंगे। दिसंबर से यात्री आरक्षण प्रणाली (पीआरएस) में भी बदलाव होंगे, जिससे प्रति मिनट डेढ़ लाख से अधिक टिकट बुक किये जा सकेंगे जबकि अभी प्रति मिनट 32 हजार टिकट बुक होता है। हालांकि कई साल बाद इसी महीने से रेल किराये में वृद्धि की गयी है, जिससे निश्चित रूप से यात्रियों पर बोझ बढ़ेगा। लेकिन यह तो संचालन की विवशता है जो सहनी ही पड़ेगी।

## बारिश में हम

लखनऊ में पिछले करीब दो-ढाई महीनों से आशंका जताई जा रही थी कि नाले-नालियों की सफाई और खस्ताहाल सड़कों की मरम्मत व दुरुस्तीकरण न होने का खामियाजा बरसात में शहरवासियों को ही भुगतना पड़ सकता है। यह अंदेशा भी था कि इस मौसम में बिजली की आपूर्ति सुचारु रूप से जारी रह पाएगी या नहीं। मानसून सक्रिय होने के बाद अब ये सच होकर सामने आ रहे हैं। ऐसी नहीं कि ये संदेह नए सिरे से व्यक्त किए जा रहे थे। हर साल बारिश के मौसम में नागरिक इन्हीं सबको भुगतने के लिए मजबूर होते हैं। अनुभवों व संबंधित विभागों की निष्क्रियता पहले की तरह ही बनी रहने से ये दिक्कतें फिर शुरू हो गई हैं। काम पर हीलाहवाली इस कदर हावी है कि गड्ढामुक्त सड़कों के दावों के बावजूद इन पर फिर जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं जिन्हें डामर एवं मिट्टी से भरने के बजाय कचरे से भरने के 'जुगाड़' से काम पूरा करने की खानापूर्ति हो रही है। इस कचरे में प्लास्टिक, पॉलिथिन और मलबा शामिल है। दिमाग ऐसा लगाया गया है कि कहीं-कहीं कचरे को रौंदने के लिए बुलडोजर व ट्रैक्टर भी लगा दिए गए जिससे ऊपर से सड़क की तरह की सतह दिखाई दे। इस पर नगर निगम का कहना है कि बारिश में डामर पर पैचवर्क करने पर वह उखड़ जाएगा, इसलिए मलबा डालकर गड्ढे भरे जा रहे हैं। बारिश के बाद गड्ढों को भरेंगे। रूटीन कामकाज के लिहाज से ये दलील सही मानी जाएगी। लेकिन करदाता यह तो पूछेगा ही कि जब ऐसी मुश्किल जब बारिश के हर सीजन में आती है तो इस पर इस बार भी समय रहते ही कदम क्यों नहीं उठाया गया। अब इसका जवाब अगर यह है कि इसके लिए फाइल ढाई महीने पहले ही चला दी थी पर मंजूरी अभी नहीं मिली है तो बहुत सीधी बात है कि इसमें आम नागरिक की क्या गलती है कि उसे गड्ढे भरी सड़कों में गिरते-पड़ते, चोटिल होते हुए पानी के जमाव के बीच रास्ता पार करने की जिल्लत भुगतनी पड़ रही है। इसी में जब बच्चे और महिलाएं फंसते हैं तो उनकी हालत कोई भी समझ सकता है। क्या अधिकारी और कर्मचारी आम लोगों की इन मुश्किलों को समझने की कोशिश करेंगे या समय ही बिताएंगे कि बारिश चली जाए तब किसी को कोई शिकायत नहीं रहेगी।

## काँव-काँव

♦♦♦

**स्वस्थ रहकर ही बनेगा विकसित भारत- राष्ट्रपति**
दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में रहते हुए!

**भारतीय रेलवे ने लांच किया सुपर मोबाइल ऐप**
अगर सर्वर डाउन हुआ तो रेलवे जिम्मेदार नहीं!

**सुप्रीम कोर्ट ने लागू कर दी स्टाफ आरक्षण नीति**
डा. अंबेडकर का सपना था जातिमुक्त भारत!

**उत्तर प्रदेश के कई जिलों में हो गयी भारी बारिश**
नगर विकास की कारगुजारियां सामने आ गयीं!

**यूपी के छह मंडलों में होंगे आयुष पद्धति कालेज**
जड़ी बूटियों के जंगल शहरीकरण में गायब हुए!

**केंद्र और दिल्ली सरकार पर बरस पड़ीं मायावती**
मानसून के बीच में राजनीतिक बारिश का मजा!

♦♦♦

# बाजार के हवाले शिक्षा

**दिनेश प्रताप सिंह**

आज देश के प्रत्येक हाइवे के दायें-बाएं पब्लिक स्कूलों की भव्य इमारतें दिख जाती हैं। यह स्कूल सपना रचते हैं, फर्राटेदार अंग्रेजी बोलने का और स्मार्ट क्लास में पढ़ाई का ! यहाँ केजी से इंटर तक की पढ़ाई होती है, वह भी इंग्लिश मीडिएम में ! अंग्रेजी पर अच्छी पकड़ है तो नीट, जेईई, पीसीएस, क्लैट, सीए, आईआईटी, या आईआईएम की प्रतियोगी परीक्षाएं आसानी से क्रैक की जा सकती हैं। किसी विदेशी फर्म में लग जाएं, तो अंग्रेजी पता नहीं कहाँ से कहाँ पहुंचा देगी। फिर दौलत के ढेर पर बैठने से कौन रोक सकता है ? जितना बड़ा सपना, उसी अनुपात में कीमत ! जिसके पास पैसा है, वह सपने खरीद रहे हैं।


हमारे गाँव से जो लिंक रोड मुख्य सड़क को जाता है, उसके किनारे भी एक पब्लिक स्कूल खुल गया है। अभी नया है, कमरे कम हैं। कई कक्षाएं एसबेस्टस सीट से बने टपरों में लगती हैं। मगर दावा बड़ा है। दो-तीन महीना पहले प्रधानाध्यापक महोदय ने बताया था-'हमारे यहाँ कक्षा दो का बच्चा जो 'रहाइम' (उन्होंने 'राइम' को यही कहा था।) पढ़ता है, उसे सरकारी स्कूल में आठ में पढ़ने वाला छात्र नहीं पढ़ पाएगा।' सोचने की बात है, गुणवत्ता में कितना जबरदस्त फर्क है। आज के जमाने में बच्चे माता-पिता के चिन्तन के केंद्र में हैं। इसलिए अभिभावक के पास थोड़े भी पैसे हैं तो वह तथाकथित अधिक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने वाले विद्यालय में बच्चे का नामांकन कराएगा। किसी सरकारी स्कूल में नहीं! आजादी के पहले भी यहाँ दून, सोफिया, मेयो, सेंट लारेंस जैसे सामंत वर्ग के बच्चों के विद्यालय थे। यह संस्थान चमक-दमक ही नहीं, बल्कि गुणवत्ता के स्तर पर भी विदेशों के पब्लिक स्कूलों से कमतर नहीं थे। स्वतंत्रता के पूर्व ही यहाँ शिक्षा के राष्ट्रीयकरण और समान पाठ्यक्रम की चर्चा जोर-शोर से उठी थी। तब शिक्षा की कमान महात्मा गांधी, विनोवा भावे, एनी बेसेंट, डॉ. जाकिर हुसैन, जी. एस. अरुणडेल जैसे लोगों के हाथ में थी। फलस्वरूप सबको शिक्षा देने की नीति, रूपरेखा और क्रियान्वयन की एक समेकित योजना तैयार हो गई थी। बाद में संविधान में यह लक्ष्य प्राप्त करने के लिए दस वर्ष की समय सीमा निर्धारित की गई थी। होना यह चाहिए था कि प्राथमिक शिक्षा मजबूत बनाई जाती। अध्यापकों का व्यक्तित्व परीक्षण आधारित चयन होता। कक्षा की वैविध्यता को संभालने व मूल्य संवर्द्धन के लक्ष्य का दायित्व विकसित करने वाला शिक्षक प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए था। किन्तु इसके विपरीत अध्यापकों को मशीनी ढंग से पाठ्यक्रम निपटाने की ट्रेनिंग दी गई और शिक्षा का कारवां चल पड़ा।

यह मूलतः नीति नियोजकों के चिन्तन के गहरे अंतर्विरोध की परिणति थी। वास्तव में स्वतंत्रता के बाद शिक्षा व्यवस्था जिन हाथों में आयी, उनका एक अलग मत था। यह तबका आक्सफोर्ड और कैम्ब्रिज की भव्यता से प्रभावित था। इसलिए प्राचीन शिक्षा व्यवस्था का सूक्ष्म अध्ययन और नालन्दा व तक्षशिला जैसे देशज माडल से प्रेरणा ग्रहण करना उसके संस्कार में नहीं था। लिहाजा शिक्षा एकरूपता नहीं ग्रहण कर पायी। सरकारी शिक्षा सैनिक स्कूल, केन्द्रीय विद्यालय, नवोदय और सामान्य पाठशालाओं के कई प्रस्तरों में विभक्त होती चली गई। चर्च और अन्य धार्मिक संगठनों के शिक्षा निकाय भी स्कूल चलाते रहे। शहरों में महाजनों के स्कूल भी खुलते गए। वास्तव में यह पूरा सिलसिला राज्य की शिक्षा प्रणाली की पूरक या विस्तार की भूमिका से अधिक कुछ नहीं था। यह मुनाफा कमाने के स्रोत नहीं थे। सिर्फ यश और धर्म की कामना से प्रेरित थे। शुरू में शिक्षा की जो नीव थी, वह कई असंगतियों के बावजूद समानता, स्वातंर्त्य और बंधुत्व के मूल्य पर आधारित थी। वर्ण व्यवस्था जैसी विषमता के बावजूद भी इसमें सबके लिए प्रवेश की राह खुली थी। कुल मिलाकर आधुनिक शिक्षा का आरंभ सार्वजनीन और लोकतान्त्रिक मूल्यों पर हुआ था। किन्तु 1 जनवरी 1995 में डंकल प्रस्ताव पर हस्ताक्षर के बाद रीति-नीति में बदलाव आने लगा। गेट्स समझौता हुआ। यह भी स्वास्थ्य और शिक्षा को व्यापार के दायरे में लाने का पक्षधर हैं। विश्व बैंक, डब्ल्यू.टी.ओ. और अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोश के सहयोग से जिस अर्थव्यवस्था का ढांचा खड़ा हो रहा है, वह जनहित व सार्वजनिक क्षेत्र में दी जाने वाली सब्सिडी को क्रमशः कम करते हुए खत्म करने की नीति से संचालित हैं। यह शिक्षा पर सब्सिडी से बच रही है। नए शिक्षण संस्थान को इंफ्रा स्ट्रक्चर के नाम पर एकमुश्त धनराशि मुहैया करा के वित्तविहीन मान्यता की शुरुआत हो चुकी है। सरकारी दबाव के फलस्वरूप विश्वविद्यालय अनुदान आयोग उच्च शिक्षा के प्रतिष्ठानों को अपने लिए वित्त के स्रोत तलाशने के लिए प्रेरित करने लगा है। सलाह यहाँ तक मिल रही है कि उन्हें बहुराष्ट्रीय निगमों का सहयोग लेने का प्रयास करना चाहिए। विदेशी निगम तैयार बैठे हैं, यहाँ से उन्हें अच्छा अर्थलाभ ही नहीं होगा, बल्कि बाजारवादी जीवन मूल्यों की पोषक प्रतिभाएं विकसित करने का अवसर



भी उपलब्ध होगा। शिक्षा निरन्तर महंगी हो रही है। शुल्क और पाठ्य सामग्री की कीमतों में निरन्तर बृद्धि हो रही है। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में विदेशी संस्थाओं की भागीदारी का रास्ता तैयार है। इसके लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने 'यूनिवर्सिटी ग्रांटस कमीशन रेग्युलेशन्स-2023' का मसौदा जारी हो चुका है। हालांकि गरीबों और बँचितों के लिए इसमें भी आरक्षण और स्कालरशिप की एक खिड़की खोल दी गई है। मगर दिक्कत यह होती है कि ऐसे मामलों में खाने और दिखाने के दांत वाली बात हो जाती है। अभी तक का जो रुझान है, उसको देखते हुए यही कहा जा सकता है कि सरकारी विद्यालयों में सिर्फ वही बच्चे दाखिला ले रहे हैं, जिनके पालक प्राइवेट स्कूल का खर्चा नहीं उठा सकते। यह छंटनी के बच्चे हैं और उनमें से अधिकांश सरकारी सुविधाओं से लाभान्वित होने के उद्देश्य से विद्यालय में नाम लिखाते हैं। 'एनुअल स्टेटस ऑफ एजुकेशन रिपोर्टर्स' में इधर सरकारी स्कूलों में छात्रों के नामांकन में बृद्धि की स्थिति देखने में आती हैं। यह गलत नहीं है। इसके पीछे 'मुफ़्त एवं अनिवार्य शिक्षा अधिनियम-2009' की प्रेरणाएं हैं। इसका मुख्य मैनडेट बच्चों के लिए मैत्रीपूर्ण स्कूल उपलब्ध कराना है, जहां सभी बच्चे बिना किसी सामाजिक, आर्थिक और लैंगिक भेदभाव के भयमुक्त वातावरण में बालकेंद्रित गतिविधियों से सीखने के लिए उत्साहित हों। दूसरी महत्वपूर्ण बात यह थी कि पाठशाला में पढ़ने वाले बच्चों के माता-पिता को विद्यालय के प्रबंधन और संचालन में नेतृत्वकारी भूमिका दी गयी थी। इसका बड़ा सकारात्मक प्रभाव पड़ा और स्कूलों में नितांत वंचित वर्ग नट, बेड़िया, धरिकार, बड़मंस, मंगता जैसी जातियों की पहली पीढ़ी के बच्चों के नामांकन का सिलसिला आरंभ हो गया है। आज समाज के सबसे निचले तबके को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की अधिक जरूरत है। इस संवर्ग के अभिभावक अपने पाल्य को सरकारी स्कूलों में नामांकित कराते हैं, मगर उनके सपने तब टूट जाते हैं, जब वे देखते हैं कि उनके बच्चे कुछ खास नहीं सीख रहे हैं। ऐसी स्थिति में जिन अभिभावकों के पास थोड़ा भी पैसा होता है तो और न सही 'रहाइम' पढ़ाने वाले पब्लिक स्कूल में ही अपने बच्चों का नामांकन करा देते हैं। ढेर सारे अभिभावकों का जब यहाँ से मोहभंग होता है तो घूम-फिरकर वह दोबारा सरकारी स्कूल में बच्चों को भेजने लगते हैं। कम से कम यहाँ बच्चों को मध्यान्ह भोजन, गणवेश, निःशुल्क पाठ्य पुस्तक, छात्रवृत्ति, स्वेटर-जूता का पैसा तो मिल जाता है। सरकारी स्कूल की छात्र संख्या इसलिए भी बढ़ रही है।

## प्रेमचंद की कहानियां



### ठाकुर का कुआं

उसने घड़ा और रस्सी उठा ली और झुक्रू चलती हुई एक वृक्ष के अंधेरे साये में जा खड़ी हुई। कब इन लोगों को दया आहे है किसी पर। बेचारे महंगू को इतना मारा कि महीनों लहू थूकता रहा। इसलि कि उसने बेगार न दी थी! उस पर ये लोग ऊंचे बनते हैं।॥कुएं पर दो स्त्रियां पानी भरने आयी थीं। इनमें बातें हो रही थीं। 'खाना खाने चले और हुक्म हुआ कि ताजा पानी भर लाओ। घड़े के लि पैसे नहीं हैं।' 'हम लोगों को आराम से बैठे देखकर जैसे मरदों को जलन होती है।'

'हां, यह तो न हआ कि कलसिया उठाकर भर लाते। बस, हुकुम चला दिय कि ताजा पानी लाओ, जैसे हम लौंडियां ही तो हैं।' 'लौंडियां नहीं तो और क्या हो तुम ? रोटी कपड़ा नहीं पार्ती ? दस-पांच रुप छीन-झपटकर ले ही लेती हो। और लौंडियां कैसी होती हैं।''मत लजाओ दीदी ! छिन भर आराम करने को जी तरसकर रह जाता है इतना काम किसी दूसरे के घर कर देती. तो इससे कहीं आराम से रहती। ऊप से वह एहसान मानता। यहां काम करते-करते मर जाओ पर किसी का मह नहीं सीधा होता।'

दोनों पानी भरकर चली गयीं, तो गंगी वृक्ष की छाया से निकली और कुएं के जगत के पास आयी। ब्रफिक्रे चले गये थे। ठाकुर भी दरवाजा बन्द कर आंगन में सोने जा रहे थे। गंगी ने क्षणिक सुख की सांस ली। किसी तरह मैदान तो साफ हुआ। अमृत चुरा लाने के लिए जो राजकुमार किसी जमाने में गया था, वह भी शायद इतनी सावधानी के साथ और समझ-बूझकर न गया होगा। गंगी दबे पांव कुएं के जगत पर चढ़ी। विजय का ऐसा अनुभव उसे पहले कभी न हुआ था। उसने रस्सी का फंदा घड़े में डाला। दायें-बायें चौकन्नी दृष्टि से देखा, जैसे कोई सिपाही रात को शत्रु के किले में सूराख कर रहा हो। अगर इस समय वह पकड़ ली गयी, तो फिर उसके लिए माफी या रिआयत की रत्ती-भर उम्मीद नहीं।

क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**लेन देन धन अन्न के, विद्या पढ़ने माहिं।**
**भोजन सखा विवाह में, तजै लाज सुख ताहिं।।**

जो मनुष्य लेन-देन, भोजन, धन-धान्य और व्यवहार से निर्लज रहता है, वहीं इंसान अपने जीवन में आगे बढ़ता है। उसे कोई भी व्यक्ति हरा नहीं सकता है। अपने कार्यों को अपने मन से करता है।

♦♦♦

# हिन्दू राष्ट्र का ढोल और जातिवाद का आतंक



**– निर्मल रानी**

स्वयंभू हिन्दू राष्ट्रवादियों द्वारा गत एक दशक से देश के बहुसंख्यक समाज को भारत को 'हिन्दू राष्ट्र' बनाने का सपना दिखाया जा रहा है। देश के अनेक दक्षिणपंथी नेताओं से लेकर तमाम कथावाचक व संत समाज से जुड़े लोग इसी 'प्रोपेगण्डे' को प्रचारित करने में जुटे हुये हैं। इसी हिन्दू राष्ट की दुहाई देकर समाज में धर्म के आधार पर नफ़रत फैलाई जा रही है। सत्ता संरक्षित नफ़रती लोग धर्म विशेष के विरुद्ध जमकर ज़हर उगल रहे हैं और इसी बहाने देश के बहुसंख्य समाज को हिंदुत्व के नाम पर संगठित होने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। जिस देश में सभी धर्मों के लोग सदियों से मिलकर रहते आ रहे हों उस देश के बहुसंख्य समाज को अब अल्पसंख्यक समाज का भय दिखाकर शेष बहुसंख्य समाज को एकजुट होने का पाठ केवल और केवल अपने राजनैतिक लाभ के लिए पढ़ाया जा रहा है। और इन्हीं दक्षिणपंथी शक्तियों द्वारा इसी हिन्दू राष्ट्रवाद के नाम पर छेड़ी गयी मुहिम के मध्य, देश के उस संविधान को भी बदलने का प्रयास किया जा रहा है जो भारतवसियों को समानता, समरसता, समाजवाद व धर्मनिरपेक्षता का अधिकार देता है। साथ ही इन्हीं स्वयंभू हिन्दू राष्ट्रवादियों द्वारा विवादित मनुस्मृति को भातीय संविधान के रूप में थोपे जाने की वकालत भी की जा रही है। यह शक्तियां उसी मनुस्मृति को देश पर थोपने के लिये प्रयासरत हैं जिसे संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीम राव अंबेडकर ने 25 दिसंबर 1927 को महाराष्ट्र के महाड में सार्वजनिक रूप से जलाया था। मनुस्मृति का विरोध करने वाले लोग आज भी उस ऐतिहासिक दिन को 'मनुस्मृति दहन दिवस' के रूप में याद करते हैं। डॉ अंबेडकर ने मनु स्मृति का दहन इसलिये किया था क्योंकि यह ग्रंथ सामाजिक असमानता और जाति व्यवस्था को प्रोत्साहित करने वाली शिक्षाओं को बढ़ावा देता है। जबकि मनु स्मृति का विरोध व इसके दहन का उद्देश्य दलितों और शोषित वर्गों के लिए समानता और न्याय की मांग को प्रतीकात्मक रूप से व्यक्त करना था। सवाल यह है कि दक्षिणपंथियों द्वारा जिस मनुस्मृति की पैरवी की जा रही है क्या वह हिन्दू राष्ट्रवादियों द्वारा दिखाये जा रहे हिन्दू राष्ट्र निर्माण के स्वप्न को पूरा करने में सहायक साबित हो सकती है ? यदि हाँ तो पहला सवाल तो यही की बाबा साहब जैसी शख़्सियत को इसे जलाने की नौबत ही क्यों आई ? और दूसरे यह कि आख़िर हिन्दू धर्म में वह कौन सी व्यवस्था थी जिसका विरोध करते हुये डॉ. भीमराव आंबेडकर ने 14 अक्टूबर 1956 को नागपुर में एक ऐतिहासिक धर्म परिवर्तन समारोह में बौद्ध धर्म स्वीकार किया। और इस सामूहिक धर्म परिवर्तन समारोह में डॉ. आंबेडकर के साथ उनके लगभग 3,80,000 अनुयायियों ने जिनमें मुख्य रूप से दलित समुदाय के लोग शामिल थे, बौद्ध धर्म स्वीकार किया। आज भी इस सामूहिक धर्म परिवर्तन को भारत में सामाजिक समानता और दलित आंदोलन का एक महत्वपूर्ण क़दम माना जाता है। परन्तु दुःख का विषय तो यह है कि शोषित वर्ग द्वारा किये गये इस धर्म परिवर्तन के बावजूद आज भी मनुवादियों की सोच में कोई अंतर नहीं आया है। बल्कि ऐसा प्रतीत होता है कि यह जातिवादी विचारधारा गत दस वर्षों में और भी सिर चढ़ कर बोलने लगी है। और तो और अब इस जातिवादी



सोच का शिकार केवल दलित समाज के लोग ही नहीं बल्कि पिछड़ी जातियों के लोग भी होने लगे हैं। इसका जीता जागता प्रमाण पिछले दिनों उत्तर प्रदेश के इटावा ज़िले में केवर थाना क्षेत्र के दादरपुर गांव में देखने को मिला। यहाँ भागवत कथा कहने आए यादव समाज से सम्बन्ध रखने वाले एक कथावाचक भागवताचार्य व्यास मुकुट मणि के साथ ब्राह्मण समाज के लोग अत्यंत क्रूरता से पेश आये। कथावाचक को अपमानित किया उनके साथ मारपीट की और उनकी चोटी काटकर इस क्रूरता का वीडियो भी वायरल कर दिया गया। उनका क़ुसूर यही बताया गया कि कथा वाचन कर रहे व्यास, ब्राह्मण समुदाय के नहीं थे इसलिए उनकी चोटी काट दी गई और उनका वीडियो वायरल किया गया। इतना ही नहीं बल्कि बाल काटने के बाद 5 घंटे तक उन्हें बंधक बनाकर भी रखा गया। जातिवादी क्रूरता का अध्याय यहीं समाप्त नहीं हुआ बल्कि पीड़ित कथावाचक के अनुसार भागवत कथा के दौरान जो ब्राह्मण महिला परीक्षित थी, उसके पैरों पर कथावाचक की जबरन नाक रगड़वाई गई और उसी ब्राह्मण महिला के मूत्र से उस पर छिड़काव भी किया गया। उस पंडितानी महिला का मूत्र छिड़कने के बाद इन जातिवादियों द्वारा उससे कहा गया कि 'ब्राह्मण का मूत्र तुम्हारे ऊपर पड़ गया अब तुम पवित्र हो गए'। ज़रा सोचिये कि कौन सी शिक्षा व संस्कार हैं जो इस क्रूरता के लिये जाति विशेष के लोगों दूसरी जातियों के विरुद्ध प्रोत्साहित करते हैं ? दलितों के साथ तो ऐसी घटनाएं गोया आम बात हो चुकी हैं। पिछले दिनों ऐसी ही एक हृदय विदारक घटना उड़ीसा में हुई जहाँ गोतस्करी का आरोप लगाकर कुछ जातिवादी गुंडों द्वारा पहले तो उनसे पैसे वसूलने की कोशिश की गयी। जब दलित युवक पैसे देने में असमर्थ हुये तो उन दोनों युवाओं को 2 किलोमीटर तक घुटने के बल चलने के लिये मजबूर किया गया। इनके सर के बाल भद्दे तरीक़े से काटे गये उन्हें मारा पीटा गया ,उनके कपड़े फाड़े गये, उन्हें घास फूस खिलाई गयी। इतना ही नहीं बल्कि उन्हें नाले का गन्दा पानी पीने के लिए भी मजबूर किया गया। इस तरह की घटनाएं भी आम हो चुकी हैं। अफ़सोस यह कि ऐसी क्रूर सोच व घृणित संस्कार रखने वाले लोगों को अनेक संतों व नेताओं का समर्थन भी मिल जाता है और वह मनुस्मृति जैसे जातिवादी धर्म ग्रंथों व संहिताओं से ही ढूंढ कर इन जातिवादियों के पक्ष में तर्क भी पेश कर देते हैं। और ऐसे ही जातिवादी लोगों के पैरोकार व समर्थक ही हिन्दू राष्ट्र व हिन्दू एकता जैसी विरोधाभासी बातें भी करते हैं।

## प्रेरक प्रसंग

### समस्या का हल

एक आश्रम में गुरु अपने कुछ शिष्यों के साथ रहते थे। गुरु सभी शिष्यों को शास्त्रों का ज्ञान दे रहे थे। एक दिन एक शिष्य ने गुरु से कहा, मुझे कोई ऐसा उपाय बताइए, जिससे मुझे जल्दी से जल्दी सफलता मिल सके। ऐसा उपाय जिसकी मदद से हर समस्या हल हो सकती है। गुरु बहुत विद्वान थे। उन्होंने कहा, मैं एक तरीका बता दूंगा, जिससे तुम्हारी सारी समस्याएं दूर की जा सकती हैं। लेकिन, पहले तुम मेरी बकरी को खूंटे से बांध दो।

गुरु ने अपनी बकरी की रस्सी शिष्य के हाथ में पकड़ा दी। बकरी किसी से भी आसानी से काबू में नहीं आती थी। शिष्य ने जैसे ही बकरी को खूंटे से बांधने लगे, वह उछल-कूद करने लगी। बहुत कोशिश करने के बाद भी बकरी काबू में नहीं आ रही थी। शिष्य ने कुछ देर सोचा कि इसे कैसे काबू किया जाए। सोचने के बाद बकरी को पकड़ा और उसके पैर रस्सी से बांध दिए। इसके बाद शिष्य ने बकरी को खूंटे से आरामा से बांध दिया। गुरु ये सब देख रहे थे। शिष्य की बुद्धिमानी देखकर गुरु प्रसन्न हो गए।

गुरु ने शिष्य से कहा, ठीक इसी तरह किसी भी समस्या की जड़ को पकड़ लेने से बड़ी से बड़ी समस्या बहुत ही आसानी से हल हो सकती है। यही सफलता का मूल मंत्र है। विपरीत परिस्थितियों में भी हमें बुद्धिमानी से ही काम करना चाहिए। धैर्य बनाए रखें और सोच-समझकर आगे बढ़ें। सबसे पहले समस्या की जड़ को समझें और फिर उसे हल करने की योजना बनाएं। तभी सफलता मिल सकती है।

## आपका पत्र मिला

### जुंबा नृत्य पर केरल सरकार का फैसला सराहनीय

केरल की वामपंथी सरकार ने युवाओं को नशे और हानिकारक प्रवृत्तियों से दूर रखने के लिए स्कूलों में जुंबा नृत्य की व्यवस्था जारी रखने का जो फैसला किया है, वह निश्चित ही सराहना योग्य है। जुंबा एक विश्वप्रसिद्ध एरोबिक नृत्य है जो संगीत और शारीरिक व्यायाम का संयोग है। यह मनोरंजन के साथ-साथ फिटनेस बढ़ाने, तनाव घटाने और मानसिक एकाग्रता बढ़ाने में भी सहायक है। आज के दौर में जब युवा तेजी से मोबाइल और नशे की गिरफ्त में आ रहे हैं, ऐसे में उन्हें आकर्षक शारीरिक गतिविधियों की ओर मोड़ना समय की मांग है। जुंबा ऐसी ही एक गतिविधि है, जो स्वास्थ्य लाभ के साथ-साथ उन्हें सकारात्मक ऊर्जा से भर देती है। यह देखा गया है कि जिन छात्रों की दिनचर्या में ऐसी रचनात्मक गतिविधियां शामिल होती हैं, उनका मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होता है और वे पढ़ाई में भी अधिक ध्यान केंद्रित कर पाते हैं। हालांकि कुछ मुस्लिम संगठनों ने जुंबा का विरोध करते हुए इसे अश्लील करार दिया, लेकिन यह विरोध उसी मानसिकता का हिस्सा है जो योग जैसे वैज्ञानिक और स्वास्थ्यवर्धक अभ्यासों का भी विरोध करती है। ऐसे विरोध को धार्मिक रंग देना अनुचित है, विशेष रूप से तब जब यह पहल समाज के हित में की गई हो। अन्य राज्य सरकारों को भी इस पहल से प्रेरणा लेनी चाहिए और जुंबा या इसी तरह की रचनात्मक गतिविधियों को अपने विद्यालयों और महाविद्यालयों में शामिल करना चाहिए। इससे न केवल युवा नशे और मोबाइल की लत से दूर रहेंगे, बल्कि एक स्वस्थ और अनुशासित जीवनशैली भी विकसित कर पाएंगे।

**विभूति बुपक्या**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं। **संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrabharat77@gmail.com*

# शिफॉन साड़ी में पाएं ऑफिस पार्टी के लिए परफेक्ट ग्रेसफुल लुक



हर महिला को साड़ी स्टाइल करना पसंद होता है। यही वजह है कि सुंदर दिखने के लिए महिलाएं बेहतरीन डिजाइन वाली साड़ियां खरीदती हैं। वहीं, अगर आप ऑफिस पार्टी में शामिल हो रही हैं और इस दौरान आप प्रोफेशनल और ग्रेसफुल लुक चाहती हैं, तो आप शिफॉन साड़ी का चुनाव कर सकती हैं। यह साड़ी आपके लुक को खूबसूरत और न्यू टच देने का काम करेगी। साथ ही, इन साड़ियों को स्टाइल करने के बाद आपका लुक सबसे अलग नजर आएगा।बाजार में आपको शिफॉन साड़ियां कई सारे कलर और डिजाइन ऑप्शन के साथ मिल जाएंगी। लेकिन, अगर आप कुछ न्यू ट्राई करने का सोच रही हैं, तो आप इस आर्टिकल की मदद से ऑफिस की पार्टी में स्टाइल करने के लिए एक बेहतरीन साड़ी का चुनाव कर सकती हैं।

### लेस वर्क शिफॉन साड़ी

भीड़ से अलग दिखने के लिए ऑफिस की पार्टी में आप इस तरह की लेस वर्क शिफॉन साड़ी पहन सकती हैं। लेस वर्क वाली ये साड़ी पहनने के बाद काफी सुंदर लगती है और इसे आप हॉल्टर नेक या स्ट्रैप वाले ब्लाउज के साथ पहन सकती हैं। इस साड़ी के साथ आप ऑक्सीडाइज़्डज्वेलरी पहन सकती हैं, साथ ही हाथों में कंगन स्टाइल कर सकती हैं। यह साड़ी आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही जगहों से 2000 रुपये से कम कीमत में मिल सकती है।

### एम्बेलिश्ड शिफॉन साड़ी

अगर आपको लाइट कलर पसंद हैं, तो आप इस तरह की एम्बेलिश्ड शिफॉन साड़ी पहन सकती हैं। एम्बेलिश्ड वर्क वाली इस साड़ी में आपका लुक अच्छा लगेगा। इस साड़ी को आप कॉन्ट्रास्ट ब्लाउज के साथ पहन सकती हैं जो आपके लुक को नया टच देगा। यह साड़ी आपको कई सारे डिजाइन ऑप्शन के साथ 1,500 से 2,000 रुपये की कीमत में मिल जाएगी। इस साड़ी के साथ पर्ल वर्क इयररिंग्स और बालों में बन हेयरस्टाइल बना सकती हैं।

### ओम्ब्रे शिफॉन साड़ी

सेलिब्रिटी जैसा लुक पाने के लिए आप इस तरह की साड़ी का चुनाव कर सकती हैं। इस ओम्ब्रे शिफॉन साड़ी में किसी भी तरह का वर्क नहीं किया गया है, लेकिन इस साड़ी को स्टाइल करने के बाद आपका लुक बहुत अच्छा लगेगा। इस साड़ी को आप स्लीवलेस ब्लाउज के साथ पहन सकती हैं और ज्वेलरी में आप झुमके स्टाइल कर सकती हैं। मार्केट में आपको यह साड़ी 1,000 रुपये में मिल सकती है। साथ ही, ऑफलाइन इस साड़ी को आप और भी कम कीमत में खरीद सकती हैं।

# सावन में हरा रंग ही है असली स्टाइल, इन आउटफिट्स में लगेंगी आप सबसे हटके

हर वर्ष आने वाला हिंदू कैलेंडर का पांचवा महीना सावन का महीना कहलाता है। इस पूरे महीने को भगवान शिव की भक्ति और साधना के लिए सर्वश्रेष्ठ माना है। ऐसे में इस पूरे महीने शिवभक्त शिवालयों से लेकर घरों तक में पूजा अर्चना करके भोलेनाथ को प्रसन्न करते हैं।

ऐसी मान्यता है कि इस महीने हरे रंग के कपड़े पहनना भी काफी शुभ होता है, इसीलिए कुछ लोग सावन के सोमवार में पूजा के दौरान हरे रंग के ही आउटफिट पहनते हैं। यदि आप भी कुछ हरा आउटफिट पहनने का प्लान कर रही हैं तो यहां हम आपको इसके कुछ विकल्प देने जा रहे हैं।



### फ्लोरल ग्रीन साड़ी

सावन के महीने में हर तरफ हरियाली रहती है, ऐसे में अगर आप ऐसी फ्लोरल हरी साड़ी पहनेंगी तो हर कोई आपको देखता रह जाएगा। हरे रंग की ऐसी साड़ी आपकी खूबसूरती में चार चांद लगाएगी। इसे कैरी करते समय अपने बालों में जूड़ा बनाएं। ज्वेलरी को भी थोड़ा हल्का ही रखें, क्योंकि आज-कल हैवी ज्वेलरी पहनने का ट्रेंड नहीं है।

### हरी बंधेज साड़ी

बंधेज प्रिंट की साड़ी महिलाओं को खूब पसंद आती है। खासतौर पर अगर आप विवाहित हैं, तब तो ये आपके सावन लुक को और खूबसूरत बना देगी। इसके साथ कॉन्ट्रास्ट में ब्लाउज पहनें, ताकि आपका लुक अच्छा दिखे। इसके साथ चाहें तो गले में चोकर पहनते हुए बालों को स्लीक स्टाइल में बांधें। इससे आपका लुक काफी सादगी भरा लगेगा।

### ग्रीन अंगरखा सूट

ये सूट ज्यादातर महिलाओं को अनारकली जैसा ही लगता है, जबकि ये अनारकली से काफी अलग होता है। इस सूट का अपर पार्ट अंगरखा के स्टाइल में होता है, इसलिए इसे अंगरखा सूट कहते हैं। यदि ये पहनना है तो इसके साथ बालों को कर्ल करके खुला रखें। ऐसे सूट के साथ पैरों में हील्स काफी कमाल की लगती हैं।

### ग्रीन अनारकली सूट

अनारकली सूट तो महिलाओं की पहली पसंद है ही। ये सूट देखने में रॉयल लगता है, और इसे कैरी करना भी काफी आसान होता है। ऐसे में अगर आप भी अनारकली सूट कैरी कर रही हैं तो उसके साथ दुपट्टा अवश्य लें, दुपट्टे से किसी भी सूट की खूबसूरती बढ़ जाती है। अगर आपका पूरा सूट एकदम प्लेन है तो उसके साथ हैवी दुपट्टा अलग से कैरी कर लें, ताकि ये देखने में अच्छा लगे।

### इन बातों का ध्यान रखकर हों तैयार

हरा रंग काफी खूबसूरत होता है, ऐसे में इसके साथ आपको ज्यादा मेकअप और हैवी ज्वेलरी की जरूरत नहीं है। हरे आउटफिट की खूबसूरती में चार चांद लगाने के लिए हाथों में चूड़ी पहनें और माथे पर बिंदी अवश्य लगाएं। साथ ही अपने मेकअप को भी लाइट रखकर तैयार हों।

# लूज फिटिंग वाली जींस के संग पहनें ऐसी 3 कुर्तियां

यंग गर्ल्स को अक्सर आपने देखा होगा कि वो अपने लुक्स को अपडेट करने के लिए तरह-तरह के एक्सपेरिमेंट करती रहती हैं। ताकि लुक फैशनेबल और क्लासी नजर आ सके। वहीं कुर्तियां और जींस हमेशा से गर्ल्स की पहली पसंद रहती हैं। इनमें लुक स्टाइलिश दिखने के साथ काफी कॉम्फर्टेबल भी रहता है। अधिकतर लड़कियां जींस के संग टॉप और कुर्ती के संग लैगिंग्स वियर करना पसंद करती हैं। ऐसे में यदि आप भी इस लुक को कैरी करते हुए बोर हो चुकी हैं और अपने लुक में फैशन का तड़का लगाना चाहती हैं, तो आज हम आपको जींस और कुर्ती का एक बेहतरीन कॉम्बिनेशन बताने जा रहे हैं। जिसको कैरी करने के बाद आपका लुक बेहद अट्रैक्टिव नजर आएगा।

### लूज फिटिंग के संग पहनें ये 3 कुर्तियां

यदि आपके पास भी लूज फिटिंग वाली कुर्तियां हैं, तो आप उनके संग यह तीन तरह की कुर्तियां पहन सकती हैं। यह आपको बेहतरीन लुक देंगी।

### हाई स्लिट कुर्ती

यदि आपको अपना लुक स्टाइलिश बनाना है, तो आप उसके संग ऐसी हाई स्लिट कुर्ती का चुनाव कर सकती हैं। यह कुर्ती आपको बेहद स्मार्ट लुक देगी। इसको पहनकर आपका लुक गर्ल्स गैंग में एकदम मॉडर्न नजर आएगा। यह आपकी लूज फिटिंग वाली लाइट कलर की जींस के संग परफेक्ट फैशन स्टेटमेंट सेट करेगी। ऐसी कुर्तियां अधिकतर शिफॉन फैब्रिक में मिलती हैं। ऐसे में आप इन्हें अपनी चॉइस के हिसाब से प्लेन या फिर प्रिंटेड में खरीद सकती हैं। यह आपको आसानी से ऑनलाइन 400 से 700 रुपये में मिल जाएंगी।

### स्ट्रेट नूडल स्ट्रैप कुर्ती

ऑफिस या ऑफिशियल मीटिंग में कैरी करने के लिए स्ट्रेट कुर्ती बेस्ट रहती हैं। ऐसे में आप अपना लुक थोड़ा और क्लासी बनाने के लिए स्ट्रेट विद नूडल स्ट्रैप कुर्ती को लूज फिटिंग वाली जींस के संग कैरी कर सकती हैं। इस लुक में आप काफी ग्रेसफुल नजर आएंगी। इसके संग आप ऑक्सीडाइज झुमकी, बन हेयर स्टाइल और शूज पहनकर अपना लुक ब्यूटीफुल बना सकती हैं। इस तरह की कुर्तियां आपको प्रिंटेड, चिकनकारी, सितारों, थ्रेड वर्क कई तरह के डिजाइंस में मिल जाएंगी।



### शार्ट आलिया कट कुर्ती

लूज जींस के संग पहनने के लिए शार्ट आलिया कट कुर्ती भी बेस्ट ऑप्शन है। ऐसी कुर्तियां काफी खूबसूरत लगती हैं। इनको आप आसानी से कैरी करके ऑफिस, मीटिंग या फिर ऑउटफिट के लिए भी जा सकती हैं। यह आपको स्मार्ट लुक देने के साथ कंफर्टेबल फील भी कराती हैं। इनमें आपको कई तरह के पैटर्न मिल जाते हैं। जिनको आप अपनी बॉडी टाइप के साथ से खरीद सकती हैं। यह आपको 300 से 600 रुपये की कीमत में आसानी से ऑनलाइन मिल जाएंगी।



# लेपर्ड प्रिंट साड़ी का बढ़ा महिलाओं में क्रेज

फैशन की दुनिया में महिलाएं आए दिन कुछ न कुछ बदलाव करती रहती है। साड़ी से लेकर सूट तक हर आउटफिट को प्रॉपर स्टाइल कर पहनना पसंद करती हैं। इनमें से कुछ महिलाएं ऐसी है, जो साड़ी में भी कई तरह की वैरायटी की साड़ी पहनती है। अगर आपको भी साड़ी पहनने का बहुत शौक है, तो यह खबर आपके लिए बेस्ट हो सकती है। आज हम आपको लेपर्ड प्रिंट साड़ी डिजाइन बताएंगे, जिन्हें आप पहनकर अपनी खूबसूरती का जलवा बिखेर सकती हैं।

**ब्लैक एंड व्हाइट लेपर्ड प्रिंट जॉर्जेट साड़ी**–अगर आप बोल्ड और कॉन्फिडेंट लुक पाना चाहती हैं और भीड़ से हटकर दिखना चाहती है, तो आप इस तरह की खूबसूरत ब्लैक एंड व्हाइट लेपर्ड प्रिंट जॉर्जेट साड़ी ट्राई कर सकती हैं। इस तरह की साड़ी के साथ आप ऑफ शोल्डर ब्लाउज भी शामिल कर सकती हैं। यह आपकी खूबसूरती में चार चांद लगा देगा।

**एनिमल प्रिंट साटन साड़ी**– यही नहीं फैशन की दुनिया में अगर आप ग्लैमरस और स्टाइलिश लुक क्रिएट करना चाहती हैं, तो अब आप इस तरह की एनिमल प्रिंट साटन साड़ी को ट्राई कर सकती हैं। इस तरह की साड़ी आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह मिल जाएगी। इसके साथ आप कंट्रास्ट ब्लाउज भी बनवा सकती हैं।

**ब्लैक और ग्रे लेपर्ड प्रिंट साड़ी**–अगर आप भीड़ से हटकर दिखना चाहती हैं और कुछ यूनिक ट्राई करने का सोच रही है, तो ब्लैक और ग्रे लेपर्ड प्रिंट साड़ी को ट्राई कर सकती हैं। इस तरह की साड़ी के साथ आप स्लीवलेस ब्लैक कलर का ब्लाउज भी शामिल कर सकती हैं। यह आपके लुक को कंप्लीट करने में मदद करेगा। आप चाहे तो इसके साथ एक्सेसरीज और मेकअप भी कर सकती हैं।

**एनिमल प्रिंट प्योर जॉर्जेट साड़ी**–आप इस तरह की खूबसूरत एनिमल प्रिंट प्योर जॉर्जेट साड़ी को स्वीटहार्ट नेक वाले ब्लाउज के साथ शामिल कर सकती हैं। यह साड़ी आपको डिफरेंट और एलिगेंट लुक देने में मदद करेगी। इसके साथ आप मिनिमल मेकअप और एक्सेसरीज ट्राई कर सकती हैं। ऐसी साड़ी आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह मिल सकती है।

# पैंट स्टाइल सूट में पाएं एलिगेंट लुक

ब्यूटीफुल लुक पाने के लिए सूट बेस्ट ऑप्शन है। हालांकि, बदलते फैशन ट्रेंड के साथ सूट-सलवार आपको कई सारे नए ऑप्शन के साथ मिल जाएंगे। इन सूटस को आप सारे खास मौकों पर स्टाइल करना पसंद करती हैं। लेकिन, अगर आप अपने फैशन में कुछ न्यू ट्विस्ट लाना चाहती हैं, तो पैंट स्टाइल सूट वियर कर सकती हैं। यह सूट न्यू और एलीगेंट लुक पाने के लिए बेस्ट ऑप्शन है, और इस तरह के सूट में आपका लुक बहुत ही अच्छा लगेगा। हम आपको कुछ लेटेस्ट डिजाइंस वाले पैंट स्टाइल सूट दिखा रहे हैं। इन सूट्स को स्टाइल करने के बाद आपका लुक एलिगेंट और कॉन्फिडेंट लगेगा। साथ ही, सूट्स में आप कंफर्टेबल भी महसूस करेंगी।

### प्रिंटेड सूट

सिंपल और अट्रैक्टिव लुक के लिए आप इस तरह के प्रिंटेड सूट स्टाइल कर सकती हैं। ये देखने में काफी अच्छे लगते हैं और इन्हें स्टाइल करने के बाद आपका लुक भी सुंदर नजर आता है। अगर आप भीड़ से अलग नजर आना चाहती हैं, तो आप इस तरह के प्रिंटेड पैंट स्टाइल सूट वियर कर सकती हैं। आप इस सूट को बाजार या ऑनलाइन प्लेटफार्म से 1,000 से 2,000 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं।

इस सूट में अपने लुक को कम्पलीट करने के लिए आप लॉन्ग गोल्ड प्लेटेड इयरिंग्स वियर कर सकती हैं।

### एम्ब्रॉयडरी वर्क सूट

किसी खास मौके पर शामिल होने के दौरान आप एम्ब्रॉयडरी वर्क सूट का चुनाव कर सकती हैं। इस तरह के सूट पहनने के बाद एक रॉयल टच आता है। इन सूट को आप किसी भी पार्टी या फंक्शन में वियर कर सकती हैं। ये सूट आपको ऑनलाइन के साथ-साथ ऑफलाइन भी लगभग 2,000 रुपये की कीमत में मिल जाएंगे।

इस सूट में अपने लुक को स्टाइलिश टच देने के लिए आप मोजड़ी स्टाइल कर सकती हैं। साथ ही, मिरर वर्क झुमके इस आउटफिट के साथ स्टाइल करने के बेस्ट रहेंगे।

### थ्रेड वर्क सूट



ऑफिस में क्लासी और एलीगेंट लुक पाने के लिए आप थ्रेड वर्क सूट स्टाइल कर सकती हैं। यह सूट स्टाइल करने के दौरान आप कंफर्टेबल रहेंगी, साथ ही, स्लिम भी नजर आएंगी। यह सूट आपको कई सारे कलर ऑप्शन्स में मिल जाएंगे, जिन्हें आप 1,500 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं।

इस थ्रेड वर्क सूट के साथ अप पर्ल वर्क इयरिंग्स वियर कर सकती हैं और फ्लैट्स इस आउटफिट के साथ आपके लुक को अट्रैक्टिव बनाने का काम करेंगे। इस तरह के सूट ब्यूटीफुल और एलीगेंट लुक पाने के लिए बेस्ट है और इस सूट में आप कई सारे खास मौकों पर स्टाइल कर सकती हैं।

# बारिश में झड़ते बालों से परेशान? घर पर बनाएं ये जादुई सीरम



बारिश का मौसम शुरू हो गया है, जो अपने साथ कापी सुहाना मौसम लेकर आता है। इस मौसम में लोग अपने परिवार के साथ घूमना पसंद करते हैं और तरह-तरह के पकवानों का लुत्फ उठाते हैं। ये मौसम वैसे तो काफी अच्छा होता है, लेकिन अपने साथ ये तमाम दिक्कतें लेकर आता है। इन दिक्कतों में सबसे अहम परेशानी है बालों का झड़ना। बारिश के मौसम में हर दूसरा व्यक्ति हेयर फॉल से परेशान होता है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि बारिश की वजह से हर तरफ नमी हो जाती है, जो हेयर फॉल का मुख्य कारण है। इसी के चलते हम आपको एक ऐसा सीरम बनाने की विधि बताएंगे, जिसको लगाने के बाद एक हफ्ते में ही आपको असर दिखने लगेगा। इससे हेयर फॉल में काफी राहत मिलेगी।

**हेयर सीरम बनाने का सामान**

- एलोवेरा जेल- 2 टेबलस्पून
- रोजमेरी एसेंशियल ऑयल - 5-6 बूंदें
- नारियल तेल - 1 टेबलस्पून
- गुलाब जल - 2 टेबलस्पून
- विटामिन ई कैप्सूल

**सीरम बनाने की विधि**–अब जान लेते हैं हेयर फॉल रोकने वाले सीरम बनाने की विधि के बारे में तो इसके लिए सबसे पहले तो एक साफ कटोरे में एलोवेरा जेल निकाल लें। इसके बाद इसमें थोड़ा सा नारियल का तेल मिक्स करें। सभी चीजों की मात्रा का आपको खास ध्यान रखना है, वरना ये असर नहीं करेगा। नारियल का तेल मिक्स करने के बाद कटोरे में एसेंशियल ऑयल की कुछ बूंदे डालें। इसके बाद विटामिन ई का कैप्सूल तोड़ें और उसे भी कटोरे में मिक्स कर दें। सबसे आखिर में कटोरे में आपको गुलाब जल मिक्स करना है। अब जब कटोरे में सब चीजें पड़ गई हैं तो सभी सामग्री को अच्छी तरह से मिक्स करें। बस ये हेयर सीरम तैयार है, अब इसे एक स्प्रे बोतल या ड्रॉपर बोतल में भर लें।

**ऐसे करें इस्तेमाल**–अब बारी आती है इसते सही इस्तेमाल की तो इस नहाने से दो घंटे पहले अपने बालों में लगाना है। अगर ये स्प्रे वाली बोतल में भरा है तो इसे स्कैल्प पर स्प्रे करें। इसके बाद हल्के हाथों से स्कैल्प पर मसाज करें। दो घंटे के बाद बालों को धो लें। आप इसका इस्तेमाल हफ्ते में तीन बार आसानी से कर सकते हैं।

**बरतें ये सावधानी**–यदि आप इस हेयर सीरम को घर पर तैयार कर रहे हैं तो सबसे पहले पैच टेस्ट करें। पैच टेस्ट में ये चेक करें कि कहीं इस सीरम में डाली गई किसी भी चीज से आपको एलर्जी तो नहीं है। अगर एलर्जी हो रही है तो उस चीज को सीरम में न डालें।

**फायदे**– बालों की जड़ों को पोषण मिलता है

हेयर फॉल कम होता है

डैंड्रफ की समस्या भी कम हो सकती है

बाल मजबूत और चमकदार बनते हैं।



–ज्योतिषाचार्य–पंडित आशीष शुक्ल

### दैनिक पंचांग लखनऊ

**बृहस्पतिवार, 03 जुलाई 2025**

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके 1947 श्री सूर्य दक्षिणअयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ आषाढ़ मासोत्तमे शुक्ल पक्षे, अष्टमी तिथौ गुरु वासरे 14/07/ हस्त नक्षत्रे 13/51/ परिध योग 18/36/ बव करणे 14/07/ तुला राशिगत चन्द्रमा घं.27मि.16पर।

**व्रत एवं त्यौहार**– श्री दुर्गाष्टमी व्रत। खार्वी पूजा(त्रिपुरा)।

**मेष** : कार्य व्यापार में सुधार होगा। इच्छित कार्य पूर्ति होगी। पुराने मित्रों से भेंट होगी चिंता जनक समाचार होगा।

**वृष** : रुका कार्य बनेगा। मनोरंजन का कार्य सुलभ होगा। सम्मान के प्रति सचेत रहें। स्वास्थ्य साधारण रहेगा।

**मिथुन** : आत्मिक हर्ष होगा। परिश्रम से सफलता मिलेगी। व्यापारिक अवरोध की निवृत्ती होगी। परिजनों की उपेक्षा मिलेगी।

**कर्क** : गृह उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। पुरुषार्थ सार्थक होगा। रुके कार्य में प्रगति होगी।

**सिंह** : जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा। धन सम्मान में वृद्धि होगी। आय-व्यय में संतुलन आवश्यक है। आलस्य त्यागे।

**कन्या** : व्यर्थ की उलझन रहेगी। यात्रा की स्थिति सुखद एवं लाभकारी रहेगी। व्यस्तता अधिक होगी। आत्मबल में सुधार होगा।

**तुला** : वरिष्ठ परिजनों पर व्यय होगा। धर्म में आस्था बढ़ेगी। मनोमालिन्य दूर होगा। इच्छाशक्ति क्षीण रहेगी।

**वृश्चिक** : सुख में कमी रहेगी। कटु वचन ना कहें। यात्रा से लाभ। धैर्य बनाएं रखें। आर्थिक मामलों में जोखिम न उठाएं। व्यय भार बढ़ेगा।

**धनु** : शारीरिक सुख में वृद्धि होगी। परिवार में सुख साधन की वृद्धि होगी। दुर्गा जी की उपासना से लाभ होगा। असम्मान का भाव रहेगा।

**मकर** : बुद्धि चातुर्य से उत्तम धन लाभ होगा। संयम एवं धैर्य से कार्य के होने की संभावना है। यात्रा का योग।

**कुंभ** : यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद एवं लाभकारी रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग। व्यावसायिक प्रगति का योग बनेगा।

**मीन** : पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। यात्रा सुख में होगी। मनोमालिन्य दूर होगा।

# डीएम के द्वारा पीली नदी पर खुदाई के कार्य का औचक निरीक्षण



**बदलापुर जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र द्वारा बदलापुर में पीली नदी पर खुदाई के कार्य का औचक निरीक्षण किया किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि शासन के निर्देश के क्रम में जिला प्रशासन द्वारा पीली नदी के जीर्णोद्धार के कार्य को शुरू किया गया था। 11 जून 2025 को जीर्णोद्धार कार्य शुरू किया गया था और अनवरत यह कार्य जारी रहा तथा लगभग अब तक 90त्न से भी अधिक कार्य पूर्ण हो चुका है, 25 किलोमीटर के लक्ष्य के सापेक्ष 20 से 22 किलोमीटर तक खुदाई का कार्य कर दिया गया है जो प्रशंसनीय है। इसमें माननीय विधायक बदलापुर श्री रमेश चंद्र मिश्र के सहयोग, उप जिलाधिकारी बदलापुर सहित सिंचाई विभाग के अधिकारी, जिला स्तरीय अधिकारीगण, जेसीबी संचालक, ग्राम प्रधान, स्थानीय निवासियों, समाजसेवियों के स्तर से किए गए सहयोग पर उन्होंने आभार व्यक्त किया और कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी के आह्वाहन पर आप सभी ने आकर इस पुनीत कार्य में सहयोग किया, इसके लिए सभी का हृदय से आभार है, यह एक सामाजिक कार्य है, जिसमें आप सभी का सहयोग सराहनीय रहा। इस दौरान अपने जन्मदिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने पीली नदी के तट पर स्थित प्राचीन शिव मंदिर पर दर्शन पूजन किया और कहा कि पीली नदी पर जीर्णोद्धार के क्रम में नदी के किनारे वृक्षारोपण के साथ ही नदी के तट पर स्थित इस प्राचीन शिव मंदिर मंदिर के भी जीर्णोद्धार के कार्य को कराने का संकल्प लिया गया है। अगले 10 दिन में मंदिर का सुंदर स्वरूप आपको देखने को मिलेगा। इस दौरान उन्होंने स्थानीय निवासियों में मिष्ठान भी वितरित किया। इसके साथ ही जिलाधिकारी द्वारा दान के माध्यम से संग्रहित 50 क्विंटल चोकर निराश्रित गोवंशों हेतु विभिन्न गोशालाओं में उपलब्ध कराया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाडिया, उपजिलाधिकारी बदलापुर योगिता सिंह, तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी, ग्राम प्रधान सहित अन्य उपस्थित रहे।

# मधुशाला नहीं पाठशाला जरूरी है : आप जिलाध्यक्ष




**स्वतंत्र भारत मऊ।** उत्तर प्रदेश में योगी सरकार द्वारा सरकारी स्कूलों को बंद करने की नीति के विरोध में आज आम आदमी पार्टी मऊ के कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष विक्रम जीत सिंह के नेतृत्व में जमकर प्रदर्शन किया और सरकार विरोधी नारे लगाए।जिलाध्यक्ष विक्रम जीत सिंह ने योगी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि योगी सरकार बड़ी मात्रा में पाठशाला बंद कर रही है और उससे कहीं अधिक मात्रा में मधुशालाएं खोल रही है जब से योगी सरकार सत्ता में आई है तब से लगभग 26हज़ार से ज्यादा सरकारी स्कूल बंद हो गए तथा 27हज़ार से ज्यादा स्कूल फिर से बंद करने की योजना है, वहीं दूसरी तरफ 2024 में 27308 मधुशालाएं खोली गई। हम उत्तर प्रदेश में पाठशालाओं को बंद कर मधुशालाओं को खोलने की राजनीति नहीं चलने देंगे।हमारे जनपद मऊ में लगभग 1032 सरकारी विद्यालय है उसमें से 341 सरकारी स्कूल बंद करने की योजना सरकार बना रही है। आरोप लगाते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि सरकार यह यह कह रही है कि हम केवल 4000 सरकारी स्कूल बंद करने जा रहे हैं जबकि यह केवल पहले चरण का आंकड़ा है इनकी असली योजना 27000 से अधिक सरकारी स्कूलों को बंद करने की है।जनसंख्या बढ़ रही है और विद्यालय बंद हो रहे है।प्राइवेट स्कूल की संख्या बढ़ती जा रही है और उसमें लूटपाट जारी है अगर यूपी की सरकार केजरीवाल मॉडल के तहत सरकारी विद्यालयों से कुछ सीखती तो इस तरह सरकारी विद्यालय बंद नहीं कराने पड़ते और आम जनता प्राइवेट के स्थान पर सरकारी स्कूलों को महत्व देती लेकिन इस सरकार की प्राथमिकता में शिक्षा नहीं शराब है। पिछले साल यह सरकार उत्तर प्रदेश के लोगो को 52000 करोड़ की शराब पिला दी, । इस बार उसने लक्ष्य रखा है कि हम उत्तर प्रदेश वालों को ?55000 करोड़ की शराब पिलाएंगे, भले ही उनके घर बर्बाद हो जाएं, परिवार लुट जाए।सात ही कहा कि यदि आज हम चुप रहे तो वह दिन दूर नहीं जब यह सरकार सरकारी स्कूलों को बंद कर परचून की दुकान और ठेले पर शराब बेंचेगी और पूरे उत्तर प्रदेश की जनता को शराब में डुबो देगी। प्रदर्शन करने वालों में अविनाश कुमार ,महंगी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## खबर एक नजर

### उपजिलाधिकारी सेवराई ने किया निरीक्षण

**स्वतन्त्र भारत दिलदारनगर गाजीपुर।** नपं में सेवराई के उप जिलाधिकारी लोकेश कुमार ने बिजली विभाग के एसडीओ अमित कुमार व ईओ संतोष कुमार के साथ बुधवार को नगर का निरीक्षण किया। उन्होंने साफ-सफाई, नालियों से अतिक्रमण हटाने और बिजली व्यवस्था सुधारने का सख्त निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान जिस वार्ड में बस के सहारे बिजली प्रवाहित की जा रही है या तार लटक रहा है उसको दुरुस्त कर बिजली सुचारू रूप से प्रभावित करने की निर्देश दिया। जिससे विद्युत प्रवाह के दौरान लोगों को कोई घटना ना सके। एसडीएम ने अधिशासी अधिकारी संतोष कुमार को नालियों से अवैध अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया। नालियों पर अवैध रूप से लगाई गई दुकानों पर जुर्माना लगाया गया। साथ ही सभी वार्डों में जल जमाव की समस्या के समाधान और साफ-सफाई की व्यवस्था करने को कहा। इस अभियान के दौरान नालियों पर अवैध अतिक्रमण कर गुमटी लगाने वाले चार लोगों पर एक-एक हजार रुपये का चालान किया गया। कुल 4 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी संतोष कुमार, एसबीएम गौतम कुमार और बिजली विभाग के अवर अभियंता सुरेश कुमार मौजूद रहे।

### नाबालिग को भगाने का आरोप, मुकदमा दर्ज

**स्वतंत्र भारत मधुबन।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप में पुलिस ने संबंधित युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। एक गांव निवासी पीड़िता का आरोप है कि गांव का ही अमरेश उर्फ छोटू पुत्र सुरेंद्र मेरी 17 वर्षीय नाबालिग पुत्री को कही बहला फुसलाकर भगा ले गया है। पीड़िता को डर है कि पुत्री के साथ कोई अनहोनी न घट जाए। वहीं उपरोक्त मामले में पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपी अमरेश उर्फ छोटू के खिलाफ संबंधित धाराओं मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### आयुष्मान आरोग्य मंदिर का हुआ निरीक्षण

**स्वतंत्र भारत मऊ।** सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजना के क्रम में कायाकल्प योजना के तहत स्वास्थ्य विभाग आजमगढ़ से आए कायाकल्प की टीम के द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिर चक शहज नगपुर करहा मैं टीम ने पहुंचकर वहां की स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त किया चक शहज आरोग्य मंदिर के मंदिर पर जाने हेतु सड़क को सही करने एवं साफ सफाई करने के लिए भी निर्देशित किया गया टीम के द्वारा सड़क पर पानी लगा हुआ था जिसे साफ करने आरोग्य मंदिर पर साफ सफाई रंगा पुताई का कार्य प्रगति पर था जिसे देखकर काफी खुश हुए इस दौरान आजमगढ़ मुख्यालय से आए डॉक्टर संजय प्रियदर्शी वीरेंद्र यादव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉक्टर राम बदन सर्वेश सिंह रंजू मौर्य आदि स्वास्थ्य विभाग के लोग जांच के दौरान टीम के साथ रहे।

### दुष्कर्म के आरोपी की जमानत अर्जी निरस्त

**स्वंतत्र भारत विस मऊ।** विशेष न्यायाधीश एससी एसटी एक्ट हरेंद्र प्रसाद की अदालत ने महिला के सहेली के भाई ने उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी की जमानत अर्जी खारिज कर दी। विशेष न्यायाधीश ने विशेष लोक अभियोजक सत्येंद्र नाथ राय और अखिलेश कुमार सिंह के तर्कों को सुनने के बाद यह आदेश पारित किया। मामला कोपागंज थाना क्षेत्र का है। अभियोजन के अनुसार आरोपी ने अपनी बहन की सहेली के घर आने पर अकेले पाकर उसके साथ दुष्कर्म किया और घटना का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया था। मामले में आरोपी कोपाकोहना गांव निवासी गणेश यादव पुत्र सविंद्र यादव की ओर से जमानत के लिए अर्जी दी गई, जिसे अदालत ने खारिज कर दिया।

### शिकायत पर अवैध अस्पताल पर एसडीएम का छापा, संचालक फरार



**स्वतंत्र भारत मधुबन।** मधुबन कस्बा भोला रोड स्थित अवैध रूप से संचालित साईं हॉस्पिटल पर बुधवार को मधुबन एसडीएम राजेश अग्रवाल ने सीएचसी अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को आईजीआरएस के माध्यम से मिली शिकायत के आधार पर अवैध रूप से संचालित साईं हॉस्पिटल पर डॉक्टर और पुलिस की टीम के साथ छापेमारी की गई। मौके पर टीम पहुंचने के पहले ही संचालक फरार हो गया और कोई अवैध गतिविधि नहीं पाई गई, लोगों को बताया गया कि मानव जीवन से खिलवाड़ करने वाले के विरुद्ध कड़ी करवाई की जाएगी। ऐसे की दशा में मानव जीवन से खिलवाड़ करने वालों को कतई बख्शा नहीं जाएगा।

### अनफिट स्कूली वाहनों के विरुद्ध चला विशेष चेकिंग अभियान,8 वाहनों पर हुई कार्रवाई

**जौनपुर।** परिवहन आयुक्त उ0प्र0 द्वारा एवं जिलाधिकारी के आदेशानुसार 01 जुलाई 2025 से 15 जुलाई 2025 तक स्कूली वाहनों के प्रति विशेष चेकिंग अभियान चलाये जाने के निर्देश दिये गये है। उक्त के अनुपालन में 02 जुलाई 2025 को स्कूली वाहनों के विरूद्ध सघन जॉच की गयी जिसमें मानक के अनुरूप न पाये जाने वाले 08 स्कूली वाहनों का चालान/बन्द की कार्यवाही की गयी है। उक्त के साथ जनपद के समस्त स्कूल प्रबन्धकों एवं वाहन स्वामियों को निर्देशित किया गया है कि वाहनों को मानक के अनुरूप कराकर ही संचालन किया जाय। उक्त अवसर पर समस्त प्रवर्तन कार्मिक उपस्थित रहे।

# पिछड़ा वर्ग बेरोजगार युवक/युवतियों के लिये नि:शुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना

**स्वतन्त्र भारत गाजीपुर।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी गिरिजा शंकर सरोज ने बताया है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में पिछड़ा वर्ग बेरोजगार युवक/युवतियों के लिए निःशुल्क ''ओ'' लेवल एवं सी0सी0सी0 कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना जनपद में संचालित की जा रही है। इसमें ऐसे आवेदक पात्र होगें जो इण्टरमीडिएट ( 10+2 ) उत्तीर्ण होगें एवं उनकी वार्षिक आय रू0 1,00,000/- (धनराशि रू0 एक लाख) से कम होगी, और प्रशिक्षणार्थी की आयु 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए व जनपद का मूल निवासी हो। वह बेरोजगार हो तथा किसी शिक्षण संस्था से छात्रवृत्ति न ले रहा हो। प्रशिक्षणार्थियों का चयन कक्षा-12 के प्राप्तांक के आधार पर चयन समिति द्वारा किया जायेगा। निर्गत समय सारिणी के अनुसार ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की तिथि 14 जून, 2025 से 14 जुलाई, 2025 तक निर्धारित किया गया है। अतः इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त अभिलेखों यथा आय एवं जाति प्रमाण पत्र जो आनलाइन निर्गत किया गया हो, हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट का अंकपत्र व प्रमाण पत्र तथा आधार कार्ड की छायाप्रति के साथ विभागीय वेबसाईट www.obccomputertraining.upsdc.gov.in पर आनलाईन आवेदन कर सकते है। आवेदन के उपरान्त आवेदन पत्र एवं समस्त अभिलखों की हार्ड कापी दो प्रतियों में स्वप्रमाणित करते हुए कार्यालय, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, गाजीपुर में विलम्बतम् दिनांक 14 जुलाई, 2025 तक सायं 05.00 बजे तक जमा किया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय-जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, गाजीपुर में सम्पर्क करें।

# डॉक्टर्स डे पर लायंस क्लब जौनपुर गोमती द्वारा चिकित्सक सम्मान समारोह का आयोजन



**गौराबादशाहपुर जौनपुर।** लायंस क्लब जौनपुर गोमती द्वारा डॉ वी सी राय के जन्मदिन ÷डॉक्टर्स डे÷ पर चिकित्सक सम्मान समारोह का आयोजन होटल रघुवंशी, जौनपुर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉक्टर लक्ष्मी सिंह (सी एम ओ जौनपुर) द्वारा दीप प्रज्वलन कर डा. बी सी राय एवं मेल्विन जोन्स के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। डॉ सरला द्वारा ध्वज वंदना एवं राष्ट्रगान प्रस्तुत किया गया। संस्थापक अध्यक्ष डॉ.जी सी सिंह द्वारा डॉ वी सी राय का जीवन परिचय कराते हुए डॉक्टर्स डे के महत्व पर प्रकाश डाला गया। सम्मान समारोह में चिकित्सा एवं सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 20 डॉक्टर( डा लक्ष्मी सिंह ष्टरूह्र,डा शैली मोहन, डा अतुल श्याम गुप्ता, डा प्रीति केसरवानी, डा संजय केसरवानी, डा अनुराग साहू, डा संजय श्रीवास्तव, डा विपिन सिंह, डा जी सी सिंह, डा सुलोचना सिंह, डा रामअवध यादव, डा शकुंतला यादव, डा विवेक श्रीवास्तव, डा प्रियंका श्रीवास्तव, डा राजेश मौर्य, डा रश्मि मौर्य, डा नरेंद्र यादव, डा पूजा यादव, डा इरफान खां,डा उम्मे फरवा) को संस्था द्वारा माल्यार्पण कर सम्मान पत्र एवं अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया गया। अध्यक्ष डा राजेश मौर्या ने बताया कि पृथ्वी पर डाक्टर को भगवान का दूसरा रूप कहा गया है। समाज में आप लोगों के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।आज लायंस सत्र के प्रथम दिन राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर आप सभी चिकित्सक लोगों को सम्मानित कर संस्था खुद को गौरवान्वित महसूस कर रही है। मुख्य अतिथि डा लक्ष्मी सिंह ने लायंस क्लब जौनपुर गोमती द्वारा किए जा रहे हैं सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहां की समाज में अपनी उत्कृष्ट सेवाओं के माध्यम से योगदान दे रहे चिकित्सकों को सम्मानित करके क्लब ने बहुत ही पुनीत कार्य किया है। चीफ डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर मनीष गुप्ता ने लायंस क्लब द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तृत व्याख्या करते हुए बताया कि क्लब प्रत्येक वर्ष डॉक्टर डे के दिन इस तरह के आयोजन करता है। कार्यक्रम में रीजन चेयरपर्सन प्रतिमा गुप्ता, जोन चेयरपर्सन धर्मेंद्र गुप्ता, दीपक चिटकारिया, गौरव श्रीवास्तव, कमर हसनैन दीपू,धीरज गुप्ता, धनंजय पाठक, वीरेंद्र सिंह, नवीन मिश्रा, अनिल पांडे,अनिल गुप्ता, कार्यक्रम का संचालन देवेश गुप्ता एवं धन्यवाद व आभार कार्यक्रम संयोजक मंगला साहू द्वारा किया गया।

# विद्यालय में रोपित पौधों की व सुरक्षा का शिक्षकों व विद्यार्थियों ने लिया संकल्प



**स्वतंत्र भारत मऊ।** शिक्षा क्षेत्र घोसी अंतर्गत पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय खत्रीपार से बुधवार को स्कूल चलो अभियान, संचारी रोग उन्मूलन अभियान एवं स्वच्छता पखवाड़ा का विधिवत शुभारंभ खण्ड शिक्षा अधिकारी घोसी धर्मेंद्र कुमार, श्याम सुंदर पटेल, सियाराम तथा एसआरजी अरविन्द पांडे की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय खत्रीपार के नवप्रवेशी छात्र छात्राओं का सभी अतिथियों ने माल्यार्पण व पुस्तक प्रदान कर स्वागत किया। कार्यक्रम के में विद्यालय में रोपित पौधों को बचाने का सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने संकल्प लिया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुये खण्ड शिक्षा अधिकारी धर्मेंद्र कुमार ने कहाकि स्कूल चलो अभियान की इस चरण में पहली जुलाई से 15 जुलाई तक गांव गांव, गली गली में रैली निकाल कर सभी बच्चों का नामांकन किया जाना है। परिषदीय विद्यालयों में निर्धारित आयु पूर्ण कर चुके समस्त बच्चों को नामांकित कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान किया रहा है। उन्होंने अभिभावकों एवं जागरूक ग्रामीणों से अपील करते हुये कहाकि बच्चों का नामांक कर हल में करना है। कोई भी बच्चा किसी भी हाल में विद्यालय जाने से वंचित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने संचारी रोग उन्मूलन एवं स्वच्छता तथा विद्यालय में साफ सफाई का संदेश अभिभावको एवं छात्र छात्राओं को दिया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य रूप से ग्राम प्रधान राजेश कुमार,एसएमसी अध्यक्ष श्रीमती सरिता जी और अन्य सभी अभिभावको का विशेष योगदान रहा। विद्यायालय के प्रधानाध्यापक वीरेन्द्र सिंह, सहायक अध्यापक अनिल कुमार, अमित यादव, अजीत कुमार, राजेश, रश्मी पांडे, सिन्नो मिश्रा, अमरावती, ममता आदि अध्यापक, अभिभावक, बच्चे तथा रसोइया उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रश्मि पाण्डेय ने किया।

# नवागत पूर्ति निरीक्षक ने संभाला पद भार

**स्वतंत्र भारत मऊ।** मोहम्मदाबाद गोहना तहसील में पूर्ति निरीक्षक के तबादला होने के पश्चात कई दिनों से खाली पड़े हुए इस पद पर जिला मुख्यालय से आए जय नारायण यादव ने पूर्ति निरीक्षक का पद भार ग्रहण किया ग्रहण करने के पश्चात मंगलवार को तहसील परिसर की सभागार में समस्त कोटेदारों की एक बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा सौर ऊर्जा प्रोजेक्ट के लग जाने से विभिन्न क्षेत्रों में जहां लोगों को काफी आसानी होगी वहीं सरकार द्वारा इस योजना का लाभ भी लोगों को प्राप्त होगा और कम दर पर सरकार द्वारा सब्सिडी देने के बाद लोग इसका प्रयोग भी कर सकेंगे इस मौके पर कोटेदार पंकज यादव अभिषेक सोनकर भोला प्रसाद रामबचन चौरसिया आदि क्षेत्र के कोटेदार उपस्थित रहे।

# 10 जुलाई को मनाएंगे गुरु पूर्णिमा महोत्सव

**स्वतंत्रभारत मऊ।** मोहम्मदाबाद गोहना में मधेशिया वैश्य अनाथ आश्रम समिति की पदाधिकारी की एक बैठक बुधवार को कैंप कार्यालय में संपन्न हुई बैठक में समिति के महामंत्री गिरीश चंद्र गुप्ता ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की तारा इस बार सभी 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा महोत्सव बाबा सरजू दास की समाधि ग्राम करजौली खुरहट में मनाई जाएगी जिसको लेकर एक रूपरेखा तैयार की गई उन्होंने कहा कि गुरु पूर्णिमा के अवसर पर हवन पूजन प्रसाद वितरण गुरु की महत्ता पर प्रकाश एवं एक निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया है बैठक में डॉक्टर सुमंत गुप्ता अनूप गुप्ता सोहनलाल धर्मदेव प्रसाद राधेकांत वेद प्रकाश कुबेरचंद गुप्ता देशबंधु गुप्ता मंटू गुप्ता दीपक गुप्ता डायमंड आदि लोगों उपस्थित रहे।

**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड**
अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत नगरीय वितरण मण्डल - चौक
प्रथम तल, नींबू पार्क चौराहा, चौक, लखनऊ मध्य क्षेत्र, लखनऊ।

अल्पकालीन ई–निविदा सूचना : दिनांक 01.07.2025

कार्य का नाम : अन्तर्गत विद्युत नगरीय परीक्षण खण्ड–चौक

1- 12/E.U.D.C.-Chowk/2025-26 विद्युत नगरीय परीक्षण खण्ड–चौक के अधीन तैनात अधिकारियों के विभागीय प्रयोगार्थ 03 अदद हल्का डीजल चलित वाहन (मय चालक के) की उपलब्धता हेतु। निविदा प्रपत्र का मूल्य रु0 1180.00/– एवं धरोहर धनराशि रु0 9000.00

ई–निविदा की अन्तिम अपलोड तिथिः 15 जुलाई 2025, 12:00 बजे अपरान्ह

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनायें वेबसाइट पर प्रदर्शित की जायेगी।

पत्रांक– 2977/वि0न0वि0म0/चौक/ दिनांक:– 01.07.2025

**कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी सरोजनीनगर लखनऊ।**

पत्रांक : 730/क्षेत्र पंचायत–टेंडर/2022–23/2025 दिनॉक: 21.06.2025

**निविदा सूचना**

निविदा फार्म निकाले जाने की तिथि – 23 जून, 2025
निविदा फार्म खोलने की तिथि – 07 जुलाई, 2025 समय–03 बजे
निविदा फार्म खोलने का स्थान – कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी कक्ष, सरोजनीनगर लखनऊ।

विकास खण्ड सरोजनीनगर में पंचम राज्य वित्त/15वां वित्त (टाईड/अनटाईड) आयोग योजना के अन्तर्गत वर्ष 2022–23 में स्वीकृत कार्यों के सापेक्ष निम्नलिखित स्थानों पर कार्यों हेतु विकास खण्ड सरोजनीनगर में पंजीकृत ठेकेदारों से मोहर बन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म खण्ड विकास सरोजनीनगर में 100 रु0 के जनरल स्टाम्प पेपर जो निविदादाता फर्म के नाम हो पर 1 रु का रसीदी टिकट लगाकर जमा होंगे। **निविदायें 07 जुलाई, 2025 अपरान्ह 01 बजे तक** निविदा बाक्स में डाली जा सकती है। उसी तिथि को अपरान्ह 03 बजे उपस्थित ठेकेदारों एवं अधोहस्ताक्षरी/गठित समिति के समक्ष खोली जायेगी। निविदा स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी एवं गठित समिति में निहित होगा। जिसके विरूद्ध कोई वाद न्यायालय में नहीं चलाया जा सकेगा। नियम व शर्तें कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, विकास खण्ड सरोजनीनगर लखनऊ में किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में देखा जा सकता है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम एवं स्थल | ल0/सं0/क्षें0 | कार्य की लागत जीएसटी सहित | धरोहर धनराशि @5% | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण का समय (कार्य आदेश से) | मद |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | गोदौली में दिनेश के घर से सन्तबहादुर के घर तक नाली निर्माण कार्य। | 96 मी0 | 599000 | 29950 | 700 | 3 माह | टाईड |
| 2 | चन्द्रावल लक्ष्मणखेड़ा में बिजनौर बंथरा मार्ग से चुन्नीलाल के घर तक इण्टरलाकिंग। | 150 मी0 | 988000 | 49400 | 700 | 3 माह | पंचम |
| 3 | ऐन काजीखेड़ा सम्पर्क मार्ग से गोदौली सम्पर्क मार्ग में खडंजा व लघु पुलिया/पाईप का निर्माण कार्य। | 390 मी0 | 997000 | 49850 | 700 | 3 माह | टाईड |
| 4 | गोदौली में वेल प्रताप के हाता से श्री नारायन के घर तक नाली निर्माण। | 140 मी0 | 579000 | 28950 | 700 | 3 माह | टाईड |
| 5 | बंथरा लतीफनगर मार्ग से अमरेन्द्र सिंह के घर तक (अण्डरग्राउण्ड) नाली निमार्ण। | 100 मी0 | 554000 | 27700 | 700 | 3 माह | टाईड |

(सुनील कुमार)
प्रमुख
क्षेत्र पंचायत सरोजनीनगर, लखनऊ

(शैलेन्द्र प्रकाश)
खण्ड विकास अधिकारी
सरोजनीनगर–लखनऊ

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण योजनाओं की समीक्षा बैठक

**स्वतन्त्र भारत गाजीपुर।** जिलाधिकारी अविनाश कुमार की अध्यक्षता में उ0प्र0 शासन द्वारा निर्धारित शासन के महत्वपूर्ण योजनाओ, मा0 मुख्यमंत्री जी की सर्वोच्च प्राथमिकता निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक, 50 लाख से अधिक लागत के निर्माण कार्यो, की मासिक समीक्षा बैठक विभाग भवन सभागार मे सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान कस्तूरबा आवासीय विद्यालय देवकली मे नामित नोडल अधिकारी ने कार्यदायी संस्था द्वारा गुणवत्तापूर्ण निर्माण ने होने सम्बन्धित जानकारी दी गयी जिसपर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित कार्यदायी संस्था सी एण्ड डी एस जल निगम जौनपुर के अधिशासी अभियन्ता को इस सम्बन्ध मे स्पष्टिकरण का निर्देश दिया इसके साथ ही जिलाधिकारी ने उ0प्र0 जल निगम शहरी द्वारा शहर के वार्ड नं0 10 मे पाईप पेयजल योजना के कार्यो को नवम्बर 2025 तक पत्येक दशा मे पूर्ण कराने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने विभागवार विभागो में आवास विकास परिषद, निर्माण खण्ड वाराणसी, प्रथम, सी.एण्ड डी.एस, जल निगम जौनपुर, उ0प्र0 जल निगम शहरी/ग्रामीण गाजीपुर, लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण अभियंत्र विभाग, सिचाई निर्माण खण्ड, वाराणसी, सी.एल.डी.एफ. यू.पी.सिडको, उ0प्र0 प्रोजेक्ट कारपोरेशन लि0 वाराणसी, उ0प्र0 राजकीय निर्माण नि.लि. आजमगढ़ इकाई, राजकीय निर्माण निगम लि0, वाराणसी इकाई-1, राजकीय निर्माण निगम लि0 वाराणसी-2/भदोही, उ0प्र0 राज्य निर्माण सहकारी संघ लि0 वाराणसी-2, वाराणसी, देवकली पम्प कैनाल प्रखण्ड प्रथम, द्वितीय, लद्यु डाल नहर खण्ड गाजीपुर एवं सोन यांत्रिक खण्ड तथा अन्य कार्यदायी संस्थाओं के निर्माण कार्यो की विस्तृत समीक्षा की। बैठक मे जिलाधिकारी ने कस्तूरबा आवासीय विद्यालय देवकली मे नामित नोडल अधिकारी द्वारा गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य न कराये जाने की शिकायत पर सम्बन्धित कार्यदायी संस्था सी एण्ड डी एस जल निगम जौनपुर के अधिशासी अभियन्ता को इस सम्बन्ध मे स्पष्टिकरण का निर्देश दिया इसके साथ ही उन्होने ने उ0प्र0 जल निगम शहरी द्वारा शहर के वार्ड नं0 10 मे पाईप पेयजल योजना के कार्यो को नवम्बर 2025 तक पत्येक दशा मे पूर्ण कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्माण कार्य मे मानक के अनुरूप एवं गुणवत्तापुर्ण कार्य कराने तथा अधूरे कार्य जो धनाभाव के कारण रूके है की जानकारी लेते हुए पत्राचार करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने धनावंटन के बाद भी कम प्रगति वाले कार्यो पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्माण एजेंसी के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्यो को गुणवत्तापूर्ण एवं मानक के अनुसार निर्धारित समय के अन्दर पूरा करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओ को निर्माण कार्य निश्चित समयाअवधि में पूर्ण न करने पर ठेकेदारो के विरूद्ध एफ आई आर दर्ज कराने का निर्देश दिया इसके साथ ही जिन विभागो मे धनावंटन अवमुक्त हो चुका है।

## माझा क्षेत्र में कटान से सुरक्षा को लेकर निर्माणाधीन परियोजना का किया निरीक्षण



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने आज बाढ़ कार्य खण्ड अयोध्या के तहत तहसील सदर के अंतर्गत सरजू (घाघरा) नदी के दाएं तट पर स्थित ग्राम समूह-रामपुर पुवारी माझा आदि की कटान से सुरक्षा हेतु जियो बैग स्टड निर्माण तथा पखयूपाइन लगाने की परियोजना का स्थलीय निरीक्षण किया। उक्त परियोजना में 21 अदद् जियो बैग स्टड निर्माण कार्य तथा 849.60 मी0 की लम्बाई में 03 रो में पखयूपाइन लगाने का कार्य किया जाना है जिसकी कुल लागत रु0 63440259.50 है। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान निर्देश दिये कि कार्य में तेजी लाते हुये समय पर कार्य पूर्ण करें तथा बाढ़ से बचाव के लिए कार्य की गुणवत्ता का ध्यान रखा जाय। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी सदर, जिला विकास अधिकारी व बाढ़ कार्य खण्ड के अधिकारी उपस्थित रहे।

## व्यवस्था परिवर्तन का होगा 2027 का चुनाव : पल्लवी



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** सिराथू की सपा विधायक और अपना दल कमेरावादी पार्टी के नेता पल्लवी पटेल अपनी मां कृष्णा पटेल के साथ अयोध्या पहुंचकर सोने लाल पटेल की जयंती मनाई। उन्होंने कहा कि 2027 का चुनाव व्यवस्था परिवर्तन का चुनाव होगा। पल्लवी ने कहा कि अनुप्रिया पटेल की पार्टी पतिवादी पार्टी हो गई है। भाजपा पर निशाना साधते हुए पल्लवी पटेल ने कहा कि कहा कि कुछ लोग आज इस देश में इस देश के सबसे बड़े समुदाय के हिस्से को उनके धर्म के नाम पर भटका रहे हैं। इटावा की घटना पर उन्होंने कहा कोई कुछ भी बता दे, चाहे कानून व्यवस्था या अमृत काल बता दे, चाहे ये भी कह दे रामराज्य आ गया है लेकिन वास्तविकता यह है कि प्रदेश में इस देश में दलित, पिछड़ा, आदिवासी व मुसलमानों की जो स्थितियां है वह बद से बदतर हैं इसलिए व्यवस्था परिवर्तन जरूरी है।

## प्राइमरी स्कूलों में ताला लगाने के बजाय मधुशालायें बंद करे सरकार : सरोज यादव



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** समाजवादी पार्टी की महिला जिलाध्यक्ष सरोज यादव ने आज उत्तर प्रदेश की योगी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि पूरे प्रदेश में हजारों स्कूलों को बंद करने के बजाय सरकार मधुशालाओं को बंद कराये। क्योंकि स्कूल बंद होने से हजारों शिक्षक जहां प्रभावित होंगे वहीं गांव के बच्चे जिनका केवल प्राथमिक विद्यालय ही सहारा है वे शिक्षा पाने से महरूम हो जायेंगे और उनकी सुरक्षा पर भी खतरा बना रहेगा। श्रीमती यादव ने कहा कि पूरे प्रदेश में हजारों स्कूलों में ताला बंद करने का प्रयास योगी सरकार कर रही है। इससे ग्रामीण क्षेत्र में गरीब घरों के बच्चे शिक्षा से पूरी तरह से महरूम हो जायेंगे। क्योंकि उनके अभिभावक इतनी अच्छी आर्थिक स्थिति में नहीं हैं कि प्राइमरी विद्यालय बंद होने के बाद वे अपने बच्चों को किसी बड़े स्कूल में दाखिला करा सकें। गरीब घरों के बच्चों का एकमात्र आसरा सिर्फ प्राइमरी पाठशाला होती है जहां उनके बच्चे पढ़-लिख लेते हैं और दोपहर का भोजन भी उन्हें मिड डे मील योजना के तहत मिल जाता है। लेकिन प्राइमरी स्कूलों में ताला लग जाने के बाद पढ़ाई के साथ-साथ मिड डे मील योजना भी प्रभावित होगी जिसमें बच्चों को ताजा व पौष्टिक भोजन मिल जाया करता था। किसी भी गांव में अगर स्कूल बंद हुआ तो गरीब बच्चे अगल-बगल गांव के स्कूलों में दाखिला लेंगे, ऐसे में उनकी सुरक्षा पर भी खतरा मंडराता रहेगा। जिलाध्यक्षा श्रीमती यादव ने कहा कि अगर सरकार को बंद करना है तो मधुशालाओं में ताला लगवाये जहां पर लोग नशा करने जाते हैं और नशे की हालत में वे अपने घरों में भी तांडव करते हैं तथा अपराध का भी खतरा मंडराया करता है। सरकार धर्नाजन के लिये जहां मदिरालय खोलने पर ज्यादा जोर दे रही है उसे स्कूल बंद करने के अपने फैसले पर पुनर्विचार करना चाहिये ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के नौनिहालों का भविष्य उजड़ने के बजाय सजाया व संवारा जा सके। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री से मांग की है कि स्कूल बंद करने पर विचार करें।

## रसायन से दूरी, जैविक खेती है जरूरी

**स्वतंत्र भारत कुमारगंज (सं.)** वर्तमान समय में जैविक खेती किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है। इससे मनुष्य के शारीरिक सुरक्षा के साथ-साथ किसानों की आमदनी को दोगुना करने में भी खासा मदद मिल रहा है। वर्ष 1960 के मध्य में पारंपरिक खेती तथा बढ़ती हुई जनसंख्या के कारण पूरे देश में अकाल की स्थिति उत्पन्न होने लगी थी। उन परिस्थितियों में भारत ने विदेशों से संकर प्रजाति के बीजों का आयात किया। अपनी अधिक उत्पादन क्षमता के कारण इन बीजों को उच्च उत्पादकता किस्म कहा गया। सर्वप्रथम उच्च उत्पदकता के बीज की किस्मों को वर्ष 1960-63 के दौरान देश के 7 राज्यों के 7 चयनित जिलों में प्रयोग किया गया। यह प्रयोग सफल रहा तथा वर्ष 1966-67 में भारत में हरित क्रांति को औपचारिक तौर पर अपनाया गया जो कृषि खाद्यान उत्पादन के लिए वरदान साबित हुआ। इस दौरान पारंपरिक बीजों के स्थान पर उच्च उत्पादकता किस्मों के प्रयोग से सिंचाई के लिए अधिक पानी, उर्वरक, कीटनाशक, खरपतवारनाशक की आवश्यकता बढ़ने लगी तथा इन्हें बढ़ावा देने के लिए व इनकी आपूर्ति हेतु विभिन्न योजनाओं का विस्तार किया गया तथा अनुदान दिया जाना भी आरंभ किया गया। परन्तु खाद्यान्न उत्पादन की होड़ में अत्यधिक रासायनिक खादों, जहरीले खरपतवार नाशकों, कीटनाशकों व फफूंद नाशकों के उपयोग से मानव स्वास्थ्य, भूमि एवं भू-जल को खतरा पैदा हो गया। इस कारण आज आम आदमी के साथ-साथ किसानों की जागरूकता ने जैविक उत्पादन एवं जैविक विधि से अधिक उत्पादन लेने के महत्व को समझा है। जैविक खेती प्राचीन भारतीय कृषि प्रणाली है और यह आधुनिक रसायन प्रधान युग में भी प्रासंगिक है। पर्यावरण में स्वच्छता तथा प्राकृतिक संतलुन बनाए रखने हेतु मृदा, जल और वायु को दूषित किए बिना भूमि को स्वस्थ एवं सक्रिय रखकर लंबे समय तक उत्पादन प्राप्त करने को ही जैविक कहा जाता है। इस पद्धति में उर्वरकों एवं रासायनिक पदार्थों का उपयोग प्रतिबंधित होता है। जैविक खेती में केवल जैव-रसायनों के उपयोग, वनस्पति व जैव-विविधता को बढ़ावा तथा कार्बनिक पदार्थों को भूमि में खाद के रूप में उपयोग करके व रसायन रहित अन्य कृषि क्रियाओं को अपनाने की सलाह दी जाती है। भारत में विविध जलवायु के कारण अच्छी गुणवत्तायुक्त फसलों जैसे मसाले, औषधीय एवं सुगंधित फसल, बासमती चावल, फल-सब्जियां, कपास व चाय आदि का निर्यात लंबे समय से होता रहा है और यदि जैविक खेती को अपनाकर इनका निर्यात किया जाए तो अतिरिक्त विदेशी मुद्रा अर्जित की जा सकती है। जैविक खेती की आवश्यकता है मृदा की जैव गुणवत्ता तथा प्राकतिक संसाधनों को बचाए रखना। पारिस्थितिकी तंत्र या जैव विविधता में सुधार करना। उत्पादन लागत को कम करना। निर्यात संभावनाओं को बढ़ावा देना आदि

## रोस्टर के अनुसार सुनिश्चित करें ग्राम चौपाल का आयोजन : सीडीओ

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह ने बताया कि आयुक्त, ग्राम्य विकास उत्तर प्रदेश के अनुपालन में पूर्ववत प्रत्येक विकास खण्ड की 02 ग्राम पंचायतों में प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल का आयोजन करने हेतु माह जुलाई, अगस्त व सितम्बर 2025 के चौपाल आयोजन का रोस्टर इस निर्देश के साथ प्रेषित किया जा रहा है कि मासिक रोस्टर को जनपद के सांसद/सदस्य राज्यसभा/सदस्य विधान सभा/सदस्य विधान परिषद एवं अन्य जनप्रतिनिधि को स्वयं उपलब्ध कराते हुए रोस्टर के अनुसार ग्राम चौपाल का आयोजन अपने विकास खण्ड में कराना सुनिश्चित करें। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि यह ग्राम चौपाल 04 जुलाई, 11 जुलाई, 18 जुलाई व 25 जुलाई को आयोजित किया जायेगा, जिसके क्रम में 04 जुलाई को विकासखंड रुदौली के ग्राम पंचायत गौहन्ना के मुजफ्फरपुर में आयोजित किया जायेगा। इसी तरह विकासखण्ड मया के ग्राम पंचायत रेवरी के बंदनपुर में, विकासखण्ड सोहावल के ग्राम पंचायत दिनकरपुर के कपासी में, विकास खण्ड मसौधा के ग्राम पंचायत शिवदासपुर के गोपालपुर में, विकासखण्ड बीकापुर के ग्राम पंचायत देवापुर के मजरूद्दीनपुर में, विकासखण्ड हरिग्टनगंज के ग्राम पंचायत जलालपुर भग्गू के परसपुर सथरा में, विकास खण्ड मिल्कीपुर के ग्राम पंचायत देवरिया के पारा ब्रहमनान, विकास खण्ड तारून के ग्राम पंचायत रामदासपुर के कनकपुर झगरौली, विकास खण्ड पूराबाजार के ग्राम पंचायत समाहाकला के गंगौली में, विकास खण्ड अमानीगंज के ग्राम पंचायत आदिलपुर के बकौली में व विकासखण्ड मवई के ग्राम पंचायत रसीदपट्टी के सिपहिया कोटवा में नामित अधिकारियों की देख-रेख में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया है। ग्राम चौपालों के आयोजन की डिजिटल डायरी अवश्य तैयार करायी जाय तथा चौपाल में उप मुख्यमंत्री के संदेश को पढ़कर अवश्य सुनाया जाय व रिपोर्ट ससमय रूरल साफ्ट पर आयोजन की तिथि में ही फीड कराना सुनिश्चित करें।

## एसएसपी से मिला व्यापार प्रतिनिधि मंडल

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल अयोध्या का एक प्रतिनिधि मंडल आज जिला अध्यक्ष अतुल कुमार सिंह, महानगर अध्यक्ष चंद्रप्रकाश गुप्ता, जिला महामंत्री मनोज जायसवाल, महानगर महामंत्री अरुण कुमार अग्रवाल, अयोध्या व्यापार मंडल अध्यक्ष पंकज गुप्ता, महामंत्री नंदलाल गुप्ता, संरक्षक राधेश्याम गुप्ता के नेतृत्व मे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ गौरव ग्रोवर से मिला, प्रतिनिधि मंडल ने अयोध्या मे आवागमन की गम्भीर समस्या से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया, कि अयोध्या में पूर्व जिलाधिकारी नीतीश कुमार ने रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लता मंगेशकर चौक और टेढ़ी बाजार चौराहे से अयोध्या में व्यापारियों के मॉल लाने वाले वाहनों, एवं यात्रियों के चार पहिया वाहनों को आने जाने की अनुमति प्रदान की गयी थी, परन्तु कुंभ के दौरान अत्यधिक भीड़ के कारण कुछ समय के लिए बंद हो गया था। अयोध्या का व्यापारी परेशान है। प्रतिनिधि मंडल में विजय गुप्ता, ज्ञान केसरवानी, अनूप गुप्ता, सरदार कंवलजीत सिंह, सुशील जायसवाल सहित अयोध्या के व्यापारी बड़ी संख्या में शामिल थे।

## निर्धन बच्चों का भविष्य संवारने को मनिहार ट्रस्ट दृढ़ संकल्पित



**स्वतंत्र भारत (अंबेडकरनगर)** समाज के निर्धन परिवार के बच्चों का भविष्य संवारने के उद्देश्य से मनिहार ट्रस्ट ऑफ इंडिया ने निःशुल्क कोचिंग सेंटर की शुरुआत है। ट्रस्ट के अध्यक्ष अफरोज मनिहार ने बताया कि मीरानपुर में फिलहाल अस्थायी रूप से जरूरतमंद बच्चों के लिए कोचिंग सेंटर की व्यवस्था की गई है। उन्होंने आगे कहा कि संस्था का मकसद शिक्षा को बेहतर ढंग से बच्चों तक पहुंचाना और उनके मन-मस्तिष्क में पढ़ाई के प्रति गहरी रुचि उत्पन्न करना है। क्योंकि शिक्षा के माध्यम से ही समाज को सशक्त बनाया जा सकता है। यह कोचिंग सेंटर उन बच्चों के लिए सहायक सिद्ध होगी जो आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हासिल नहीं कर पाते हैं। इससे न केवल बच्चों का भविष्य संवरेगा, बल्कि समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी। दावा किया गया कि आगे चलकर यह प्रयास मील का पत्थर साबित होगी। स्थानीय लोगों द्वारा मनिहार ट्रस्ट की इस पहल की मुक्त कंठ से सराहना की जा रही है।

## सपा अधिवक्ता संघ ने मनाया अखिलेश यादव का जन्मदिन



**स्वतंत्र भारत रुदौली (सं.)** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन रुदौली तहसील के अधिवक्ता सभागार सपा अधिवक्ता संघ ने मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता चौधरी अज़ीमुद्दीन एडवोकेट ने की। इस अवसर पर केक काटकर और मिठाइयाँ बाँटकर अखिलेश यादव के लिए लंबी उम्र की कामना की गई। इस मौके पर मौजूद लोगों ने कहा कि अखिलेश यादव उत्तर प्रदेश की उम्मीद हैं और प्रदेश को एक बार फिर गंगा-जमुनी तहज़ीब, विकास और भाईचारे की राह पर लाने की ताक़त रखते हैं। आज देश और प्रदेश को सेक्युलर सोच, सामाजिक न्याय और संविधान बचाने वाली ताक़तों की ज़रूरत है, और समाजवादी पार्टी ही इसके लिए सही मंच है। कार्यक्रम में अब्दुल हई खां, साहब शरन यादव, सुरेन्द्र यादव एडवोकेट, प्रमोद यादव एडवोकेट, मो फहीम खां, विनोद लोधी, अजय यादव एडवोकेट, ओम प्रकाश यादव कुलभूषण यादव एडवोकेट सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे सभी ने समाजवादी आंदोलन को और मज़बूत करने का संकल्प लिया।

## जिलाधिकारी ने किया मार्गों का निरीक्षण

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने आज गोसाईगंज में लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड द्वारा निर्माणाधीन मार्गों का व नगर पंचायत गोसाईगंज कार्यालय तथा प्राथमिक विद्यालय गोसाईगंज प्रथम का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान नगर पंचायत गोसाईगंज कार्यालय के सभी पटलों की जानकारी करते हुए आवश्यक निर्देश दिये गये। इसके बाद जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी के साथ प्राथमिक विद्यालय गोसाईगंज प्रथम में वृक्षारोपण कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए पौधे रोपित किये गये। तत्पश्चात 84 कोसी परिक्रमा मार्ग के अन्तर्गत गोसाईगंज में लोक निर्माण विभाग प्रान्तीय खण्ड द्वारा निर्माणाधीन मार्गो का स्थलीय निरीक्षण करते हुए कार्यो में तेजी लाते हुए गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये।

## श्रद्धांजलि सभा आयोजित




**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** अयोध्या कान्हा गौशाला में असमय गायों की हुई मृत्यु और नगर निगम अयोध्या प्रशासन की संवेदनहीनता को देखते हुए समाज के सभी वर्गो ने एकजुट होकर शांतिपूर्ण तरीके से श्रद्धांजलि सभा आयोजित की। श्रद्धांजली सभा का आयोजन नगर निगम परिसर में शरद शुक्ला के नेतृत्व में किया हुआ। श्री शुक्ला ने कहा कि कान्हा गौशाला से 3 महीने का सीसीटीवी फुटेज और रजिस्टर तत्काल जप्त कर कार्यवाही की जाए। इस सम्बन्ध में कई बार शिकायतें की गयीं, परन्तु प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा कोई ठोस कार्यवाही अभी तक नहीं की गयी है। इस अवसर पर अभिषेक त्रिपाठी, सात्विक रंजन पाण्डेय, शोभित शुक्ला, जयंत चंद्रा, दीपशिखा, दिव्यांश, रिशु, सरिता, हिमांशु त्रिपाठी, धनंजय पाण्डेय, आयुष्मान सिंह, संस्कार सिंह, यश सिंह, शिवेंद्र सिंह, शिवम् मिश्रा, अभय यादव, वैभव सिंह, दीपेंद्र सिंह समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## हनुमत हरिराम सदन के पूर्वाचार्य को दी श्रद्धांजलि



**स्वतंत्र भारत अयोध्या (सं)।** श्रीहनुमत हरिराम सदन, स्वर्गद्वार के पूर्वाचार्य महंत हरिराम शरण महाराज की 25वीं पुण्यतिथि निष्ठापूर्वक मनाई गई। पुण्यतिथि पर मंदिर परिसर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। अयोध्या धाम के संत-महंत व धर्माचार्यों ने मठ के साकेतवासी महंत की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। संतों ने उनके कृतित्व-व्यक्तित्व पर प्रकाश भी डाला। श्रीहनुमत हरिराम सदन के संस्थापक महंत रामलोचन शरण महाराज ने बताया कि मंदिर में गुरुदेव महंत हरिराम शरण महाराज का 25वां पुण्यतिथि महोत्सव मनाया गया। पुण्यतिथि महोत्सव पर अयोध्यानगरी के सभी संत-महंत एवं धर्माचार्य सम्मिलित हुए। जिन्होंने पूर्वाचार्य महंत को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए शिद्दत से याद किया और भावभीनी श्रद्धांजलि दी। गुरुदेव भजनानंदी संत होने के साथ-साथ अप्रतिम प्रतिभा के धनी संत थे। उनका व्यक्तित्व बड़ा ही उदार था। सरलता तो उनमें देखते ही झलकती थी। उनके अंदर संतत्व के सारे गुण रहे। वह गौ और संत सेवी थे। उन्होंने सेवा धर्म को अंगीकार किया। आजीवन सेवा ही परमोधर्मा के मार्ग पर चलते रहे। अपने शिष्य-अनुयायियों को भी सेवा का पाठ पढ़ाया। सेवा धर्म के लिए प्रेरित भी किया। गुरुदेव द्वारा मठ का सर्वांगीण विकास किया गया। जहां गौ, संत, विद्यार्थी व अतिथि सेवा सुचार रूप से चल रही है। मंदिर में सभी उत्सव, समैया, त्योहार आदि परंपरागत रूप से मनाया जा रहा है। काफी संख्या में संत-महंत, भक्तजनों ने प्रसाद ग्रहण किया। अंत में संस्थापक महंत रामलोचन शरण महाराज द्वारा पधारे हुए संत-महंत, धर्माचार्यों का स्वागत-सम्मान कर भेंट, विदाई दिया गया। पुण्यतिथि पर बावन मंदिर के महंत वैदेहीवल्लभ शरण, हनुमत सदन के महंत अवधकिशोर शरण, हनुमत निवास महंत मिथिलेश नंदनी शरण, महंत रामलखन शरण, महंत अशोक दास, महंत राजन बाबा, महंत किशोरी शरण, महंत सीताराम दास, महंत उत्तम दास, महंत राकेश शरण, महंत रामप्रवेश दास, महंत प्रियाप्रीतम शरण, महंत प्रियाशरण, महंत रामभद्र शरण, आचार्य सत्येंद्र दास वेदांती, महंत भूषण दास, महंतराममिलन दास, महंत रामदास, महंत जयराम दास, महंत राममिलन शरण, महंत रामानुज शरण, महंत रामनारायण दास, महंत महेश दास, महंत रामप्रिया शरण, महंत छोटू शरण, महंत निर्मल शरण, महंत संत शरण, महंत गयादास, महंत रामप्रकाश शरण, महंत रविशंकर शरण, महंत वीरेंद्र दास, महंत श्रीधर दास, डॉ. प्रभाकर शरण, संजय शुक्ला, प्रकाश मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## रामलीला निवास में मना ठाकुर लीला बिहारी का पाटोत्सव



**स्वतंत्र भारत अयोध्या (सं)।** आषाढ़ शुक्ल सप्तमी तिथि पर सुप्रसिद्ध एवं प्राचीन पीठ रामलीला निवास रामघाट, अयोध्या धाम में ठाकुर लीला बिहारी सरकार का पाटोत्सव धूमधाम से मनाया गया। उत्सव पर मंदिर प्रांगण में कई धार्मिक कार्यक्रम व अनुष्ठान संपन्न हुआ। बुधवार की सुबह सर्वप्रथम मठ के गर्भगृह में विराजमान युगल सरकार का विद्वान वैदिक आचार्यों द्वारा वेदमंत्रों संग पंचामृत, फलों का जूस और सुगंधित सर्व औषधियों से अभिषेक किया गया। तदुपरांत लीला बिहारी ठाकुर को नया वस्त्र धारण कराया एवं दिव्य श्रृंगार किया गया। उसके बाद पूजन-अर्चन, महाआरती कर भगवान को छप्पन भोग लगा। फिर साधु-संत व विशिष्टजनों ने ठाकुर लीला बिहारी सरकार के प्राकट्योत्सव का प्रसाद ग्रहण किया। तदुपरांत रामलीला निवास मंदिर के वर्तमान पीठाधीश्वर महंत चंद्रशेखर दास महाराज ने आए हुए संत-महंतों का स्वागत-सत्कार कर भेंट-विदाई दिया। रामलीला निवास मंदिर के वर्तमान पीठाधिपति महंत चंद्रशेखर दास महाराज ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आषाढ़ शुक्ल सप्तमी तिथि पर मठ में विराजमान लीला बिहारी ठाकुर का प्राकट्य उत्सव हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। मठ में पहले दादा गुरु, उसके बाद साकेतवासी महंत गुरुदेव मोदनारायण दास महाराज द्वारा यह परंपरागत पाटोत्सव का कार्यक्रम मनाया जाता था। उनके न रहने पर, जो अब मेरे द्वारा परंपरानुसार मनाया जा रहा है। दादा गुरु व गुरुदेव के पदचिंहों पर चलकर जिसे मैं आगे बढ़ा रहा हूं। यह मंदिर का परंपरागत कार्यक्रम है। जो प्रतिवर्ष मनाया जाता है। उसी अनुसार इस बार भी ठाकुर लीला बिहारी का प्राकट्योत्सव मना। संत-महंत, धर्माचार्यो शामिल हुए। लीला बिहारी ठाकुर भक्तों के ऊपर अपनी कृपा बनाये रखें। वह मार्ग में आने वाली सभी विपत्ति, भव-बाधाओं को दूर कर सबका कल्याण करें। भारत समेत पूरे विश्व में सुख-शांति स्थापित हो। सभी जन आपसी भाईचारा, प्रेम बनाकर रहें। देश में खुशहाली स्थापित हो। भारत देश सुख, समृद्धि की ओर अग्रसर रहे। पूरी दुनिया में भारत देश का डंका बजे और भारत फिर से विश्व गुरु बने। यह बहुत ही प्राचीन मठ है। जहां लीला बिहारी ठाकुर की सेवा संग गौ, संत, विद्यार्थी और आगंतुक की सेवा सुचार रूप से चल रही है। सभी उत्सव, समैया, त्योहार इत्यादि परंपरागत रूप से मनाया जाता है। पाटोत्सव पर महंत वीरेंद्र दास, महंत रामकिशोर दास, महंत रामअवध दास, महंत राममिलन दास, महंत पुरूषोत्तम दास, आचार्य विवेक पाठक, शिक्षक अजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

## चार्टर्ड अकाउंटेंट्स दिवस समारोह सम्पन्न



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** अयोध्या चार्टर्ड एकाउंटेंट्स एसोसिएशन द्वारा 1 जुलाई को शाने अवध होटल में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स दिवस का आयोजन अत्यंत गरिमा और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ एसोसिएशन के अध्यक्ष सीए संजय अग्रवाल के स्वागत भाषण से हुआ, जिसमें उन्होंने पेशे की वर्तमान प्रासंगिकता, सामाजिक जिम्मेदारी और बढ़ते दायित्वों पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि एक चार्टर्ड अकाउंटेंट न केवल आर्थिक संरचना का प्रहरी है, बल्कि समाज में नैतिक और पारदर्शी व्यवस्था का संवाहक भी है। मुख्य सत्र में वरिष्ठतम सीए एवं संस्था के संरक्षक सजन अग्रवाल तथा सह-संरक्षक सीए प्रभात टंडन के अतिरिक्त अमरेश पांडे, गोविन्द बंसल और अतुल अग्रवाल ने भी अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने चार्टर्ड एकाउंटेंसी पेशे की बदलती चुनौतियों, व्यावसायिक नैतिकता की अनिवार्यता और समाज में सीए की सशक्त भूमिका पर गहन विचार प्रस्तुत किए। सभी वक्ताओं ने युवाओं को सतत ज्ञान, ईमानदारी और नवाचार के पथ पर अग्रसर रहने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर एसोसिएशन के समस्त सदस्यों को सम्मानित किया गया, जिससे संगठन में परस्पर सहयोग, सामूहिकता और गरिमामयी एकजुटता का भाव और सुदृढ़ हुआ। यह जानकारी देते हुए हुए एसोसिएशन के सचिव मनीष अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम में मानस अग्रवाल, अर्चना निगम, अजीत जायसवाल, आयुष बंका, आशुतोष पाण्डेय, अंकिता सिंघल, अशित जायसवाल, शरद त्रिपाठी, सिराज हैदर जैदी, शुभम रस्तोगी, भारती अग्रवाल, अंकित निगम और नैंसी बंसल सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि यह आयोजन न केवल एक स्मरणीय सामाजिक मिलन रहा, बल्कि यह ज्ञान, सेवा और संगठनात्मक एकता का सशक्त प्रदर्शन भी बना, जिसने पेशे की गरिमा और सामाजिक उत्तरदायित्व को नई ऊँचाई प्रदान की।

## आम आदमी पार्टी ने राज्यपाल को भेजा सात सूत्रीय ज्ञापन




**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** आम आदमी पार्टी अयोध्या के जिलाध्यक्ष अनिल प्रजापति के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने योगी सरकार द्वारा प्राथमिक विद्यालयों को बंद करने के निर्णय पर तत्काल रोक लगाने के संबंध में गांधी पार्क में प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम संबोधित 7 सूत्रीय ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। अयोध्या महानगर अध्यक्ष तथा पूर्व मेयर प्रत्याशी कुलभुषण साहू, जिलाध्यक्ष अनिल प्रजापति आदि ने सभा को सम्बोधित किया। एक स्वर से सभी ने कहा कि आप योगी सरकार से मांग करती है कि सरकारी स्कूलों को बंद करने के फैसले को तत्काल प्रभाव से वापस ले। इस प्रदर्शन में प्रदेश पदाधिकारियों में मोहम्मद इसराइल, मोहित महराज, निलेश चतुर्वेदी तथा जिला उपाध्यक्षों में गायत्री मिश्रा और शारजाह मास्टर, जिला कोषाध्यक्ष दिलीप वर्मा, यू के द्विवेदी, विद्यावती वर्मा, कैप्टन इरशाद हसन, स्वर्णिम वर्मा, हरिशंकर त्रिपाठी, चंद्रप्रकाश, अमित कुमार गुप्ता उपस्थित रहे।

# यह योजना केवल काग़ज़ी कार्रवाई नहीं बल्कि एक सामाजिक प्रयास है : डीएम



**स्वतंत्र भारत देवरिया।** जिला प्रशासन देवरिया द्वारा पारिवारिक विवादों, विशेषकर बंटवारे से जुड़े मामलों के शांतिपूर्ण समाधान हेतु चलाई जा रही %सुलह योजना% अब लोगों की ज़िंदगी में सुकून ला रही है। वर्षों से चली आ रही रंजिशें, जो रिश्तों में दूरियाँ पैदा कर चुकी थीं, अब संवाद और समझदारी से खत्म हो रही हैं। अब तक इस योजना के तहत 305 मामलों का समाधान आपसी सहमति से किया जा चुका है, जिससे न केवल परिवारों में मेलजोल बढ़ा है, बल्कि न्यायालयों पर लंबित प्रकरणों का बोझ भी घटा है।

**■ डीएम की पहल पर चलाई जा रही 'सुलह योजना' अब लोगों की ज़िंदगी में ला रही है सुकून**

'सुलह योजना' का उद्देश्य है कि जिन मामूली बातों पर परिवारों में दरारें आ जाती हैं, उन्हें अदालतों के चक्कर काटने के बजाय तहसील स्तर पर ही बैठकर हल किया जाए। खास तौर से धारा 116 के अंतर्गत उप जिलाधिकारी न्यायालयों में वर्षों से लंबित बंटवारे के मामलों को प्राथमिकता देकर निपटाया जा रहा है। सलेमपुर में 82, देवरिया में 65, बरहज में 61, भाटपाररानी में 49 और रुद्रपुर में 48 प्रकरणों का सौहार्दपूर्ण समाधान इसी योजना के अंतर्गत हुआ है। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने कहा कि यह योजना केवल काग़ज़ी कार्रवाई नहीं, बल्कि एक सामाजिक प्रयास है, जो टूटे रिश्तों को जोड़ने, कड़वाहट को खत्म करने और घर-परिवार में फिर से विश्वास कायम करने का रास्ता खोलती है। जब लोग खुद आपस में बैठकर बात करते हैं और समाधान निकालते हैं, तो वह फैसला स्थायी होता है और भविष्य की पीढ़ियों को भी एक शांत माहौल मिलता है।

इस योजना से विवादों का समयबद्ध निपटारा हो रहा है, परिवारों में सौहार्द लौट रहा है और बच्चों के भविष्य को लेकर चिंता कम हो रही है। जिला प्रशासन जनपदवासियों से अपील करता है कि वे अपने सह खाताधारकों अथवा पारिवारिक विवादों को लेकर %सुलह योजना% का लाभ उठाएं और आपसी संवाद के ज़रिए समाधान की दिशा में आगे बढ़ें। इसके लिए वे अपने संबंधित तहसील कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

# डिलीवरी के दौरान हुई बच्चे की मौत

**आजमगढ़।** जनपद के महराजगंज थाना अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परशुरामपुर पर मंगलवार को एक महिला की डिलीवरी के दौरान बच्चे की मौत होने पर परिजनों ने स्टाफ नर्सों के ऊपर लापरवाही का आरोप लगाते हुए शाम तक हंगामा किया। सूचना पर महराजगंज थाने की पुलिस तथा भाजपा नेता सत्येंद्र राय एवं डिप्टी सीएमओ अविनाश झा मौके पर पहुंचकर कार्यवाही की बात करते हुए मामले को शांत कराने में लग रहे।महराजगंज थाना के कुड़ही ढांलो निवासी सरबजीत साहनी उनकी पत्नी वंदना साहनी उम्र लगभग 24 वर्ष को पहले बच्चे की पैदाइश का मामला था जिसको गांव की आशा माधुरी के द्वारा मंगलवार को सुबह लगभग 9ः00 बजे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परशुरामपुर पर भर्ती कराया गया। परिजनों ने बताया की प्रथम पाली ड्यूटी में कार्यरत स्टाफ नर्स नाम अज्ञात ने वंदना की जांच पड़ताल करते हुए बताया कि अभी बच्चे की पैदाइश में लगभग 4 से 5 घंटे का समय है और इलाज शुरू कर दिया गया। दो-तीन घंटे के इलाज के दौरान तैनात स्टाफ नर्स द्वारा कहा गया कि अभी हम नॉर्मल डिलीवरी करा दे रहे हैं फिर कुछ देर बाद बाहर आकर बताया गया कि आप अपने मरीज को फातिमा हॉस्पिटल बिलरियागंज लेकर चले जाइए वहां डिलीवरी आसानी से हो जाएगी। इस बात पर परिजनों ने कहा कि नहीं हम जिला महिला अस्पताल लेकर जाएंगे या फिर यहीं पर सामने स्थित प्राइवेट नर्सिंग होम में लेकर जाएंगे तो महिला स्टाफ नर्स द्वारा वहां ले जाने से मना कर दिया गया। और फिर डिलीवरी कराने का प्रयास किया जाने लगा। महिला स्टाफ नर्स की ड्यूटी 2ः00 बजे समाप्त हो गई और वह चली गई। सेकंड शिफ्ट ड्यूटी में कार्यरत स्टाफ नर्स उषा यादव उपस्थित होकर डिलीवरी कराई और उनके द्वारा परिजनों से कहा गया कि बच्चे को लेकर प्राइवेट हॉस्पिटल जाइए। परिजनों द्वारा गेट के बाहर किसी डॉक्टर को दिखाया गया तो पता चला कि बच्चे की मृत्यु पहले ही हो चुकी है। इसी बात को लेकर परिजनों ने स्टाफ नर्सों के ऊपर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया।

# नगर को हरा-भरा बनाने में पालिका प्रयासरत : अलका सिंह



देवरिया: वृक्षारोपण करती अलका सिंह।

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** देवरिया नगर के एमआरएफ सेंटर पर नगर पालिका परिषद देवरिया द्वारा एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण करने के पश्चात नगर पालिका अध्यक्ष अलका सिंह ने कहा कि एक पेड़ माँ के नाम अभियान एक अत्यंत भावनात्मक और पर्यावरणीय सरोकार से जुड़ी पहल है, जिसका उद्देश्य माँ के सम्मान में एक वृक्षारोपण करना है। यह कार्यक्रम न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देता है, बल्कि माँ की ममता, त्याग और स्नेह के प्रतीक के रूप में एक वृक्ष को समर्पित करता है।अगर हम सभी प्रकृति को हरा भरा बनाना चाहते है तो एक पेड़ मां के नाम लगाना है।नगर को हरा भरा बनाने में नगर पालिका प्रयासरत है इसमें नगरवासियो का सहयोग भी बढ़-चढ़ कर चाहिये। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस पर धरती की हरियाली बढ़ाने का संकल्प लिया है। इस अभियान में एक पेड़ मां के नाम लगाकर उसकी सुरक्षा का विशेष ध्यान रखे।उन्होंने कहा कि धरती मां के स्वरूप समान है। पेड़-पौधों से वायुमंडल का संतुलन बना रहता है।उक्त कार्यक्रम में ई0ओ0 नगर पालिका संजय तिवारी, रमेश मल्ल, सभासद गण , जेई0 नगर पालिका एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## खबर एक नजर

### दिव्यांगजन उपकरण वितरण कार्यक्रम 25 अगस्त को

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय ने बताया है कि भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा संचालित एडिप योजना के अंतर्गत दिव्यांगजनों की सुगम आवागमन व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत एलिम्को (भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम), कानपुर के विशेषज्ञों द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से दिनांक 22 व 23 मार्च 2025 को आई.टी.आई. परिसर, देवरिया में 1588 दिव्यांगजनों का निःशुल्क चिन्हांकन एवं पंजीकरण किया गया था। चिन्हित लाभार्थियों को सहायक उपकरणों का वितरण दिनांक 25 अगस्त 2025 को किया जाएगा। इस अवसर पर राज्य मंत्री, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, बी.एल. वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। साथ ही जनपद के अन्य जनप्रतिनिधि एवं जिलाधिकारी देवरिया भी कार्यक्रम में शामिल रहेंगे।

### 8 वर्षीय छात्रा के साथ गांव के युवक ने किया दुष्कर्म

**आजमगढ़।** देवगांव कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासिनी कक्षा 3 में पढ़ने वाली 8 वर्षीय छात्रा के साथ गांव के ही एक युवक द्वारा दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है, बताया जा रहा है कि छात्रा अपने घर से सुबह 7 बजे प्राइमरी पाठशाला पढ़ने जा रही थी कि गांव के ही एक युवक ने छात्रा को जबरदस्ती खींचकर अपने घर के शौचालय के अंदर ले गया और दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। लहूलुहान स्थिति में भागते हुए छात्रा रोते बिलखते अपने परिजनों से आप बीती सुनाई। परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर मौके पर पहुंची देवगांव पुलिस जांच में जुट गई, वही छात्रा के पिता ने आरोपी युवक के विरुद्ध दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया है,वही इस मामले में पुलिस मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही में जुटी हैं।

### उद्यान विभाग की ओर से निःशुल्क पौध वितरण कार्यक्रम

**आजमगढ़।** जिला उद्यान अधिकारी ने बताया है कि शासन के निर्देश पर वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम वर्ष 2025-26 हेतु उद्यान विभाग विभिन्न सरकारी संस्थाओं, सहकारी समितियों, कृषकों, ग्राम पंचायतो, नगर व्यक्तियों को निःशुल्क छायादार और फलदार के दो लाख नब्बे हजार (230000 उद्यान विभाग एवं 60000 वन विभाग के पौधशाला से) पौधे वितरित किये जाएंगे। जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि वितरित किए जाने वाले पौधों में अमरूद, आवंला, कटहल, नीम, सहजन, बेल, नींबू, करौंदा एवं अन्य पौधे शामिल हैं। पौधे लगाने व उनका संरक्षण करने हेतु इच्छुक व्यक्ति व संस्थाए प्रभारी राजकीय पौधशाला कोटवा आजमगढ़ से समन्वय कर पौधे प्राप्त कर सकते हैं।

### सरायमीर में गैस सिलेंडर से भयंकर आग मुफ्ती अहमद की हालत नाजुक

**आजमगढ।** सरायमीर थाना क्षेत्र के मदरसा बैतूल उलूम के पास स्थित मीनारा मस्जिद के निकट मंगलवार देर शाम एक दर्दनाक हादसे ने क्षेत्र को दहला दिया। स्थानीय निवासी आरिफ भाई, जिन्हें लोग ÷किताब वाले÷ के नाम से जानते हैं, के घर में गैस सिलेंडर की पाइप में लीक होने से अचानक भीषण आग लग गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना उस समय घटी जब घर में चूल्हे पर रोटी बनाई जा रही थी। इसी दौरान पास में रखा सिलेंडर खत्म हो गया और परिवार के लोग सिलेंडर की पाइप बदल रहे थे। पाइप में रिसाव के चलते गैस लीक हो गई और आग की चिंगारी से अचानक आग भड़क उठी। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही पलों में पूरे घर को चपेट में ले लिया।इस हादसे में मुफ्ती अहमद गंभीर रूप से झुलस गए हैं। उनके शरीर का करीब 70 प्रतिशत हिस्सा जल गया है और उनकी हालत अत्यंत नाजुक बनी हुई है। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर चिकित्सा सुविधा हेतु रेफर किए जाने की तैयारी है।इसके अलावा हाफिज आरिफ, हाफिज मसूद, इस्माइल और इब्राहिम भी इस आग में झुलस गए हैं। सभी घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल है। दमकल विभाग और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति पर नियंत्रण पाया।

### राष्ट्रीय लोक अदालत 13 सितम्बर को, न्यायालय एवं तहसील मुख्यालयों पर होंगे वादों का समाधान

**आजमगढ़।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय लोक अदालत जनपद, आजमगढ़ संतोष कुमार यादव ने बताया है कि उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार एवं श्री जय प्रकाश पाण्डेय माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आजमगढ़ के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में दिनांक 13 सितम्बर, 2025 को जनपद न्यायालय के साथ ही साथ समस्त तहसील मुख्यालयों पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में विशेष रूप से आपराधिक शमनीय वाद, धारा-138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम वाद, बैंक वसूली वाद, आरबीटेऊशन वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, पारिवारिक वाद, श्रम वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, विद्युत एवं जल बिल विवाद (चोरी से सम्बन्धित विवादों सहित), सर्विस में वेतन सम्बन्धित विवाद एवं सेवानिवृत्ति लाभों से सम्बन्धित विवाद, राजस्व वाद, अन्य सिविल वाद (किराया, सुखाधिकार, व्ययादेश, विशिष्ट अनुतोष वाद) आपसी सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित हो सकने वाले समस्त प्रकार के वादों का निस्तारण किया जायेगा। वादकारी अपने सम्बन्धित न्यायालय में सम्पर्क कर अपने वादों को राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु सन्दर्भित कराकर लोक अदालत का लाभ उठा सकते है।

# डीएम के निर्देश पर निरीक्षण के दौरान मिली खामियां खाद के तीन दुकानों के लाइसेंस निलंबित

**झस्वतंत्र भारत आजमगढ़।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार के निर्देशों के क्रम में बुधवार को डॉ गगन दीप सिंह, जिला कृषि अधिकारी आजमगढ़ के द्वारा सठियांव क्षेत्र के अंतर्गत खाद एवं बीज के दुकानदारों का निरीक्षण किया गया, तथा सभी दुकानदारों को निर्देशित किया गया कि खाद पॉइंट ऑफ सेल (पोस) मशीन से ही बिक्री किया जाए, तथा स्टॉक रजिस्टर एवं विक्री रजिस्टर प्रतिदिन पूर्ण किया जाए। स्टॉक एवं बिक्री रजिस्टर अपूर्ण होने पर संबंधित दुकानदार के विरुद्ध लाइसेंस निलंबित करते हुए कठोर कार्यवाही की जाएगी। साथ ही निर्देशित किया गया कि खाद निर्धारित दर पर ही बिक्री होनी चाहिए। डीएपी का निर्धारित दर है 1350 रुपए प्रति 50 किग्रा0 बोरी तथा यूरिया का निर्धारित दर है 266.50 रूपए प्रति 45 किग्रा0 बोरी। किसी भी प्रकार की समस्या



के लिए किसान सहकारी समितियों के अधिकारी के मोबाइल नंबर 08527436613 तथा जिला कृषि अधिकारी कार्यालय के मोबाइल नंबर 09792773880/09450753720/09453072429/07839882455 पर संपर्क कर अपनी कठिनाई/परेशानी का निस्तारण आसानी से करा सकते हैं। खाद खरीदने के लिए आधार कार्ड एवं खतौनी अनिवार्य है। साथ ही जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने आश्वासन दिया कि जनपद में खाद की सप्लाई जारी रहेगी, किसी भी प्रकार की कमी नहीं होने पाएगी। किसान किसी भी प्रतिष्ठान पर भीड़ ना लगाएं और ना ही कानून व्यवस्था को हाथ में ले। इसी प्रकार जनपद के सठियांव क्षेत्र की दुकान अर्जुन उर्वरक एवं बीज भंडार, शाहगढ़, प्रिया बीज भंडार, शाहगढ़ व शैलेश बीज भंडार, शाहगढ़ दुकानों के निरीक्षण के दौरान दुकानदारों का लाइसेंस स्टॉक एवम बिक्री रजिस्टर अपूर्ण रखने एवं पॉइंट ऑफ़ सेल मशीन में स्टॉक उपलब्ध होने परंतु भौतिक रूप से गोदाम पर उर्वरक कम पाए जाने पर तथा जबरदस्ती जिंक/सल्फर/सूक्ष्म पोषक तत्त्व किसानों को वितरण करने पर खाद के दुकानदारों का लाइसेंस निलंबित किया गया । इसके साथ ही जनपद के समस्त खाद के दुकानदारों को निर्देशित किया गया कि कोई भी दुकानदार निर्धारित दर से अधिक दर पर उर्वरक बिक्री ना करे, तथा सभी दुकानदार अपने-अपने पॉइंट ऑफ सेल मशीन को चेक कर ले, यदि उनके पॉइंट ऑफ सेल मशीन में किसी भी प्रकार का उर्वरक का स्टॉक उपलब्ध है, तो उसको नियमानुसार खारिज कर दें ? अन्यथा संबंधित दुकानदार का लाइसेंस निरस्त कर दिया जाएगा।

# नहीं रहे प्रख्यात शिक्षक नेता उमाशंकर लाल श्रीवास्तव, शोक की लहर



**स्वतंत्र भारत देवरिया।** जाने-माने शिक्षक नेता एवं वर्षों तक माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष रहे शिक्षक नेता उमाशंकर लाल श्रीवास्तव का बुधवार की सुबह गोरखपुर एम्स में निधन हो गया। उनके निधन की खबर से देवरिया के सामाजिक एवं शिक्षक गलियारे में शोक की लहर पर पसर गई। निधन की सूचना मिलते ही उनके देवरिया आवास से लेकर उनके पैतृक गांव में भारी भीड़ जमा हो गई। दोपहरी में उनका शव देवरिया आवास पहुंचा। जहां पहले खड़े समर्थकों, शुभचिंतकों और शिक्षकों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। यही पर उनकी शव यात्रा की औपचारिकताये भी पूरी की गई और भारी भीड़ के साथ शव यात्रा उनके गांव निकल गई। देवरिया आवास पर श्रद्धांजलि देने वालों में सपा प्रमुख विकास यादव, पूर्व प्रमुख विजय प्रताप यादव, सपा नेता प्रदीप श्रीवास्तव, विजय कुमार श्रीवास्तव, पूर्व नपा प्रमुख बसंत श्रीवास्तव, शिक्षक नेता प्रेमचंद मिश्रा, अशोक सिंह, दिनेश तिवारी, सपा नेता हुसैन खान, पत्रकार उमेश शुक्ला, राकेश धर द्विवेदी, धनंजय मणि, मनोज शुक्ला, अजीत तिवारी, जे एन लाल श्रीवास्तव, विपिन श्रीवास्तव, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राकेश सिंह आदि उपस्थित रहे। देवरिया से निकली शव यात्रा उनके पैतृक गांव होते हुए जयप्रकाश मिश्रा घाट कटैलवा घाट में पहुंचा। जहां सैकड़ो की उपस्थिति में उनको मुखाग्नि दी गई। मालूम श्री श्रीवास्तव ग्राम प्रधान संगठन संस्थापकों में थे और अनेक जन आंदोलन में उनकी भूमिका सराही गई। वह एक नेक दिल इंसान और आम सरोकारों से जुड़े रहे। उनके निधन पर पूरे जिले में अशोक की लहर है।

# आईजीआरएस समीक्षा में कई विभागों का प्रदर्शन असंतोषजनक

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** आईजीआरएस (जन शिकायत निवारण प्रणाली) की समीक्षा बैठक में पाया गया कि जनपद के विभिन्न विभागों द्वारा असंतुष्ट फीडबैक वाले प्रकरणों में अत्यंत खराब प्रदर्शन किया गया है। समीक्षा में यह तथ्य सामने आया कि खंड विकास अधिकारी तरकुलवा, पथरदेवा, बरहज, बैतालपुर, भटनी तथा लार का संतोषजनक निस्तारण शून्य प्रतिशत रहा। चकबंदी अधिकारी सलेमपुर व प्रथम, जिला विद्यालय निरीक्षक एवं पंचायत विभाग के सहायक विकास अधिकारी – तरकुलवा, देवरिया सदर, पथरदेवा, बरहज, भटनी, रामपुर कारखाना तथा सलेमपुर – का प्रदर्शन भी शून्य प्रतिशत पाया गया। इसके अतिरिक्त अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड तथा खान निरीक्षक का प्रदर्शन 14 प्रतिशत, चकबंदी अधिकारी देवरिया का 20 प्रतिशत, मुख्य चिकित्सा अधिकारी का 25 प्रतिशत, खंड विकास अधिकारी भटनी का 33 प्रतिशत, अधिशासी अभियंता विद्युत का 35 प्रतिशत, उपजिलाधिकारी बरहज का 37 प्रतिशत तथा जिला पंचायत राज अधिकारी का प्रदर्शन 50 प्रतिशत दर्ज किया गया। उपरोक्त स्थिति पर जिलाधिकारी के निर्देशानुसार अपर जिलाधिकारी प्रशासन/ नोडल अधिकारी आईजीआरएस जैनेंद्र सिंह द्वारा पंचायत राज विभाग के सहायक विकास अधिकारियों के साथ बैठक कर गहरी नाराज़गी व्यक्त की गई।

बैठक में यह स्पष्ट निर्देश दिए गए कि आईजीआरएस प्रकरणों का निस्तारण सम्यक परीक्षण के उपरांत ही किया जाए। बिना उचित जांच के गुणवत्ताविहीन आख्या अपलोड करना तथा लापरवाही पूर्ण एवं त्रुटिपूर्ण कार्यवाही करना गंभीर अनुशासनहीनता मानी जाएगी। सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि प्रत्येक प्रकरण में आवेदक से संपर्क किया जाए, निस्तारण आख्या में फोटो अनिवार्य रूप से संलग्न की जाए तथा आवेदक को संतुष्ट किया जाए। यह प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# मोबाइल चोर गिरफ्तार

**आजमगढ़।**आवेदक/वादी ज्ञानेन्द्र त्रिपाठी पुत्र सूर्यमणी त्रिपाठी निवासी खेमीपुर थाना पवई जनपद आजमगढ़ के द्वारा आनलाईन ई एफआईआर पंजीकृत कराया गया जिसमें उनके घर के बरामदे से अज्ञात चोर द्वारा मोबाइल चोरी कर लेने सम्बन्धी आरोप अंकित किया गया था । उक्त के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 168/25 धारा 305(ए) ब्ïहस बनाम अज्ञात पंजीकृत हुआ । दौराने विवेचना ष्टश्वढ्ढक्र पोर्टल से प्राप्त ट्रैसबिलिटी रिपोर्ट, सब्सक्राईबर डिटेल व फर्द बरामदगी/गिरफ्तारी/साक्ष संकलन के आधार पर पुनीत कुमार पुत्र समारु राम निवासी सुरिस थाना शाहगंज जनपद जौनपुर का नाम प्रकाश में आया एवं आज दिनांक 02.07.25 को अभियुक्त पुनीत कुमार उपरोक्त की गिरफ्तारी की गयी एवं उसके कब्जे से चोरी गये मोबाइल रियलमी की बरामदगी की गयी एवं धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी की गयी ।

# पुलिस की तत्परता से साइबर फ्रॉड पीड़ित को मिली राहत, 50 की धनराशि कराई वापस




**स्वतंत्र भारत (अतरौलिया) आजमगढ़।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अंतर्गत साइबर अपराध की घटना में अतरौलिया पुलिस की सक्रियता और तकनीकी टीम की सूझबूझ से कुल ?50,000 की धोखाधड़ी की राशि पीड़ित को वापस मिल गई। यह कार्यवाही थानाध्यक्ष अमित कुमार मिश्रा के कुशल नेतृत्व में की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 24 अप्रैल 2025 को ग्राम बढ़या अतरौलिया निवासी संदीप कुमार यादव पुत्र महेंद्र यादव के खाते से ?75,000 की साइबर ठगी की गई थी। पीड़ित की शिकायत साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत संख्या दर्ज की गई। त्वरित कार्रवाई करते हुए ह्यष्टत्रक्क पोर्टल के माध्यम से ?50,000 की राशि होल्ड कर ली गई। उक्त मामले में साईबर हेल्पडेस्क टीम के कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए आशीष कुमार द्वारा त्वरित जांच कर मा. न्यायालय से प्राप्त फंड रिलीज आदेश के आधार पर संबंधित बैंक के नोडल अधिकारी से समन्वय कर पीड़ित के खातों में ?50,000 की धनराशि वापस कराई गई। पुलिस की इस त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही से क्षेत्रीय जनता में साइबर अपराध के प्रति जागरूकता और विश्वास में वृद्धि हुई है। थानाध्यक्ष अमित कुमार मिश्रा ने लोगों से अपील की है कि किसी भी ऑनलाइन लेन-देन में सावधानी बरतें और धोखाधड़ी की स्थिति में तुरंत साइबर हेल्पलाइन या पुलिस से संपर्क करें।

# सुहेलदेव विवि में स्नातक हेतु प्रवेश काउंसलिंग 7 जुलाई से शुरू

**आजमगढ़।** महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय आजमगढ़ परिसर के स्नातक वर्ग की प्रवेश काउंसलिंग की तिथि 7 जुलाई 2025 समय 11ः00 नियत की गई है, जिसमें छात्र परिसर में स्थित एकैडमी ब्लॉक वन के सेमिनार हाल में समय से पहुंचकर अपनी नियमानुसार काउंसलिंग करा कर निर्धारित प्रवेश शुल्क जमा करके अपना पाठ्यक्रम प्राप्त कर ले। वही प्रवेश समिति ने यह भी निर्णय लिया है कि मास्टर ऑफ ला की प्रवेश परीक्षा 15 जुलाई विश्वविद्यालय परिसर में सुबह 11ः00 से 1ः00 तक कराई जाएगी । अभ्यर्थी विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट से भी प्राप्त कर सकते हैं।

विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. प्रवेश कुमार सिंह ने बताया कि आजमगढ़ विश्वविद्यालय में स्नातक की कक्षाएं इस वर्ष से गतिमान होने जा रही है । विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो .संजीव कुमार के सतत प्रयास से स्नातक की कक्षाएं इस वर्ष के प्रथम सेमेस्टर में गतिमान हो जाएगी कुलपति ने कहा कि हम शुक्रगुजार हैं अपने उन सभी अभ्यर्थियों के जिन्होंने इतनी शॉर्ट नोटिस पर भारी संख्या में पंजीकरण कराकर विश्वविद्यालय के प्रति अपना विश्वास प्रदर्शित किया । हम सभी मिलकर यह प्रयास करेंगे कि जिस विश्वास के साथ नवांकुर प्रवेश ले रहे हैं उस विश्वास पर विश्वविद्यालय खरा उतरे ,विश्वविद्यालय के बॉयज हॉस्टल व गर्ल्स हॉस्टल को सुसज्जित कर दिया गया है तथा पठन-पाठन निर्बाध रूप से संचालित हो इसके लिए पर्याप्त व्यवस्था कर ली गई है विश्वविद्यालय परिसर में सुयोग्य शिक्षकों की नियुक्ति की प्रक्रिया गतिमान है। परिसर को हरा भरा बनाने के लिए तथा शैक्षणिक वातावरण बनाए रखने के लिए यथासंभव प्रयास किए जा रहे हैं।

**■ एलएलएम यानी मास्टर आफ लॉ की प्रवेश परीक्षा की तिथि 15 जुलाई,**

विश्वविद्यालय को जनपद के बुद्धिजीवी वर्ग स्वयंसेवी संस्थाएं प्रशासन एवं वन विभाग का अपेक्षित सहयोग भी प्राप्त हो रहा है। आवागमन को सुगम बनाने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा यथासंभव प्रयास किया जा रहा है। कुलसचिव विश्वेश्वर प्रसाद एवं प्रवेश समिति के सचिव डॉ .महेश कुमार श्रीवास्तव ने अवगत कराया कि प्रवेश काउंसलिंग हेतु डॉ. सियाराम शुक्ल व डॉ. राजेश को संयोजक नियुक्त कर दिया गया है। विश्वविद्यालय परिसर के प्राध्यापक, कर्मचारी प्रवेश काउंसलिंग में यथोचित सहयोग प्रदान कर प्रक्रिया को सरल बनाने में सहयोग करेंगे।

प्रवेश काउंसलिंग में सहभाग करने वाले सभी छात्र-छात्राओं से यह अपेक्षित है कि समय का ध्यान रखें। छात्र-छात्राएं प्रवेश काउंसलिंग में शामिल होने के लिए अपने साथ हाई स्कूल एवं इंटर का मूल अंक पत्र जाति प्रमाण पत्र, दिव्यांग प्रमाण पत्र और वेज प्रमाण पत्र स्थानांतरण एवं चरित्र प्रमाण पत्र के साथ-साथ ई.डब्ल्यू.एस. का नवीनतम प्रमाण पत्र लेकर ही परिसर में पहुंचे जिससे प्रवेश लेते समय उन्हें किसी विपरीत परिस्थिति से दो चार न होना पड़े । प्रवेश समिति ने एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय में मास्टर ऑफ ला यानी एल. एल. एम. की प्रवेश परीक्षा विश्वविद्यालय परिसर में 15 जुलाई 2025 को 11ः00 से 1ः00 तक कराए जाने पर सहमति बनी है। संबंधित अभ्यर्थियों को प्रवेश परीक्षा की सूचना उनके ई-मेल एवं एस.एम.एस. द्वारा भी दी जाएगी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर भी प्रवेश प्रक्रिया एवं स्नातक के प्रवेश काउंसलिंग की डिटेल प्राप्त की जा सकती है। प्रवेश प्रक्रिया में डॉ. शिवेंद्र , डॉ. परमानंद, डॉ. सपना , डॉ. धीरज, डॉ.अंकुर ,डॉ .सौरभ आदि प्रक्रिया को गतिमान बनाने में सहयोग प्रदान करेंगे।

# बंजर जमीन पर कब्जा को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**आजमगढ़।** गंभीरपुर थाना क्षेत्र के परशुरामपुर गांव में बुधवार की सुबह बंजर की जमीन को कब्जा कर लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया और दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हो गई जिसमें एक व्यक्ति का सर फट गया। पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है।

**■ पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी**

जानकारी के मुताबिक गंभीरपुर थाना क्षेत्र के परशुरामपुर गांव निवासी लाल बहादुर सरोज पुत्र छटंकी सरोज ने बुधवार को गंभीरपुर थाने में तहरीर दिया पीड़ित द्वारा दिए गए तहरीर के मुताबिक प्रार्थी व प्रार्थी की बहू रंजना पत्नी उपेंद्र, धीरेंद्र पुत्र लाल बहादुर, अंति पत्नी लाल बहादुर, ओमकार पुत्री लाल बहादुर को वीपक्षी टेशनु पुत्र पुनवासी, रमौति पत्नी टेशनु, निशबू पत्नी टेशनु, सोभनाथ पुत्र टेशनु, वानी पुत्री सोभनाथ ने बुधवार की सुबह लगभग 6ः00 बजे मेरे घर के सामने जबरदस्ती बंजर की जमीन को कब्जा दरवाजे के सामने कर रहे थे जब हमारे परिवार के लोगों ने विरोध किया तो यह लोग लाठी डंडा से मुझे और मेरे घर के बहू और बेटे को मारने पीटने लगे जिसमें लाल बहादुर का सर फट गया है। लाल बहादुर द्वारा दिए गए तहरीर के आधार पर गंभीरपुर पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई है।इस सन्दर्भ मे गंभीरपुर थानाध्यक्ष बसंतलाल ने बताया कि बंजर की जमीन को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई थी पीड़ित द्वारा दिए गए तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया जा चुका है और कुछ लोगों को हिरासत में ले लिया गया है।

# सपा का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा अपर हिनौती गांव

**मिर्जापुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव जी के निर्देशानुसार व जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी के

## बोले - 10-10 लाख रुपये का मुआवजा एवं नौकरी दे सरकार

निर्देश पर समाजवादी पार्टी का 5 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल पड़री थानान्तर्गत अपर हिनौती गाँव पहुँचा। जहाँ दो बच्चे अंश उर्फ गोलू 8 वर्ष और आर्यन 10 वर्ष इण्डियन ऑयल की ओर से पाईप लाईन के लिये खोदे गये गड्ढे में डूबने से मौत हो गई थी।



प्रतिनिधिमंडल अपर हिनौती गाँव पहुँचकर पीड़ित परिजन श्री सरोज व श्री दिनेश चन्द्र के घर जाकर वस्तुस्थिति की जानकारी लिया और परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट किया। रिपोर्ट देने पर जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि कम्पनी की घोर लापरवाही है। गड्ढा खोदकर छोड़ दिया गया था। प्रशासन ने सपा के दबाव में केवल ठेकेदार के ऊपर मुकदमा दर्ज किया गया है। प्रदेश सचिव दामोदर प्रसाद मौर्या ने कहा पीड़ित परिजनों को 10-10 लाख रूपये का मुआवजा दिया जाय और साथ ही परिजनों को सरकारी नौकरी भी दी जाय। विधानसभा अध्यक्ष झल्लू यादव ने कहा कि दोनो बच्चों के परिजन गरीब व असहाय है। आवास भी मुहैया कराया जाय। प्रतिनिधिमंडल में प्रिन्स रॉव, सुरेन्द्र यादव, देवेन्द्र पटेल, त्रिलोकी चमार आदि शामिल थे।

# किशोरी के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपित को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हथेड़ा गुलाब तिराहा से बुधवार कि सुबह पुलिस ने किशोरी को शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण कर दुष्कर्म करने वाले आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एसआई हंसराज यादव मय हमराह हेड कांस्टेबल के साथ मुखबिर की सूचना पर किशोरी को बहला फुसलाकर भगाकर दुष्कर्म करने के आरोपित फुलियारी गांव निवासी राम नरेश कोल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपित कही



भागने के लिए वाहन का इंतजार कर रहा था घटना के संबंध में किशोरी के पिता ने तहरीर देकर किशोरी को शादी का झांसा देकर बहला फुसलाकर गांव निवासी युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था पुलिस मुकदमा दर्ज कर किशोरी को बरामद कर किशोरी का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद किशोरी को मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया किशोरी के बयान व मेडिकल परीक्षण के आधार पर दुष्कर्म व पक्सो एक्ट की धारा कि बढ़ोतरी करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया की किशोरी को बहला फुसलाकर भगाकर किशोरी के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## परमहंस आश्रम औरा पहुंचकर उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री ने संत से लिया आशीर्वाद

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री अजीत पाल सिंह व विधायक आशीष सिंह प्रोटोकॉल के साथ क्षेत्र के औरा गांव स्थित परमहंस आश्रम पहुंचकर आश्रम के संत तुलसीदास महराज का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया है। मंत्री आश्रम में पहुंचकर रात्रि विश्राम करने के बाद आश्रम के संत तुलसीदास महराज का आशीर्वाद प्राप्त करने के बाद वापस लौट गए है। सुरक्षा व्यवस्था में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह मय हमराह लगे रहे।

## स्कूल चलो अभियान की रैली निकाल कर लोगों किया जागरूक

**हलिया ((मिर्ज़ापुर)।** स्थानीय विकास खंड के हथेडा गाँव स्थित पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय के छात्रों के साथ शिक्षकों ने बुधवार को स्कूल चलो अभियान के तहत रैली निकाल कर गाँव के बस्तियों में चक्रमण करते हुए लोगों को जागरूक किया है। स्कूल चलो अभियान पखवाड़े के तहत रैली के माध्यम से बच्चों का नामांकन कराने व स्वच्छता के लिये लोगों



को जागरूक किया गया। रैली हथेडा विद्यालय से पाल बस्ती, मुसहर बस्ती, हरिजन बस्ती, कहार बस्ती, आदिवासी बस्ती, ब्राह्मण बस्ती मुस्लिम बस्तियों में नारा लगाते हुए चक्रमण किया। इस दौरान प्रधान अनीता मिश्रा , प्रभारी प्रधानाध्यापक सुरेश प्रसाद मिश्रा, काशी प्रसाद मिश्रा, आर पी, उदित नारायण मिश्रा आदि सहित विद्यालय के स्टाप छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## स्कूली बच्चों के साथ रैली निकालकर मनाया गया वन महोत्सव

**हलिया (मिर्जापुर)।** हलिया वन रेंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत भटवारी स्थित जगधारी प्रसाद यादव स्मारक इंटर कालेज के परिसर में वन क्षेत्राधिकारी अवध नारायण मिश्र व डिप्टी रेंजर सीपी तिवारी व विद्यालय के आशीष कुमार यादव ने संयुक्त रूप से पौधेरोपण करने के बाद बच्चो के साथ बुधवार को वन महोत्सव के दूसरे दिन वनक्षेत्राधिकारी हलिया अवध नारायण मिश्र व डिप्टी रेंजर सीपी तिवारी ने वनकर्मियों के साथ वन महोत्सव की रैली निकालकर वन महोत्सव के महत्व के बारे में लोगों को जागरूक किया है। लोग बच्चों ने बैनर लेकर - पौधे हम लगाएंगे, पृथ्वी को बचाएंगे, चल रहा है यही अभियान, हरा भरा हो खेत खलिहान, यही हमारा नारा है- पर्यावरण बचाना है जैसे नारे लगाते हुए लोगों को जागरूक कर रहे थे।

## अमेरिका में आयोजित विश्व पुलिस व फायर खेलों में तीन इवेंट में दो स्वर्ण व एक रजत पदक जीतकर विश्व जनपद का डंका बजा

**स्वतन्त्र भारत दिलदारनगर, जमानियां (गाजीपुर)।** यूएसए में आयोजित विश्व पुलिस और फायर खेलों में टोकवा गांव निवासी मनीष दुबे ने तीन इवेंट में दो स्वर्ण व एक रजत पदक जीत विश्व स्तर पर अपने प्रतिभा का डंका बजा दिया है।मनीष असम राइफल में राइफल मैन के पद पर तैनात है। मनीष इस प्रतियोगिता में भारतीय पुलिस का प्रतिनिधत्व कर रहे थे। 27 जून से 3 जुलाई तक यूएसए के बर्मिंघम शहर में विश्व पुलिस गेम के तीरंदाजी खेल में



मनीष दुबे भारतीय पुलिस की ओर से खेलने गए थे।पहले इवेंट टारगेट अर्चारी में यूएसए के खिलाड़ी को मात देकर 900 में 720 अंक प्राप्त कर भारतीय पुलिस के खाता में स्वर्ण पदक जोड़ बेहतर शुरुआत किया।दूसरे इवेंट 3 डी (जानवरों की आकृति पर निशाना साधना) में भी ब्राजील व नीदरलैंड के खिलाड़ियों को पछाड़ते हुए दुबारा स्वर्ण पदक झटक भारतीय पुलिस टीम को मजबूती में ला दिया।हालांकि तीसरे इवेंट फील्ड अर्चारी (जंगल में नीचे अथवा ऊपरी सतह पर लक्ष्य को निशाना साधना) में 300 में 254 अंक प्राप्त कर अमेरिका के खिलाड़ी से महज एक अंक पीछे रहने पर रजत पदक हासिल किये।।मनीष दुबे पांच जुलाई को देश वापस लौटेंगे।कोच सतीश दुबे ने बताया की विश्व स्तर पर तीरंदाजी स्पर्धाओं में दो स्वर्ण पदक और एक रजत पदक प्राप्त कर मनीष ने अंतरराष्टीय मंच पर देश की प्रतिष्ठा में चार चांद लगा दिया है।

## बाण सागर नहर के पटरी पर फंसी पीआरवी 112 का वाहन ट्रैक्टर से खींचकर निकाला गया

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** क्षेत्र के बरउआ गांव स्थित बाण सागर नहर के पटरी पर बुधवार को किसी सूचना पर जा रही हलिया थाना की पीआरवी 112 का स्कार्पियों वाहन सड़क खराब होने से फंस गई पीआरवी कर्मी हेड कांस्टेबल तौकीर खान,ओमप्रकाश, शमशेर खान द्वारा वाहन को निकालने का बहुत प्रयास किया लेकिन वाहन नहीं निकलने पर पीआरवी वाहन के कर्मियों ने ट्रैक्टर मंगाकर पीआरवी वाहन को



ट्रैक्टर से खींचकर बाहर निकाला है। ग्रामीणों का आरोप है की क्षेत्र के सड़क की हालत खराब होने से बारिश के दिनों में क्षेत्र के लोगो को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है पीआरवी वाहन के फंसने की सूचना पर सैकड़ो की संख्या में भीड़ मौके पर जुट गई है पीआरवी वाहन कोई सूचना मिलने पर मौके पर जा रही थी की फंस गई बारिश के दिनों में एम्बुलेंस वाहन पीआरवी वाहन फंस जा रही है।

## आवास सर्वे में जनपद में अधिकतर ब्लॉक का सर्वे पुरा नहीं

**स्वतन्त्र भारत गाजीपुर।** भारत सरकार के निर्देशों के क्रम में जनपद के समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को आवास प्लस 2024 सर्वे के अन्तर्गत किये गये सेल्फ सर्वे का सर्वेयर द्वारा पुष्टि/सत्यापन शतप्रतिशत दिनांक 30.06.2025 तक पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये थे परन्तु दिनांक 01.07.2025 को प्रगति की समीक्षा करने पर पाया गया है कि विकास खण्ड देवकली, जखनियां, मनिहारी, मरदह, मुहम्मदाबाद, जमानियां, भदौरा व सैदपुर की प्रगति जनपद के औसत प्रगति 63.92 से कम है तथा चेकर की प्रगति भी शून्य है, जिससे स्पष्ट है कि उक्त वर्णित खण्ड विकास अधिकारियों द्वारा सेल्फ सर्वे का सर्वेयर द्वारा वेरीफिकेशन कराने में अपेक्षित सूचि न लेकर सर्वेयर से समयबद्ध वेरीफिकेशन नही कराया जा रहा है, जिसके कारण पूरे जनपद की प्रगति प्रभावित हुए है। दिनांक 26.06.2025 को आयुक्त, ग्राम्य विकास उ0प्र0 लखनऊ द्वारा फोन करके रोष व्यक्त किया गया है। परियोजना निदेशक राजेश यादव ने खण्ड प्रगति के लिए विकास खण्ड अधिकारी सादात, जखनियां, मरदह, जमानियां, मनिहारी, सैदपुर, देवकली व मुहम्मदाबाद के वेतन आहरण पर रोक लगायी है तथा दिनांक 01 जुलाई 2025 को विकास खण्ड भदौरा की भी प्रगति जनपद के औसत प्रगति 63.92 से खराब होने की परिस्थिति मे खण्ड विकास अधिकारी भदौरा कृष्ण कुमार सिंह के वेतन आहरण पर माह जून 2025 से अग्रिम आदेश तक के लिए तत्काल प्रभाव से रोक लगायी है।

## खिड़की की वेल्डिंग करते समय करंट लगने से वृद्ध की मौत

**स्वतन्त्र भारत संवाददाता। सेवराई।** गहमर थाना क्षेत्र के सायर गांव में बुधवार की शाम एक दर्दनाक हादसे में एक वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सायर ग्राम निवासी महातिम कुशवाहा (60 वर्ष), पुत्र विश्वनाथ कुशवाहा, अपने घर में खिड़की और दरवाजे की वेल्डिंग का कार्य कर रहे थे कि इसी दौरान अचानक बिजली के करंट की चपेट में आ गए। करंट लगते ही वे मौके पर गिर पड़े और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही गांव में कोहराम मच गया। आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए। सूचना पाकर लेखपाल मौके पर पहुंचे और आवश्यक रिपोर्ट तैयार कर आगे की कार्रवाई में जुट गए हैं। मृतक महातिम कुशवाहा का एकमात्र पुत्र विमलेश कुशवाहा किसी महानगर में रहकर निजी कंपनी में नौकरी करता है। हादसे के वक्त मृतक की पत्नी ही घर पर मौजूद थीं। परिजनों ने घटना की जानकारी बेटे विमलेश को दे दी है और उसका इंतजार कर रहे हैं। समाचार लिखे जाने तक मृतक के परिजन ने स्थानीय पुलिस को सूचना नहीं दी थी और शव घर पर ही रखा हुआ है। इस दुखद घटना से पूरे गांव में शोक की लहर है।

## छः दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम का भाजपा नेता ने किया शुभारंभ

**स्वतंत्र भारत मऊ।** भारत सरकार, कार्यालय विकास आयुक्त हस्तशिल्प वाराणसी के तत्वाधान में बुधवार को कस्बे के ग्रामीण बैंक के पास स्थित मैरेज हॉल में छः दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें इस योजना के तहत कुल 20 लाभार्थियों को सरकार द्वारा बैंक संबंधित विभिन्न योजनाओं, हस्तशिल्पियों के कल्याणार्थ चलाई जा रही योजनाओं का विवरण, सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं के प्रति लाभार्थियों को जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छोटू प्रसाद प्रांतीय परिषद सदस्य भाजपा उत्तर प्रदेश ने कार्यक्रम के पूर्व दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र में प्रदेश सरकार द्वारा देश की जनता के हित के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाएं संचालित कर रही है।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्यों के लिए "खुली" निविदा वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/सा०, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती है। **निविदा सं.: वमंविइ-लजं-19-2025; कार्य का विवरण:** ऐशबाग में - ऐशबाग कोचिंग डिपो में नए मैकेनाइज्ड लांड्री फेज-II का निर्माण। **अनुमानित लागत:** ₹1,34,43,627.69; **बयाना राशि:** ₹2,17,200/-; **निविदा मूल्य:** ₹ 0.00; **कार्य सम्पादन की अवधि:** 06 माह; **निविदा सं.: वमंविइ-लजं-20-2025; कार्य का विवरण:** एलजेएन मंडल पर दूरसंचार उपकरणों की सुरक्षा के लिए आइसोलेशन ट्रांसफार्मर और अन्य उपकरणों का प्रावधान, एलजेएन यार्ड में इलेक्ट्रिक लोको ट्रिप शेड के विस्तार के लिए विद्युत कार्य और लखनऊ मंडल के तुलसीपुर और बढ़नी में पंप हाउस के साथ गहरे ट्यूबवेल का प्रावधान। **अनुमानित लागत:** ₹56,23,345.82; **बयाना राशि:** ₹1,12,500/-; **निविदा मूल्य:** ₹ 0.00; **कार्य सम्पादन की अवधि:** 06 माह; **निविदा सं.: वमंविइ-लजं-22-2025; कार्य का विवरण:** बीयूडब्ल्यू और एसटीपी अनुभाग के बीच 18 रिले हट्स के प्रावधान के संबंध में विद्युत कार्य। **अनुमानित लागत:** ₹59,79,266.61; **बयाना राशि:** ₹1,19,600/-; **निविदा मूल्य:** ₹ 0.00; **कार्य सम्पादन की अवधि:** 06 माह; **उक्त निविदा बन्द होने की अंतिम तिथि व समय:** 24.07.2025 को 15:00 बजे। **नोट: 1.** इस निविदा के विरूद्ध मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल ऑफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु, कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** को देखें।

**वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/सामान्य**
**मुजाधि/विद्युत-76** लखनऊ

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें



**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना**

**खुली ई-निविदा सूचना संख्या: SRDEE-TRD-IZN-2025-26-T10 Date - 30.06.2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली" ई-निविदा आमंत्रित करते है।

कार्य का नाम : मैकेनिकल वर्कशॉप इज्जतनगर में वैगन पॉकेट यार्ड और शंटिंग लाइनों के विद्युतीकरण से सम्बंधित कार्य। टेंडर रिफरेंश नं. SRDEE-TRD-IZN-2025-26-T10, कार्य का अनुमानित लागत रूपया में: 2,29,60,966.31, अमानत राशि/बिड सिक्यूरिटी: 2,64,800.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपया में : 00, निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 24.07.2025, 11:00, कार्य पुरा करने की अवधि : 9 Months ● खुली ई-निविदा दिनांक 24.07.2025 को 11:00 बजे तक जमा कर सकेंगे। ● पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

**वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी/**
**मुजाधि/विद्युत-73** इज्जतनगर

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।



**पूर्वोत्तर रेलवे**

**सार्वजनिक अधिसूचना**

(25000 वोल्ट शिरोपरि कर्षण तारों के उर्जित किये जाने के सम्बन्ध में।)

रेलवे लाइनों और परिसरों के सभी उपभोक्ताओं को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि पूर्वोत्तर रेलवे के निम्नलिखित खण्ड पर 25000 वोल्ट, 50 हर्टज ए.सी. शिरोपरि कर्षण तारों के सामने विनिर्दिष्ट तारीख को या बाद में उत्तरोत्तर रूप से उर्जित किया जायेगा। उस तारीख पर और बाद की तारीख से शिरोपरि कर्षण लाइन को सभी समय लगातार विद्युतमय माना जायेगा और कोई अनाधिकृत व्यक्ति उस शिरोपरि लाइन की सामीप्यता अथवा में दाखिल होने या काम करने नहीं जायेगा।, **क्रम सं. 1.- खण्ड का नाम :** टनकपुरयार्ड (Excl)- लाइन नं0 16 एवं 17 (Incl), **ऊर्जा प्रवाह की तारीख :** 04.07.2025

**वमंविइं/टीआरडी**
**मुजाधि/विद्युत-72** इज्जतनगर

"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"



**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना सं० 33/2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है। **क्र.सं. 1.** कार्य का विवरण : 1. इज्जतनगर डिवीजन के अन्तर्गत ऑटो कोरिनेटर्स के लिए ए.एम.सी. एवं सोडियम हाइपोक्लोराइड की आपूर्ति (इज्जतनगर, बरेली सिटी, बदायूँ, कासगंज, मथुरा, पीलीभीत, काठगोदाम, फतेहगढ़ एवं कन्नौज में 3 वर्षों के लिए कुल 43 पम्पिंग स्टेशन)। अनुमानित लागत रूपयों में : रू. 1,07,02,553.20, बयाना राशि रूपयों में : रू. 2,03,500/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य : शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 36 माह। **1.** ई-निविदा दिनांक 24.07.2025 को 15.00 बजे तक आन लाइन जमा कर सकेंगे। **2.** ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेब साईट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

**मंडल रेल प्रबंधक (इंजी),**
**मुजाधि/डब्लू - 144** इज्जतनगर

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्र न करें।



**कार्यालय उप परियोजना प्रबन्धक**
**उ0 प्र0 राज्य सेतु निगम लिमिटेड**
**सेतु निर्माण इकाई-अयोध्या**

पत्रांक :- 421/ई-निविदा/2025-26 दिनांक :-02.07.2025

**निविदा सूचना (ई-टेण्डरिंग)**

इकाई के अन्तर्गत निर्माणाधीन सेतु पर निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग पोर्टल https://etender.up.nic.in/nicgep/app पर आमन्त्रित की जाती हैं, जिनका विवरण निम्नवत है -

| क्रमांक | कार्य का नाम |
|---|---|
| 01 | Construction Of 2 Lane Rail Over Bridge at Crossing No 123A at Near Devipatan Mandir At Tulsipur Gonda-Tulsipur Rail Section In District Balrampur on EPC Mode. |

उक्त निविदाएं दिनांक 03.07.2025 को 10.00 बजे से वेब पोर्टल पर उपलब्ध हैं।

**उप परियोजना प्रबन्धक**



**पूर्वोत्तर रेलवे**

**कार्यालय सहायक मण्डल इन्जीनियर/मैलानी नीलामी सूचना सं. 03/2025**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शाये गये स्थल पर स्थित रेलवे की दुकानो का सहायक मण्डल इन्जीनियर/मैलानी के कार्यालय में नीचे दर्शाये गये दिनांक व समय पर सहायक मण्डल इन्जीनियर/मैलानी व लेखा निरीक्षक की उपस्थिति में नीलामी सम्पन्न की जायेगी। दुकानों के स्थल प्लान को सहायक मण्डल इन्जीनियर/मैलानी के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है। **स्थल:- कमई/11/लज महोदय क्षेत्र के अधीन सी0से0इ0/कार्य/मैलानी के अन्तर्गत मैलानी स्टेशन पर स्थित रेलवे की 06 अदद् दुकानों की नीलामी**

| क्र.सं. | दुकान सं0 | एरिया |
|---|---|---|
| 01 | 02 | 221.00 (Sq.ft.) |
| 02 | 03 | 170.00 (Sq.ft.) |
| 03 | 04 | 170.00 (Sq.ft.) |
| 04 | 16 | 270.00 (Sq.ft.) |
| 05 | 20 | 120.00 (Sq.ft.) |
| 06 | 29 | 120.00 (Sq.ft.) |

**नीलामी की तिथि:-** 18.07.2025, **धरोहर राशि (रुपये में):-** 50,000/- बैंक ड्राफ्ट द्वारा एवं प्रवेश शुल्क रु0 1000/- नकद जो वापस नहीं होगा।, **धरोहर राशि जमा करने की तिथि एवं समय:-** 17.07.2025 तक (10:00 बजे से 18:00 बजे तक), **नीलामी प्रारम्भ होने की तिथि एवं समय:-** 18.07.2025 12:00 बजे से, **दुकान संचालन की अवधि:-** 05 वर्ष, **नियम एवं प्रतिबन्ध:-** नीलामी की शर्तें एवं नियम वेबसाइड के **www.ner.indianrailways.gov.in** तथा **Govt. of India Website www.tenders.gov.in** पर उपलब्ध है।

**सहायक मण्डल इन्जीनियर**
**मुजाधि/डब्लू-147** मैलानी

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें



**स्वतंत्र भारत वर्गीकृत**

**सूचना**

मेरा नाम आनन्द कुमार अग्रवाल है जो कि त्रुटिवश कुछ मूल कागजों में आनन्द कुमार लिख गया है। भविष्य में मुझे आनन्द कुमार अग्रवाल के नाम से जाना पहचाना जाए। आनन्द कुमार अग्रवाल पुत्र स्व. काशीराम पता-500/ 227 'ख' कुतुबपुर डालीगंज, लखनऊ।
सी.आर.-678/L-33

**सूचना**

मैंने अपना नाम INDERJEET KAUR से बदलकर HARJINDER KAUR रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। HARJINDER KAUR 567/215A, ANAND NAGAR BARHA ROAD ALAMBAGH DIST-LUCKNOW (U.P)
सी.आर.-677/L-25

**सूचना**

मैंने अपना नाम HARJEET SINGH से बदलकर HARJEET SINGH SOKHI रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। HARJEET SINGH SOKHI 567/215A, ANAND NAGAR BARHA ROAD ALAMBAGH DIST-LUCKNOW (U.P)
सी.आर.-677/L-25



**कार्यालय नगरपालिका परिषद गौरा बरहज, जनपद-देवरिया**

पत्रांक- 3025/2025 न0पा0परि0 (2025-26) दिनांक 01.07.2025

**अल्पकालिक ई-निविदा सूचना**

इससे सम्बन्धित सभी फर्मो/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि राज्य वित्त आयोग/बोर्ड फण्ड से नगर पालिका परिषद गौरा बरहज सीमान्तर्गत सी0सी0 रोड नाली रिपेयर व स्लैब निर्माण कार्य प्रस्तावित है। इच्छुक व्यक्ति/फर्म/ठेकेदार राज्य वित्त आयोग/बोर्ड फण्ड के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से नगर पालिका परिषद गौरा बरहज सीमान्तर्गत कराये जाने वाले निर्माण कार्यो हेतु टेक्निकल एवं फाईनेन्शियल निम्नलिखित विवरण के अनुसार वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर आनलाईन के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा को वेबसाईट www.etender.up.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है। ई- निविदाओं के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी कार्यालय नगर पालिका परिषद गौरा बरहज से कार्यालय समय एवं दिवस में जा सकती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | वेबसाईट पर ई-निविदा प्रकाशन की तिथि व समय | 02.07.2025 04.00 PM |
| 2. | ई-निविदा डाउनलोड की प्रारम्भ तिथि/समय | 02.07.2025 05.00 PM |
| 3. | ई-निविदा अपलोड की प्रारम्भ की तिथि/समय | 02.07.2025 05.00 PM |
| 4. | ई-निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | 11.07.2025 03.00 PM |
| 5. | ई-निविदा खोली जाने की तिथि/समय | 14.07.2025 10.00 AM |

(निरूपमा प्रताप)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, गौरा बरहज
देवरिया

(श्वेता जायसवाल)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, गौरा बरहज
देवरिया



**रेलयात्री कृपया ध्यान दें!**

**वन्दे भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ी का मार्ग विस्तार**

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन के लिए रेलवे द्वारा चलाई जा रही निम्नलिखित वन्दे भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ी सं. 22490/22489 मेरठ सिटी-लखनऊ-मेरठ सिटी का मार्ग विस्तार **वाराणसी** तक करने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण एवं समय-सारणी निम्नानुसार है:-

**22490/22489 मेरठ सिटी-लखनऊ-मेरठ सिटी वन्दे भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ी का वाराणसी तक विस्तार**

| रेलगाड़ी सं. 22490 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 22489 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 06:35 | मेरठ सिटी | 21:05 | ---- |
| 08:35 | 08:40 | मुरादाबाद | 18:50 | 18:55 |
| 10:04 | 10:06 | बरेली | 17:13 | 17:15 |
| 13:45 | 13:55 | लखनऊ जं. | 13:40 | 13:50 |
| 15:53 | 15:55 | अयोध्या धाम जं. | 11:40 | 11:42 |
| 18:25 | --- | वाराणसी जं. | --- | 09:10 |

चलने के दिन: 22490 मेरठ सिटी से और 22489 वाराणसी जं. से दिनांक 27.08.2025 से

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

पर हमें फॉलो करें

**उत्तर रेलवे**
आपकी सुविधा-हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
1999/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।



**स्वतंत्र भारत**

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**
स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***
फोन : 0522-4043151
swatantrabharat77@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।
**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।**

आरएनआई रजि. नं 2012/57 डाक पंजीयन सं. एस.एस.पी./एल.डब्ल्यू./एन.पी./313/2012-14

लखनऊ, बृहस्पतिवार, 3 जुलाई, 2025


## पहलगाम के दोषियों को तत्काल सजा मिले : क्वाड

**वाशिंगटन।** क्वाड देशों की वाशिंगटन में हुई बैठक में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में इस साल 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले पर गंभीर चिंता जताई गई। क्वाड ने हमले की कड़े शब्दों में निंदा की

### हमले की कड़ी निंदा की

और इसके लिए जिम्मेदार लोगों, योजनाकारों और वित्तीय समर्थकों को तुरंत न्याय के कटघरे में लाने की मांग की।

बैठक में क्वाड (ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और संयुक्त राज्य अमेरिका) देशों ने सीमापार आतंकवाद की कठोर आलोचना की। इसके साथ ही, आतंकवाद के खिलाफ मजबूत कार्रवाई, क्षेत्रीय सुरक्षा को बढ़ावा, आर्थिक सहयोग और आपदा प्रबंधन के लिए नए कदमों की घोषणा की गई। क्वाड ने स्पष्ट किया कि वह आतंकवाद और हिंसक उग्रवाद के सभी रूपों, खासकर सीमापार आतंकवाद की कड़े शब्दों में निंदा करता है और आतंकवाद के खिलाफ सहयोग को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। क्वाड देशों ने कहा कि हम जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की। इस हमले में 25 भारतीय नागरिक और एक नेपाली नागरिक की जान गई। इसके साथ ही कई लोग भी घायल हुए। देशों ने कहा कि हम पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना भी करते हैं। क्वाड ने अपने बयान में जोर देकर कहा, हम इस जघन्य कृत्य के दोषियों, योजनाकारों और वित्तपोषकों को तत्काल न्याय के दायरे में लाने की मांग करते हैं। हम सभी संयुक्त राष्ट्र सदस्य देशों से अपील करते हैं कि वे अंतरराष्ट्रीय कानूनों और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रासंगिक प्रस्तावों के तहत सभी संबंधित अधिकारियों के साथ सक्रिय सहयोग करें।



## निर्वासन की धमकी के बाद बदले एलन मस्क के सुर

**वॉशिंगटन।** बिग ब्यूटीफुल बिल को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और अरबपति एलन मस्क के बीच विवाद में नया मोड़ आया है। ट्रंप की निर्वासन की धमकी के बाद मस्क के सुर बदल गए हैं।



### कहा- ट्रंप ने वैश्विक संघर्ष को अच्छे से हल किया

मस्क ने ट्रंप की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने वैश्विक संघर्षों को बेहतर तरीके से हल किया है। एलन मस्क ने ट्रंप की निर्वासन वाली धमकी का भी जवाब दिया।

एलन मस्क के बिग ब्यूटीफुल बिल की आलोचना करने पर ट्रंप ने कहा था कि वह मस्क को निर्वासित करने पर विचार कर सकते हैं। उनका प्रशासन टेस्ला प्रमुख की एजेंसी डॉज या सरकारी दक्षता विभाग को उनके खिलाफ ही इस्तेमाल कर सकता है। उन्होंने कहा कि हमें एलन पर डॉज लगाना पड़ सकता है। आप जानते हैं कि डॉज क्या है? डॉज वह राक्षस है, जो वापस जाकर एलन को ही खा सकता है।

निर्वासन की धमकी के बाद एलन मस्क ने एक्स पर ट्रंप के ट्रुथ सोशल पोस्ट को साझा करते हुए लिखा कि इस्राइल ने गाजा में 60 दिनों के युद्ध विराम पर सहमति व्यक्त की है। उन्होंने वैश्विक संघर्षों को हल करने के लिए ट्रंप को श्रेय दिया। उन्होंने लिखा कि जहां श्रेय देना चाहिए, वहां श्रेय दिया जाना चाहिए। इससे पहले निर्वासन की धमकी का जवाब देते हुए मस्क ने कहा था कि इस मामले को आगे बढ़ाना बहुत लुभावना है। बहुत ही ज्यादा दिलचस्प है। हालांकि, मैं अभी इससे दूर रहूंगा।

## एक बार फिर फिसली ट्रंप की जुबान

### पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन के लिए कहे आपत्तिजनक शब्द

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की जुबान एक बार फिर फिसल गई। ट्रंप ने अपने प्रतिद्वंदी और पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन के लिए आपत्तिजनक शब्द कहे। फ्लोरिडा एवरग्लेड्स में बने नए प्रवासी हिरासत केंद्र के दौरे पर ट्रंप ने कहा कि जो बाइडन उनको यहां रखना चाहते थे। उन्होंने धीमी आवाज में कुछ अपशब्द भी बोले। यह सुनकर ट्रंप के साथ दौरे पर गए अधिकारी हंसने लगे। दरअसल, ट्रंप मंगलवार दोपहर को कैबिनेट सहयोगी होमलैंड सुरक्षा सचिव क्रिस्टी नोएम, फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसेंटिस के साथ फ्लोरिडा एवरग्लेड्स में बने नए प्रवासी हिरासत केंद्र एलीगेटर अल्काट्राज का दौरा करने गए थे। इस दौरान जब पत्रकारों ने उनसे निरीक्षण को लेकर सवाल पूछे तो ट्रंप बोले कि अरे बाइडन मुझे यहां रखना चाहते थे। जबकि मैंने ऐसा कोई काम नहीं किया। वे चाहते थे कि मैं यहां रहूं। इसके बाद उन्होंने धीमी आवाज में अपशब्द बोले, जिस पर नोएम और रॉन की हंसी छूट गई।

## जयशंकर ने समकक्ष रुबियो और रक्षा मंत्री हेगसेथ से की द्विपक्षीय मुद्दों पर बात

**वॉशिंगटन।** अमेरिका दौरे पर गए विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने अमेरिकी समकक्ष मार्को रुबियो से मुलाकात की। दोनों के बीच अहम द्विपक्षीय मुद्दों पर विस्तार से बातें हुईं। रुबियो से पहले जयशंकर ने वाशिंगटन डीसी में रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ से भी मुलाकात की। अमेरिकी रक्षा मंत्री से मुलाकात के बाद जयशंकर ने खुद एक्स हैंडल पर तस्वीरें साझा कीं। सोशल मीडिया पर तस्वीरें साझा कर जयशंकर ने कहा कि हेगसेथ के साथ बहुत अच्छी मुलाकात हुई। उनके साथ भारत-अमेरिका रक्षा साझेदारी को आगे बढ़ाने, हितों, क्षमताओं और जिम्मेदारियों के बढ़ते झुकाव जैसे मुद्दों पर उपयोगी बातचीत हुई। वाशिंगटन डीसी में विदेश मंत्री जयशंकर ने अमेरिकी ऊर्जा विभाग के सचिव क्रिस राइट के साथ भी बातचीत की। दोनों के बीच भारत में चल रहे ऊर्जा परिवर्तन के बारे में बात हुई। जयशंकर ने बताया कि भारत-अमेरिका ऊर्जा साझेदारी को और मजबूत बनाने के अवसरों के बारे में बात की। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेनी वोंग के साथ भी द्विपक्षीय बैठक की।

## ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में नहीं जाएंगे जिनपिंग

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ब्राजील में होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने एक प्रेस कॉफ्रेंस में इस बात की पुष्टि कर दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति जिनपिंग की जगह प्रधानमंत्री ली च्यांग ब्रिक्स शिखर सम्मेलम में चीन का प्रतिनिधित्व करेंगे। हालांकि माओ निंग ने यह नहीं बताया कि जिनपिंग ने इस कार्यक्रम में न शामिल होने का निर्णय क्यों लिया। अब जबकि जिनपिंग के ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में न जाने की पुष्टि हो गई है तो पिछले एक दशक में यह पहली बार होगा जब वे ब्रिक्स के सम्मेलन में शामिल नहीं होंगे।

## इजरायल 60 दिन के सीजफायर पर सहमत : ट्रंप

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पश्चिम एशिया में जारी हिंसक संघर्ष को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने अपने

### हमास बोला युद्ध पूरी तरह खत्म हो

सोशल मीडिया हैंडल- ट्रुथ सोशल पर संघर्षविराम होने की संभावनाओं के संकेत दिए। ट्रंप ने कहा है कि इस्राइल 60 दिनों का युद्धविराम करने पर सहमत हो गया है। उन्होंने लिखा, मेरे प्रतिनिधियों ने गाजा पर इजरायल के लोगों के साथ लंबी और सकारात्मक नतीजे देने वाली बैठक की। उन्होंने कहा कि बैठक के दौरान इजरायल ने 60 दिन के युद्ध विराम को अंतिम रूप देने के लिए आवश्यक शर्तों पर सहमति व्यक्त की है।



ट्रंप ने हमास को चेतावनी देने के अंदाज में कहा, मुझे उम्मीद है कि मध्य पूर्व की भलाई के लिए हमास इस समझौते को स्वीकार करेगा, क्योंकि इससे बेहतर स्थिति नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि सीजफायर के लिए राजी न होने पर हालात और खराब ही होंगे।

हमास ने बुधवार को संकेत दिया कि वह इजरायल के साथ युद्धविराम के लिए तैयार है, लेकिन उसने अमेरिकी समर्थित उस प्रस्ताव को सीधे तौर पर स्वीकार नहीं किया है, जिसका ट्रंप ने कुछ घंटे पहले ही एलान किया था। हमास ने फिर से अपना पुराना रुख दोहराया और कहा कि वह ऐसा कोई समझौता तभी मानेगा, जब उससे गाजा में चल रहा युद्ध पूरी तरह खत्म हो।

## पलटवार : ईरान नहीं करेगा आईएईए का सहयोग

**तेहरान।** इजरायल-अमेरिका टकराव के बाद ईरान ने बड़ा फैसला करते हुए अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) से संबंध तोड़ दिए हैं।

### इजरायल-अमेरिका से टकराव के बाद तोड़े संबंध

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने एक आदेश में कहा है कि ईरान अब अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी का सहयोग नहीं करेगा। यह आदेश ईरान की संसद द्वारा पारित कानून के तहत पारित किया गया है। आदेश को सांविधानिक निगरानी संस्था की मंजूरी भी मिल गई है। हाल ही में अमेरिका और इजरायल ने ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमला किया था। इन हमलों का मकसद ईरान के परमाणु कार्यक्रम को बड़ा झटका देना था। हालांकि, अमेरिकी रक्षा एजेंसियों की शुरुआती रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान का मेटल कन्वर्जन प्लांट जरूर तबाह हुआ है, लेकिन बाकी ढांचे को पूरी तरह खत्म नहीं किया जा सका। इन हमलों के बाद ईरान ने आईएईए पर आरोप लगाए थे। ईरान ने कहा था कि उसके परमाणु स्थलों पर हमले अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करते हैं। यह कार्रवाई दुर्भाग्य से अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) की उदासीनता और मिलीभगत के तहत हुई। अमेरिकी दुश्मन ने हमलों की जिम्मेदारी ली है, जो सुरक्षा समझौते और एनपीटी के अनुसार निरंतर आईएईए निगरानी के अधीन हैं। यह उम्मीद की जाती है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय जंगलराज जैसी इस अराजकता की निंदा करेगा और ईरान को उसके वैध अधिकारों का दावा करने में समर्थन देगा। इससे पहले इंटरनेशनल एटॉमिक एनर्जी एजेंसी (आईएईए) के प्रमुख राफेल ग्रॉसी ने कहा कि अमेरिका और उसके सहयोगियों द्वारा ईरान पर किए गए हमलों के बावजूद, तेहरान का परमाणु कार्यक्रम पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। ग्रॉसी का कहना है कि ईरान महज कुछ महीनों में फिर से यूरेनियम संवर्धन शुरू कर सकता है।



## स्वेज की खाड़ी में पलटा ऑयल ड्रिलिंग जहाज, चार मरे

**काहिरा।** स्वेज की खाड़ी में एक ऑयल ड्रिलिंग करने वाला जहाज पलट गया,जिससे चार लोगों की मौत हो गई है। इसके अलावा, चार अन्य लोग लापता हैं, जिन्हें खोजा जा रहा है। मिस्र ने इस बारे में जानकारी दी है। मिस्र के अधिकारियों ने बताया कि ये घटना मंगलवार को तब हुई जब जहाज को दूसरे क्षेत्र में ड्रिलिंग के लिए ले जाया जा रहा था। पेट्रोलियम मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यह दुर्घटना गैबेल एल-जैत नामक क्षेत्र में हुई। जो स्वेज नहर से लगभग 300 किलोमीटर दक्षिण में एक प्रमुख मिस्र का तेल उत्पादन स्थल है।

## शेख हसीना को छह महीने जेल की सजा

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को अदालत की अवमानना के आरोप में दोषी ठहराया गया है और छह महीने जेल की सजा

### अदालत की अवमानना की दोषी

सुनाई गई है। अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने सजा का एलान किया है। बुधवार को तीन सदस्यों वाली पीठ ने यह फैसला सुनाया। बांग्लादेशी मीडिया के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण की पीठ की अध्यक्षता जस्टिस मोहम्मद गुलाम मुर्तजा मजूमदार ने की। यह पहली बार है जब किसी मामले में शेख हसीना को जेल की सजा सुनाई गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बीते साल शेख हसीना की एक ऑडियो क्लिप लीक हुई थी। यह ऑडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हुई और उसके बाद बांग्लादेशी मीडिया ने भी इसे प्रसारित किया था। इस ऑडियो क्लिप में कथित तौर पर शेख हसीना गोबिंदगंज उपजिला चेयरमैन शकील बुलबुल से बात कर रहीं थी, जिसमें उन्होंने कहा कि मेरे खिलाफ 227 मामले दर्ज हुए हैं, इसलिए मुझे 227 लोगों को मारने का लाइसेंस मिल गया है। अदालत की अवमानना के मामले में अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण शकील बुलबुल को भी दो महीने जेल की सजा सुना चुका है।



## यूएस ने यूक्रेन को रोकी हथियारों की सप्लाई

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने यूक्रेन को भेजे जाने वाले कई हथियारों की सप्लाई रोक दी है। दरअसल पेंटागन ने अपने हथियारों को

### पूर्व की बाइडन सरकार ने किया था वादा

स्टॉक की समीक्षा की और समीक्षा में पाया कि खुद उनके हथियारों का स्टॉक बेहद कम है। ऐसे में अमेरिकी सरकार ने कई अहम हथियारों की यूक्रेन को सप्लाई रोक दी है। हथियारों की सप्लाई ऐसे समय रोकी गई है, जब रूस ने यूक्रेन पर हमले बढ़ा दिए हैं। पूर्व की बाइडन सरकार ने कई हथियारों की सप्लाई यूक्रेन को करने का वादा किया था, लेकिन अब ट्रंप प्रशासन उस वादे से मुकर गया है। अमेरिका के इस कदम से पता चलता है कि शायद यूक्रेन युद्ध उसकी प्राथमिकताओं में अब नहीं रह गया है। पेंटागन ने अपनी समीक्षा में पाया कि उसके कई हथियारों का स्टॉक तय मानकों से काफी कम है। यही वजह रही कि अमेरिका ने यूक्रेन की सप्लाई रोकने का फैसला किया। हालांकि पेंटागन ने यह जानकारी नहीं दी कि किस तरह के हथियारों की सप्लाई रोकी गई है।

## एक नज़र

### मृत्यु के बाद चुना जाएगा दलाई लामा का उत्तराधिकारी

**धर्मशाला।** तिब्बती बौद्ध धर्म के सर्वोच्च आध्यात्मिक नेता 14वें दलाई लामा तेनजिन ग्यात्सो ने अपने उत्तराधिकारी के चयन को लेकर स्पष्ट किया है कि उनकी मृत्यु के बाद उनके उत्तराधिकारी का चयन तिब्बती बौद्ध परंपराओं के अनुसार होगा और इस प्रक्रिया में चीन की कोई भूमिका नहीं होगी। दलाई लामा ने अपने उत्तराधिकारी के चयन की जिम्मेदारी गादेन फोडरंग ट्रस्ट को सौंपी है। इसके साथ ही दलाई लामा ने स्पष्ट कर दिया है कि उनकी संस्था यानी दलाई लामा का संस्थान भविष्य में भी जारी रहेगा। यह बात उन्होंने एक आधिकारिक बयान में कही। उन्होंने 2011 में किए गए वादे की भी याद दिलाई। दलाई लामा ने बताया कि 24 सितंबर 2011 को तिब्बती बौद्ध परंपराओं के प्रमुखों की बैठक में उन्होंने यह मुद्दा उठाया था कि आने वाले समय में यह विचार किया जाए कि क्या दलाई लामा की परंपरा को आगे भी जारी रखा जाना चाहिए। उस वक्त उन्होंने कहा था कि जब मैं लगभग 90 वर्ष का हो जाऊंगा, तब मैं तिब्बती बौद्ध परंपराओं के उच्च लामा, तिब्बती जनता, और अन्य संबंधित लोगों से विचार-विमर्श करूंगा कि यह संस्था जारी रहनी चाहिए या नहीं।

### मॉरीशस के पीएम से मिले विदेश सचिव मिस्री

**पोर्ट लुई।** भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम से मुलाकात की। दोनों पक्षों ने नई सरकार की प्राथमिकताओं के अनुरूप रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई। मिस्री मॉरीशस की आधिकारिक यात्रा पर हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के विजन महासागर को क्षेत्रीय सहयोग के लिए एक रोडमैप के रूप में भी चर्चा की। भारतीय उच्चायोग ने एक पोस्ट में कहा, दोनों नेताओं ने भारत-मॉरीशस के गहरे और विशेष संबंधों की पुष्टि की और विकास साझेदारी बढ़ाने व रामगुलाम की आगामी भारत यात्रा की तैयारियों पर विचार किया। इस दौरान विदेश सचिव ने प्रधानमंत्री मोदी की ओर से मॉरीशस के प्रधानमंत्री रामगुलाम को भारत आने का न्योता दोबारा दिया। मिस्री ने मॉरीशस के विदेश मंत्री धनंजय रामफुल से भी बातचीत की, जिसमें संयुक्त रणनीतिक साझेदारी और अन्य साझा हितों के क्षेत्रों पर चर्चा हुई।

### अमेरिका के इस्कॉन मंदिर में गोलीबारी

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के यूटा राज्य के स्पैनिश फोर्क में स्थित प्रसिद्ध इस्कॉन मंदिर पर गोलीबारी की घटना ने पूरी दुनिया में सनातन धर्म मानने वालों को झकझोर दिया है। यह मंदिर अपने भव्य होली उत्सव के लिए पूरी दुनिया में प्रसिद्ध है। बीते कुछ दिनों में मंदिर पर 20 से 30 गोलियां चलाई गईं, जिससे मंदिर और आसपास की संपत्ति को काफी नुकसान पहुंचा है। इस हमले को लेकर भारत सरकार ने भी चिंता जताई है।इस्कॉन संस्था ने बताया कि यह घटना रात के समय हुई, जब मंदिर में श्रद्धालु और अतिथि मौजूद थे। हमलावरों ने मंदिर की खूबसूरती पर भी हमला किया। हाथ से नक्काशी किए गए मंदिर के मेहराबों समेत कई हिस्सों को गंभीर नुकसान पहुंचा है। अनुमान है कि हमले में हजारों डॉलर की संपत्ति का नुकसान हुआ है। इस्कॉन संस्था ने इस हमले को घृणा अपराध करार दिया है। संगठन का कहना है कि मंदिर पर इस तरह हमला किसी धार्मिक भावना को आहत करने के मकसद से किया गया है। इस्कॉन ने कहा कि ऐसे हमले धार्मिक सहिष्णुता और आपसी भाईचारे के खिलाफ हैं।

### अचानक 26 हजार फीट नीचे आ गया जापान का विमान

**टोक्यो।** जापान में बड़ा विमान हादसा होते-होते बच गया। चीन के शंघाई से टोक्यो जा रहा जापान एयरलाइंस का विमान बोइंग 737 अचानक 26 हजार फीट नीचे आ गया। विमान को अचानक ऊंचाई खोते देख यात्री घबरा गए। उन्होंने मास्क लगा लिए। इस दौरान कुछ यात्रियों ने तो अपनी वसीयत भी लिखना शुरू कर दिया। 30 जून को जापान एयरलाइंस के विमान ने चीन के शंघाई पुडोंग एयरपोर्ट से टोक्यो के नारिता एयरपोर्ट के लिए उड़ान भरी थी। जापान एयरलाइंस और स्प्रिंग जापान एयरलाइन की एक सहायक कंपनी के बीच कोडशेयर समझौते वाले इस विमान में 191 यात्री सवार थे। विमान 36 हजार फीट की ऊंचाई पर था। इस बीच विमान में अचानक तकनीकी खराबी आ गई और यह 10 मिनट के अंदर 26 हजार फीट नीचे गिरकर 10500 फीट पर आ गया। विमान को नीचे आता देख यात्री घबरा गए। हादसे के डर में यात्रियों ने मास्क लगा लिए। एक यात्री ने बताया कि मैंने एक धीमी आवाज सुनी और कुछ ही सेकेंड में ऑक्सीजन मास्क गिर गया। इस बीच एक एयर होस्टेस आई और मास्क लगाने के लिए कहने लगी। उसने कहा कि विमान में कुछ खराबी आ गई है। इस बीच कुछ यात्री विमान में सो रहे थे। जबकि कुछ यात्रियों ने अपनी वसीयत लिखनी शुरू कर दी। कुछ यात्रियों ने अपने परिजनों को पिन और बीमा की जानकारी भेजनी शुरू कर दी। एक यात्री ने कहा कि जब मैं अपनी वसीयत, बीमा और बैंक कार्ड के पिन लिख रहा था तो मेरी आंखों में आंसू आ गए। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

### नेपाल : एक महीने में बारिश से जुड़ी आपदाओं में 31 की मौत

**काठमांडू।** नेपाल में 28 मई से मानसून की शुरुआत हुई। जिसके बाद से एक महीने में बारिश से जुड़ी आपदाओं में कम से कम 31 लोगों की मौत हो गई और 151 लोग घायल हो गए। राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन प्राधिकरण के प्रवक्ता ने बताया कि 28 मई से 30 जून के बीच नेपाल में बारिश से जुड़ी 682 घटनाएं हुई हैं। इनमें बाढ़, भूस्खलन, बिजली गिरना और आंधी-तूफान जैसी आपदाएं शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इन प्राकृतिक आपदाओं में कम से कम 31 लोगों की मौत हुई है और 151 लोग घायल हो गए हैं। इसके अलावा, घटनाओं में एक व्यक्ति लापता भी हुआ है।

### मोनोजीत पर एक और छात्रा ने लगाया छेड़छाड़ का आरोप

**कोलकाता।** कलकत्ता लॉ कॉलेज में एक महिला के साथ सामूहिक बलात्कार की घटना के कुछ ही दिनों बाद पश्चिम बंगाल में मुख्य आरोपी मोनोजीत मिश्रा के खिलाफ नए आरोप सामने आए हैं। एक अन्य छात्रा ने दावा किया है कि उसने दो साल पहले उसके साथ छेड़छाड़ की थी और उसे धमकाया था। एक निजी मीडिया से बात करते हुए महिला ने अक्टूबर 2023 में अपने साथ हुई भयावह घटना के बारे में बताया, जब वह कॉलेज के अन्य छात्रों के साथ एक सभा में शामिल हुई थी, जहां मोनोजीत भी मौजूद था। इस वक्त मोनोजीत मिश्रा अपने दो साथियों जैब अहमद और प्रमित मुखर्जी के साथ दक्षिण कलकत्ता लॉ कॉलेज की प्रथम वर्ष की छात्रा के साथ कथित सामूहिक बलात्कार के आरोप में पुलिस हिरासत में है।

## ‘कुमकुम भाग्य’ में रूपम शर्मा की धमाकेदार एंट्री

सभी का चहेता शो ‘कुमकुम भाग्य’ में पॉपुलर टीवी एक्ट्रेस रूपम शर्मा ‘कुमकुम भाग्य’ में सोनालिका की भूमिका में एंट्री कर रही हैं - जो शिवांश की पूर्व मंगेतर रही हैं और अब भी उनकी शादी से पूरी तरह अनजान हैं। वो एक पारिवारिक पूजा के मौके पर लौटती हैं, दिल में पुराने रिश्ते की गर्मजोशी की उम्मीद लेकर, लेकिन सामने आती है एक सच्चाई... जो उनकी दुनिया को हिला देती है। इस कहानी में ड्रामा और भी गहराता है क्योंकि रूपम एक ऐसे ग्रे किरदार में नज़र आएंगी, जिसकी मौजूदगी सिर्फ़पुराने ज़ख्म नहीं कुरेदेगी, बल्कि शिवांश और प्रार्थना के नाजुक रिश्ते में हलचल भी मचाएगी। अधूरी भावनाओं के साथ लौट रही सोनालिका अब इस रिश्ते की पूरी तस्वीर ही बदलने वाली है, और जो ट्विस्ट आएंगे - वो दर्शकों को स्क्रीन से नज़रें हटाने नहीं देंगे। रूपम शर्मा कहती हैं, ‘‘ ‘कुमकुम भाग्य’ शो से जुड़ना एक बहुत खास अनुभव रहा, खासकर इसलिए क्योंकि मुझे सोनालिका जैसे किरदार को निभाने का मौका मिला है - वो कोई आम सीधी-सादी लड़की नहीं है। इस ग्रे शेड को निभाना मेरे लिए एक क्रिएटिव फ्रीडम जैसा रहा है। सोनालिका दिल की बात छुपाकर नहीं रखती - और यकीन मानिए, वो शिवांश और प्रार्थना की दुनिया में उथल-पुथल मचाने वाली है। मुझे उसका किरदार निभाकर बहुत मज़ा आ रहा है और मैं बहुत उत्साहित हूं कि जब दर्शक उसे देखेंगे, तो उनकी क्या प्रतिक्रिया होगी।’’ मालूम हो कि ‘कुमकुम भाग्य’ रोजाना रात सवा नौ बजे ज़ी टीवी पर प्रसारित है।



## प्लास्टिक बैग्स जीवन से कर दिये मुक्त!

‘इंटरनेशनल प्लास्टिक बैग फ्री डे’ पर टीवी एक्टर्स सामने आकर एक मजबूत मैसेज दे रहे हैं- सस्टेनेबिलिटी सिर्फज़रूरी ही नहीं, बल्कि स्टाइलिश भी हो सकती है।एण्डटीवी के कलाकार भी प्लास्टिक-मुक्त जीवनशैली को अपनाने के अपने खास और क्रिएटिव तरीके साझा कर रहे हैं। शुभांगी अत्रे यानि उर्फ अंगूरी भाबी ने कहा, ‘‘मैं खुद भी प्लास्टिक से दूरी बनाकर कपड़े के बैग्स इस्तेमाल करती हूं। पुराने डेनिम, साड़ियां और दुपट्टों को नया रूप देकर मैंने उन्हें स्टाइलिश कपड़े के बैग्स में बदल दिया है, जिन्हें मैं रोज़ इस्तेमाल करती हूं। मेरे हैंडबैग में हमेशा एक फोल्ड होने वाला जूट बैग रहता है-जो देखने में अच्छा भी लगता है और काम में भी तुरंत आ जाता है। जब भी मैं खुद के लिए हैंडबैग या पर्स खरीदती हूं, तो ऐसे ब्रांड्स को चुनती हूं जो रीसाइकल किए गए प्लास्टिक से बने होते हैं।’’हिमानी शिवपुरी ऊर्फकटोरी अम्मा बताती हैं, ‘‘मैंने अपनी पुरानी साड़ियों और दुपट्टों को एक दोस्त की मदद से मज़बूत और रंग-बिरंगे शॉपिंग बैग्स में बदल दिया है। ये बैग्स न सिर्फटिकाऊ हैं, बल्कि इनमें पुरानी यादों की खूबसूरती भी बसी है। मैं अपनी कार में हमेशा एक जूट बैग रखती हूं, ताकि कभी प्लास्टिक की ज़रूरत ही न पड़े। सेट पर भी मैं खुद री-यूज़ेबल बैग लेकर जाती हूं और अक्सर यंग एक्टर्स को सस्टेनेबल चॉइसेज़ अपनाने के लिए मोटिवेट करती हूं। सस्टेनेबिलिटी सिर्फज़रूरत नहीं, हमारी जड़ों से जुड़ी एक लाइफस्टाइल च्वॉइस है।‘‘



बाजार दर्पण

